CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शनिवार 14 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 181 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 25 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है उत्तर प्रदेश : योगी

पेज 2



जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सबसे बड़ा उलटफेर किया

खेल टाइम्स




नई प्रजातियों की खोज समुद्र विज्ञान की दुनिया में एक नई उपलब्धि

सम्पादकीय



बांग्लादेश में दो दशक बाद बीएनपी की बड़ी जीत

पेज 12

# भारत-बांग्लादेश संबंधों में स्थिर गति से होगा सुधार!

■ पड़ोसी नेता के साथ संबंध विकसित करने को व्यक्तिगत तौर पर प्रयास कर सकते हैं पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के राष्ट्रीय चुनावों में जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान को शुक्रवार सुबह बधाई देने वाले भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पड़ोसी नेता के साथ संबंध विकसित करने के लिए व्यक्तिगत तौर पर प्रयास कर सकते हैं।

मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार के साथ भारत की असहजता जगजाहिर रही है। संबंध तब और निचले स्तर पर पहुंच गए थे जब यह संदेह जताया गया था कि वर्तमान शासन ने बांग्लादेश में भारतीय मिशनों के बाहर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए थे, जिनमें हमले की घटनाएं भी शामिल थीं। हालांकि, विश्लेषकों को तुरंत बहुत अधिक आत्मीयता बढ़ने की उम्मीद नहीं है, बल्कि वे एक नपे-तुले और व्यवस्थित दृष्टिकोण की आशा करते हैं।

वहीं श्री रहमान द्वारा भारत के साथ संबंधों को सुधारने में बहुत तेजी दिखाने की भी संभावना कम है। बांग्लादेश की घरेलू राजनीति में भारत-विरोधी भावना लंबे समय से एक शक्तिशाली राजनीतिक हथियार रही है। भारत के साथ बहुत अधिक उत्सुकता दिखाने की किसी भी धारणा से उनके राजनीतिक विरोधियों को हथियार मिल सकता है, जो नई सरकार को राष्ट्रीय हितों के साथ समझौता करने वाली सरकार के रूप में चित्रित करने की कोशिश करेंगे। नतीजतन, दो सबसे संवेदनशील द्विपक्षीय मुद्दों, व्यापार और नदी जल बंटवारे, पर स्थिर प्रगति होने की उम्मीद है। बांग्लादेश ने लगातार बाजार तक व्यापक पहुंच और लंबे समय से लंबित जल-बंटवारा समझौतों के समाधान की मांग की है। भारत अपनी ओर से सुरक्षा सहयोग और क्षेत्रीय रणनीतिक तालमेल के बारे में चिंतित रहता है। एक प्रमुख बांग्लादेशी बुद्धिजीवी और संपादक जफर शोभन का तर्क है कि आने वाली बीएनपी सरकार के सामने विदेश नीति के पुनर्गठन के अलावा भी कई चुनौतियां हैं। वह कहते हैं कि भारत के साथ संबंध निश्चित रूप से उनमें से एक है, लेकिन यह कई बड़ी परीक्षाओं में से केवल एक है। दूसरी बड़ी चुनौती अवामी लीग के राजनीतिक भविष्य को संभालना होगा। बीएनपी ने लंबे समय से अपने प्रमुख प्रतिद्वंद्वी पर प्रतिबंधों की मांग की है।



## मोदी ने तारिक रहमान से की बात, जीत पर दी बधाई

कहा: बांग्लादेश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के उनके प्रयासों में भारत साथ

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के प्रमुख तारिक रहमान से बात कर उन्हें बांग्लादेश के संसदीय चुनावों में शानदार जीत पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के लोगों की शांति और प्रगति के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हुए श्री रहमान को बांग्लादेश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में उनके प्रयासों के लिए समर्थन और शुभकामनाएं दी। बाद में श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि तारिक रहमान से बातचीत कर अत्यंत प्रसन्नता हुई। मैंने उन्हें बांग्लादेश के हाल के चुनावों में मिली उल्लेखनीय विजय पर बधाई दी। मैंने बांग्लादेश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के उनके प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं और समर्थन व्यक्त किया। गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों वाले दो निकट पड़ोसी देशों के रूप में, भारत दोनों देशों के लोगों की शांति, प्रगति और समृद्धि के प्रति अपनी सतत प्रतिबद्धता दोहराता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अभ्युदय योजना भर्ती में गड़बड़ी, संयुक्त निदेशक निलंबित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत कोर्स कोऑर्डिनेटर पदों की चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक सुनील कुमार बिसेन को निलंबित कर दिया गया है। प्रथम दृष्ट्या लापरवाही प्रमाणित होने पर उनके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। निलंबन अवधि में वे निदेशालय से संबद्ध रहेंगे तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करेंगे। चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी की एक गोपनीय शिकायत विभागीय मंत्री असीम अरुण को प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर जांच कराई गई। जांच के दौरान संयुक्त निदेशक की भूमिका संदिग्ध पाई गई। इतना ही नही जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। अभ्यर्थियों के प्रमाण-पत्रों का मूल अभिलेखों से समुचित सत्यापन नहीं किया गया।

### महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी पर घिरे दयानिधि मारन

**मुजफ्फरपुर।** उत्तर भारत की महिलाओं को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के सांसद दयानिधि मारन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मुजफ्फरपुर की सीजेएम कोर्ट ने उनके खिलाफ नोटिस जारी करते हुए 23 फरवरी 2026 को व्यक्तिगत रूप से (सदेह) उपस्थित होने का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार, हाल में दिए एक बयान में दयानिधि मारन ने कथित तौर पर उत्तर भारत की महिलाओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। आरोप है कि उन्होंने कहा कि उत्तर भारत की महिलाएं केवल घर का काम और बच्चों को जन्म देने तक सीमित हैं, जबकि तमिलनाडु की महिलाएं अधिक शिक्षित, कामकाजी और सर्वगुण संपन्न हैं। इस बयान के बाद उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में नाराजगी देखी गई।

### सरकार की 25 लाख टन गेहूं व चीनी निर्यात को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को 25 लाख टन गेहूं के निर्यात के साथ-साथ 5 लाख टन गेहूं उत्पादों और चीनी के निर्यात की अनुमति दी। यह कदम पर्याप्त स्टॉक की स्थिति को देखते हुए उठाया गया है। यह फैसला घरेलू बाजारों को स्थिर करने और किसानों को पर्याप्त लाभ दिलाने के लिए लिया गया है। खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वर्तमान उपलब्धता और कीमतों के आकलन के बाद यह निर्णय लिया गया है। अभी निजी संस्थाओं के पास 2025-26 के दौरान गेहूं का स्टॉक लगभग 75 लाख टन है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 32 लाख टन अधिक है, जो देश में पर्याप्त आपूर्ति स्थिति का संकेत देता है। मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल, 2026 तक, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के केंद्रीय भंडार में कुल गेहूं की उपलब्धता लगभग 182 लाख टन होने का अनुमान है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि निर्यात अनुमतियों से घरेलू खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### उत्तराखंड के 7 शहरों में पारा माइनस 10 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** देश में फरवरी के दूसरे हफ्ते में मैदानी राज्यों राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पारा 30 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर चुका है। इन राज्यों में कई जिलों में तेज गर्मी पड़ रही है और सुबह-शाम सर्दी हो रही है। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में पारा 31 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं मध्य प्रदेश के 15 शहरों में तापमान ने 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दक्षिण भारत के कर्नाटक में शुक्रवार को गर्मी का अलर्ट था। हिमालय के राज्यों में उत्तराखंड के 7 शहरों में पारा माइनस 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। गुरुवार को सबसे कम तापमान मुनस्यारी में माइनस 26 डिग्री रहा।

# मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट गंभीर

## जांच कर रही सीबीआई से दो हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट मांगी

कहा: मणिपुर या गुवाहाटी हाईकोर्ट इन मामलों की निगरानी करें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर हिंसा की जांच कर रही सीबीआई से दो हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने सुझाव दिया कि अब मणिपुर या गुवाहाटी हाईकोर्ट इन मामलों की निगरानी करें। साथ ही, सरकार को पीड़ितों के पुनर्वास के लिए बनी कमेटी की सिफारिशें जल्द लागू करने का आदेश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मणिपुर में 2023 में हुई जातीय हिंसा के मामलों पर सुनवाई की। कोर्ट ने सीबीआई को आदेश दिया कि वह जातीय हिंसा से जुड़ी 11 एफआईआर की जांच पर दो हफ्ते के अंदर स्टेटस रिपोर्ट पेश करे। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने एक महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के बजाय मणिपुर हाई कोर्ट या गुवाहाटी हाईकोर्ट को इन मामलों के ट्रायल और जांच की निगरानी करनी चाहिए। बेंच के अनुसार, मणिपुर हाईकोर्ट में अब नए चीफ जस्टिस -शेष पृष्ठ दो पर



## हिमाचल में पंचायत चुनाव की समयसीमा बढ़ी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को पंचायत और नगर पालिका चुनावों पर उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को स्वीकार कर लिया और चुनाव कराने की समय सीमा बढ़ा दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग को पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों के लिए चुनाव प्रक्रिया 31 मई, 2026 तक या उससे पहले पूरी करने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि आरक्षण सूची को 31 मार्च, 2026 तक अंतिम रूप देकर लागू कर दिया जाए। महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) अनूप रतन ने बताया कि शीर्ष न्यायालय ने एसएलपी स्वीकार कर ली है और राज्य में पंचायत चुनाव की समय सीमा बढ़ा दी है। इससे पहले उच्च न्यायालय ने राज्य को 28 फरवरी तक आरक्षण सूची जारी करने और 30 अप्रैल, 2026 से पहले चुनाव कराने का निर्देश दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए राज्य सरकार ने शीर्ष न्यायालय में याचिका दायर की थी।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किसानों के हक में, राहुल उन्हें भड़का रहे: गोयल



■ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बोले: अमेरिका के साथ समझौते से देश के किसानों को फायदा होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को पूरी तरह देश के किसानों के हित में बताते हुए कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर इस समझौते को लेकर किसानों को गुमराह करने और उन्हें आपस में भिड़ाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है।

श्री गोयल ने कहा है कि अमेरिका के साथ समझौते से देश के किसानों को फायदा होगा, खेती के सामान का ज्यादा निर्यात होगा और उनके उत्पादों मांग बढ़ेगी, जिससे कीमतें बढ़ेंगी और किसानों की खुशहाली होगी। उन्होंने किसानों को समझौते को लेकर आश्वस्त किया है और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा किसानों के साथ हमदर्दी रखते हैं तथा समझौते में देश के किसानों के हित को सबसे ऊपर रखा गया है। श्री गोयल ने शुक्रवार तड़के जारी एक बयान में कहा कि राहुल गांधी जी को मिथ्याचार की आदत है। उन्हें भारत मां या हमारे किसानों और युवाओं की भलाई की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने जारी एक वीडियो में, झूठ बोलने और बेबुनियाद आरोप लगाने के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

## लोकसभा में हरदीप पुरी इस्तीफा दो के नारे लगे

संसद की कार्यवाही 9 मार्च तक स्थगित, भाजपा ने कहा: सत्ता पाने को देश का बंटवारा चाहते थे राहुल

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के 13वें दिन लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पूरे दिन नहीं चल पाई। लोकसभा की कार्यवाही करीब 10 मिनट ही चल पाई। वहीं, राज्यसभा की कार्यवाही दो घंटे तक चल पाई। अब दोनों सदनों की कार्यवाही 9 मार्च से शुरू होगी। शुक्रवार को सुबह 11 बजे सदन शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हरदीप पुरी इस्तीफा दो के नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके 5 मिनट बाद ही सदन स्थगित कर दी गई। 12 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। इस बार हंगामे के बीच एजुकेशन और कानून मंत्रालय से जुड़े कुछ बिल पेश किए। इसके बाद चेयर पर मौजूद संध्या राय ने लोकसभा 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। संसद का बजट सत्र दो चरण में हो रहा है। पहला- 28 जनवरी से 13 फरवरी तक है। दूसरा चरण 23 दिन के ब्रेक के बाद 9 मार्च से शुरू होगा, जो 2 अप्रैल तक चलेगा। इधर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को राहुल गांधी पर आरोप लगाए कि वे सत्ता पाने के लिए देश के बंटवारे की प्लानिंग कर रहे थे।

# साउथ ब्लॉक ब्रिटिश हुकूमत का प्रतीक: मोदी

■ गुलामी की मानसिकता से निकलना जरूरी, पीएमओ की नई इमारत का उद्घाटन करते हुए बोले पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा तीर्थ से कर्तव्य भवन 1 और 2 का उद्घाटन किया। साथ ही डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि आजादी के बाद साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक में कई अहम फैसले हुए और नीतियां बनीं लेकिन ये इमारतें ब्रिटिश शासन की हुकूमत की प्रतीक थीं। इनका मकसद भारत को सदियों तक गुलामी की जंजीरों में जकड़े रखना था। इनसे निकलना जरूरी था। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब कोलकाता शहर देश की राजधानी हुआ करता था। 1905 के बंगाल विभाजन के दौर में कोलकाता ब्रिटिश विरोधी आंदोलन का प्रबल केंद्र बन चुका था। इसलिए 1911 में अंग्रेजों ने भारत की राजधानी को दिल्ली शिफ्ट किया। उसी के बाद अंग्रेजी हुकूमतों की जरूरतों और उसकी सोच को ध्यान में रखकर नार्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक जैसी इमारतें बनी। मोदी ने कहा कि भवन ब्रिटेन के महाराज के सोच को गुलाम भारत की जमीन पर उतारने का माध्यम था। रायसीना हिल्स को इसलिए चुना गया ताकि ये इमारते अन्य इमारतों से ऊंची रहे। सौभाग्य से सेवा तीर्थ की इमारतें जमीन से जुड़ी हैं, पहाड़ पर नहीं हैं। पीएम ने एक्स पर लिखा- सेवा तीर्थ कर्तव्य, करुणा और भारत सर्वोपरि के सिद्धांत का प्रतीक है।




नई दिल्ली: सेवा तीर्थ नागरिक देवो भव भवन का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री मोदी।

### कंगना रनौत प्रकरण: अंतिम बहस अब छह मार्च को

**आगरा।** आगरा की विशेष एमपी-एमएलए अदालत में भाजपा सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत से जुड़े प्रकरण में अंतिम बहस की अगली तारीख छह मार्च तय की है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के बाद अदालत ने फाइनल बहस के लिए यह तिथि निर्धारित की। अंतिम बहस के उपरांत अदालत यह निर्णय देगी कि कंगना रनौत के खिलाफ वाद चलाया जाएगा या नहीं। अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा द्वारा 11 सितम्बर 2024 को स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट में वाद दायर किया गया था।

# भारतीय पासपोर्ट मजबूत, रैंकिंग में पांच पायदान की उछाल

56 देशों में वीजा फ्री एंट्री, पाकिस्तान की पोजिशन फलस्तीन और नॉर्थ-कोरिया से भी नीचे

**नई दिल्ली।** भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग में सुधार हुआ है। लेटेस्ट हेनले पासपोर्ट इंडेक्स (फरवरी 2026) के अनुसार, अब भारत का पासपोर्ट दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट्स की सूची में 75वें स्थान पर पहुंच गया है।

साल की शुरुआत में यह 80वें स्थान पर था, यानी हाल ही में इसमें 5 स्थानों का सुधार हुआ है। इससे पहले 2025 में यह 85वें स्थान पर था, जिससे कुल मिलाकर 10 स्थानों की छलांग लगी है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स दुनिया भर के लगभग 200 देशों के पासपोर्ट को रैंक करता है। यह रैंकिंग इस बात पर आधारित होती है कि उस देश के पासपोर्ट धारक कितने देशों में बिना वीजा के या वीजा ऑन अराइवल के साथ जा सकते हैं। भारतीय पासपोर्ट धारकों को अब 56 देशों में वीजा-फ्री या वीजा ऑन अराइवल की सुविधा मिलती है। यह रैंकिंग इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) के ट्रैवल आंकड़ों के आधार पर तैयार की जाती है। इस इंडेक्स में पाकिस्तानी पासपोर्ट 97वें नंबर है। उसकी पोजिशन फलस्तीन (91), नार्थ कोरिया (94) और सोमालिया (96) से भी नीचे हैं। नई रैंकिंग में सुधार का मतलब है कि भारतीय नागरिकों के लिए विदेश यात्रा पहले से आसान हुई है। छुट्टियों, कारोबार और सांस्कृतिक यात्राओं के लिए अब ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी। एशिया, कैरेबियन, अफ्रीका और ओशिनिया के कई देश भारतीयों को आसान वीजा सुविधा दे रहे हैं। भारत की रैंकिंग पिछले दस साल में लगातार ऊपर-नीचे होती रही है। साल 2006 में भारत 71वें पायदान पर था, जो उसकी अब तक की सबसे अच्छा पोजिशन थी। इसके बाद रैंकिंग गिरती गई और पिछले साल तो 85वें स्थान पर पहुंच गई थी। 2026 की शुरुआत में भारत 80वें पायदान पर आया और अब 75वें स्थान पर पहुंच गया है। मजबूत पासपोर्ट का मतलब है कि उस देश के लोग ज्यादा देशों में बिना पहले से वीजा लिए जा सकते हैं। ऐसे पासपोर्ट पर वीजा-फ्री, वीजा-ऑन-अराइवल -शेष पृष्ठ दो पर




# राहुल गांधी किसान संगठनों के नेताओं से मिले

■ बोले: किसान हितों से समझौता नहीं
■ भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ आंदोलन पर हुई बात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में देशभर के किसान संगठनों के नेताओं से मुलाकात की।

इस बैठक में भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने और किसानों व खेत मजदूरों की रोजी-रोटी बचाने की जरूरत पर बात हुई। किसान नेताओं ने इस व्यापार समझौते का विरोध किया। उनका कहना था कि समझौते से मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे उगाने वाले किसानों की रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा।

# देवर ने भाभी पर चलाई गोली

## पुलिस ने आरोपियों को दबोचा, तमंचा बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के चक्कर चौराहा सेंट मैरी के पास आपसी विवाद के चलते देवर ने भाभी पर गोली चला दी। गनीमत रही की गोली कार के टायर में लगी। पुलिस ने महिला के देवर व उसके दोस्त को दबोच कर तमंचा बरामद कर लिया।



शहर कोतवाली के गांव पेदा निवासी हिमांशू की शादी थाना किरतपुर क्षेत्र के गांव कुम्हैड़ा से हुई थी। उसकी पत्नी मोनी गुप्ता विवाद के चलते पांच महीने से अपने मायके में रह रही है। शुक्रवार को मोनी अपने भाई व बच्चों के साथ कुटिया कालोनी में रिश्तेदार के यहां जन्मदिन में आई थी। चक्कर रोड सेंट मैरीज के पास मोनी गुप्ता को हिमांशू मिल गया। थोड़ी देर बाद दोनों में कहासुनी हो गई। हिमांशू का भाई सुधांशू अपने दोस्त सचिन के साथ मौके पर पहुंच गया। हिमांशू और सुधांशू का कहना था कि उन्हें बच्चों से मिलना था। पति-पत्नी के बीच कहासुनी होने के बाद सुधांशू ने अपनी भाभी पर तमंचे से गोली चला दी। गोली कार के टायर में लगी।

गोली की सूचना पर पुलिस विभाग में हड़कंप पहुंच गया। शहर कोतवाल राम प्रताप सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। महिला के देवर व दोस्त को हिरासत में ले लिया है। सीओ संग्राम सिंह ने बताया कि आरोपियों को हिरासत में लेकर तमंचा बरामद कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# डीआईओएस कार्यालय में जंगलराज

## चौदह कर्मचारी मिले गैरहाजिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीआईओएस कार्यालय में जंगलराज चल रहा है। जिसका खुलासा आज चैकिंग के दौरान हुआ।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश के अनुपालन में विभिन्न कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के दृष्टिगत वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तानिया सिंह द्वारा प्रातः दस बजे जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका में अंकित कुल 18 कर्मचारियों में से चार कर्मचारी ही उपस्थित मिले। शेष 14 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। सूत्रों का कहना है कि डीआईओएस जयकरण यादव का अपने कार्यालय में नियंत्रण नहीं है। कार्यालय में ज्यादातर समय कर्मचारी नहीं रहते है। खुद डीआईओएस भी कार्यालय से नदारद रहते है।



इसी क्रम में एडीएम प्रशासन श्रीमती वंशिका दीक्षित द्वारा प्रातः दस बजे उपायुक्त उद्योग विभाग के कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में मुकेश कुमार अनुसेवक, श्रीमती अंगूरी देवी अनुसेवक, शिल ठाकुर कम्प्यूटर आपरेटर उपस्थित पाए गए। मुकेश कुमार अनुसेवक द्वारा द्वारा अवगत कराया गया कि कपिल कनिष्ठ सहायक एवं भास्कर सिंह डीईओ कांवड़ के लिए स्वीकृत अवकाश पर है। किन्तु स्वीकृत अवकाश प्रार्थना पत्र अवलोकनार्थ प्रस्तुत नहीं किया गया। अन्य समस्त कर्मचारी निरीक्षण के समय अनुपस्थित पाए गए। कार्यालय में अनुपस्थित पाए जाने पर उपायुक्त उद्योग अमित कुमार सिंह द्वारा दूरभाष पर बताया गया कि वे आईटीआई बिजनौर में चल रही विश्वकर्मा ट्रेनिंग में निरीक्षण के लिए गए हुए हैं। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने जिला विद्यालय निरीक्षक तथा उपायुक्त उद्योग को अनुपस्थित पाए जाने वाले कर्मचारी का स्पष्टीकरण प्राप्त कर उनको आज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** बीती देर रात एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। यह घटना मुरादाबाद मार्ग पर गांव सुल्तानपुर के पास हुई, जहां एक अज्ञात कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी।



हादसे में घायल हुए दोनों युवकों को डायल 108 की मदद से पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गई। चिकित्सकों ने अमन पुत्र गफ्फार (उम्र करीब 25 वर्ष, मोहल्ला पटवारीयान) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, उसका साथी उवैस पुत्र रिहान खतरे से बाहर बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही युवा समाजसेवी अदनान चौधरी और डॉ. मुबाशिर भी मौके पर पहुंचे थे।

पुलिस ने घटना की जानकारी अमन के परिजनों को दी, जिसके बाद परिवार में शोक छा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है और तहरीर मिलने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

बताया जा रहा है कि अमन कांठ से स्योहारा स्थित अपने घर लौट रहा था। अमन का रिश्ता तय हो चुका था और अगले महीने उसकी शादी होनी थी।

# तीन जनपदों की संयुक्त महापंचायत इक्कीस को

## तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन की मुरादाबाद, अमरोहा तथा बिजनौर इकाइयों की संयुक्त महापंचायत 21 फरवरी को नूरपुर-छजलैट रोड स्थित ग्राम सैदपुर भट्टा में आयोजित की जाएगी।



महापंचायत को सफल बनाने के लिए तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैंकट हॉल में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चौधरी सुनील प्रधान ने की। जबकि संचालन मुकेश कुमार जंघाला ने किया। प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी सत्यवीर सिंह एवं प्रदेश महासचिव चौधरी कुलदीप सिंह भी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि महापंचायत को ऐतिहासिक बनाने के लिए तीनों जनपदों से व्यापक स्तर पर किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान संगठन को और मजबूत करते हुए बिजनौर के वरिष्ठ पदाधिकारी गौरव कुमार जंघाला एवं नीटू चौधरी ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ भारतीय किसान यूनियन में शामिल होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत तथा किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत के नेतृत्व में कार्य करने की घोषणा की। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए संगठन की मजबूती में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। भारतीय किसान यूनियन में शामिल होने वालों में गौरव कुमार जंघाला, नीटू चौधरी, वीरेन्द्र सिंह, सतेंद्र सिंह, रोबिन सिंह, गुलाब, राहुल कुमार, अरविंद कुमार, विनीत तोमर, दुर्गेश कुमार, राकेश, उज्ज्वल, संजीव, दीपक, सतेंद्र आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। बैठक के सफल आयोजन में नरेन्द्र सिंह, जितेंद्र सिंह, भोपाल सिंह एवं अरुण कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### बर्थ-डे पार्टी की आड़ में सम्मेलन

**चांदपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम फजलपुर ढाकी मे जिला पंचायत सदस्य पद के उम्मीदवार अनवर हुसैन द्वारा भाईचारा सम्मेलन के नाम पर एक सभा का आयोजन ढाकी में ही किया जाना था। इससे पहले सम्मेलन होता, ग्राम प्रधान द्वारा गांव मे विवादित आराजी पर सम्मेलन कराने को लेकर गांव की शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा देखते हुए तुरंत सम्बन्धित थाना अध्यक्ष हल्दौर को प्रार्थना पत्र देकर सम्मेलन पर रोक लगाने की गुहार लगा दी, जिस पर सम्मेलन पर तो रोक लग गयी। मगर अनवर हुसैन द्वारा घर परिवार के एक बच्चे का बर्थ-डे मनाने की आड़ में उक्त सम्मेलन करा डाला। हालांकि कोई खास भीड़ जुटा नहीं पाये।

### पालिका ने कराई बेहतर व्यवस्था



**चांदपुर।** पालिका सीमा से गुजरने वाले कांवड़तियों की बेहतर सुरक्षा हेतु कच्चे रास्ते को बेहतर बनाने एवं उक्त रास्ते से कांवड लेकर गुजरने वाले हर कांवडती भाई की सुरक्षा हेतु लाईटों की व्यवस्था की है। वसीम पचौरी ने बताया कि इस कार्य के लिये नगर पालिका केकर्मचारीगण पूरी जिम्मेदारी से लगे हुए है। आज मौहम्मद परवेज उर्फ चांद ने अपनी टीम के साथ चांदपुर रेलवे फाटक से लेकर ग्राम खेड़की तक के कच्चे मार्ग पर पालिका की ओर से रास्ते में साफ स्फाई कराई और रात्रि में लाईट की बेहतर व्यवस्था की।

### एमक्यू कॉलेज में विदाई समारोह



**स्योहारा।** एमक्यू गर्ल्स इंटर कॉलेज में कक्षा 11 की छात्राओं द्वारा कक्षा 12 की सीनियर छात्राओं के सम्मान में भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का वातावरण भावनाओं उत्साह और उल्लास से सराबोर रहा। जूनियर छात्राओं ने अपनी सीनियर्स को स्मृति-चिन्ह एवं उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह के दौरान छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या शबाना परवीन ने अपने संबोधन में कक्षा 12 की छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे परिश्रम और लगन से अध्ययन करें तथा अपने माता-पिता और कॉलेज का नाम रोशन करें। इस अवसर पर जूनियर हाई स्कूल की प्रधानाचार्या राहत जहां, सबा जमाल, रुबीना नाज, नजमी, सुल्ताना, नाजमीन बानो, गजाला परवीन, शुमायला, अकबर, मुस्कान, हेड क्लर्क अफजाल अहमद और मौहम्मद रजिक सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर सीनियर छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### राजा भारतेंद्र ने की कांवड़तियों की सेवा



**बिजनौर।** पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह ने मंडावर रोड स्थित जीतमल मंदिर पर कांवड़तियों की सेवा की। इस मौके पर उनके साथ मिथुन पवार जिला संयोजक (एक राष्ट्र एक चुनाव), नरेंद्र पहलवान, रामेंद्र, विवेक, अनि राठी, मुकेश आदि रहे।

# नई सराय की बदहाल सड़क से परेशानी

## चार माह से टूटी मुख्य सड़क, व्यापार ठप, बच्चों को चोट का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के मौहल्ला नई सराय आबादी में रहने वाले करीब ढाई हजार से अधिक लोगों को पिछले चार महीनों से टूटी मुख्य सड़क के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि जगह-जगह गड्ढों में पानी भरा हुआ है और पूरे मार्ग पर कंकड़-पत्थर बिखरे पड़े हैं। इससे राहगीरों, बच्चों, बुजुर्गों और दुपहिया वाहन चालकों को आए दिन गिरने और चोटिल होने का खतरा बना हुआ है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बदहाल सड़क से मौहल्ले की दुकानों पर ग्राहक आना लगभग बंद हो गया है। सड़क से वाहनों की आवाजाही न होने के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा है और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी लोगों को दूसरे मार्गों का सहारा लेना पड़ रहा है।

शाह टाइम्स न पूर्व में भी इस समस्या को प्रमुखता से उठाया था। उस समय नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने 15 दिन के भीतर सड़क निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया था। हालांकि, एक महीना बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

इधर आगामी 18 फरवरी से रमजान का पाक महीना शुरू होने जा रहा है। ऐसे में मुस्लिम समुदाय के लोगों को चिंता सता रही है कि यदि सड़क की स्थिति जस की तस रही तो उन्हें नमाज अदा करने के लिए मस्जिद जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। लोगों का कहना है कि टूटी सड़क और कंकड़ों के बीच से गुजरना बुजुर्गों और बच्चों के लिए बेहद जोखिम भरा है।

मौहल्ले के निवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि रमजान से पहले सड़क निर्माण कार्य हर हाल में पूरा कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया के कारण सड़क निर्माण कार्य में देरी हुई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि 17 फरवरी से सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान मार्ग बंद होने के कारण निर्माण सामग्री की आपूर्ति प्रभावित हुई, जिससे कार्य में और विलंब हुआ।

अब देखना यह होगा कि नगर पालिका का यह आश्वासन कब तक जमीनी हकीकत बनता है और नई सराय आबादी के लोगों को बदहाल सड़क से राहत मिल पाती है या नहीं।

# प्रधान पति के भाई पर फर्जी वोट बनवाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** जिले भर की ग्राम पंचायतो में जहां पंचायत चुनाव की तैयारियां तेजी पर है। वहीं फर्जी वोट बनवाने का सिलसिला भी जोरों पर है। ऐसा ही एक मामला न केवल हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र बल्कि जिले भर की सुर्खियो में है, जहां गांव के जिम्मेदारों पर ही फर्जीवाड़े का आरोप लगा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान पति आफताब के भाई और प्रधान पद के प्रत्याशी फाजिल अहमद निवासी ग्राम मुबारकपुर कलां थाना हीमपुर दीपा पर करीब 24 फर्जी वोट बनवाने का आरोप लगा है। बीएलओ को दिए गए प्रमाणपत्रो में गलत जन्मतिथि डालकर नाबालिगों को बालिग बनाने सहित गैर ग्रामीण को स्थाई निवासी बनाकर जबरन फर्जी वोट बनवाने की बात सामने आई थी। जिसके बाद शिकायत हुई तो बीएलओ ने प्रमाण पत्रों की जांच कराई जिसमें करीब 24 प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए थे। इस पूरे प्रकरण में एसडीएम सदर ने प्रधान पद के प्रत्याशी फाजिल अहमद के खिलाफ तहरीर की बात कही थी। वहीं क्षेत्र में चर्चा है कि इस कार्य में न केवल फाजिल बल्कि उसे चतुर दिमाग देने वाले और भाग दौड़ कर उसके इशारों पर यह फ्राड कार्य कराने वाले करीब आधा दर्जन लोग शामिल है जिनकी जांच आवश्यक है। इस फर्जीवोट कांड के बाद जिले भर में हड़कंप मचा हुआ है।

उधर इस मामले की जांच कर रहे एसआई ने बताया कि इस मामले की अभी जांच चल रही है। फर्जी दस्तावेजों के सापेक्ष सही दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये गए है। यही वजह है कि अभी तक भी इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

क्षेत्र में चर्चा है कि एसडीएम के आदेश पर भी अब तक एफआईआर न होना स्वयं में संदेह पैदा करता है।

# वैभव गोयल ने की शिवभक्तों की सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर के कोतवाली देहात मार्ग स्थित डिग्री कॉलेज के सामने भाजपा मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांवड़ यात्रियों की जमकर सेवा की। शिवभक्तों को पानी की बोतले वितरित की।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे शिव भक्तों की सेवा की और भोले के जयकारों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। शिव भक्तों ने पानी की बोतल वितरित करते हुए सेवा की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल ने कहा कि शिव भक्तों की सेवा करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि सावन के इस पवित्र महीने में दूर-दराज से आने वाले शिव भक्त कठिन यात्रा कर जलाभिषेक के लिए जाते हैं। उनकी थकान मिटाने और उन्हें सुविधा पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। इस सेवा कार्यक्रम में वैभव गोयल के साथ भाजपा के तमाम स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने सेवा भाव के साथ कांवड़ियों को जलपान कराया और उनके सुरक्षित सफर की कामना की। मार्ग से गुजर रहे शिव भक्तों ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं के इस प्रयास की सराहना की।

# पान मसाला, गुटखा और सिगरेट के दाम बढ़े

## जमाखोरी से उपभोक्ता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में पान मसाला, गुटखा और सिगरेट के दामों में अचानक हुई बढ़ोतरी ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है। दिलबाग पान मसाला के साथ-साथ विमल, रजनीगंधा, कमला पसंद, राजश्री सहित अन्य गुटखों के दाम भी बढ़ा दिए गए हैं। वहीं गोल्ड फ्लैक बड़ी किंग साइज और अन्य प्रमुख सिगरेट ब्रांड भी पहले के मुकाबले महंगी हो गई हैं। हालात यह हैं कि रोजाना दामों में इजाफा हो रहा है और उपभोक्ताओं को मजबूरी में ज्यादा पैसे चुकाने पड़ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कुछ थोक विक्रेताओं और दुकानदारों द्वारा पहले से गुटखा और सिगरेट का स्टॉक जमा कर लिया गया था। अब सप्लाई कम होने का बहाना बनाकर मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं। नगर में एक ही ब्रांड की कीमत अलग-अलग दुकानों पर अलग-अलग बताई जा रही है, जिससे साफ है कि जमाखोरी और कालाबाजारी का खेल चल रहा है। कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि पान मसाला और सिगरेट एमआरपी से अधिक कीमत पर बेची जा रही है। पहले जो गुटखा 5 या 10 रुपये में मिलता था, अब उसी के लिए ज्यादा रकम मांगी जा रही है। सिगरेट के पैकेट और ढीली सिगरेट दोनों के दाम बढ़ा दिए गए हैं। इससे आम लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। नियमानुसार किसी भी तंबाकू उत्पाद को निर्धारित मूल्य से अधिक पर बेचना दंडनीय अपराध है, लेकिन स्योहारा नगर में इन नियमों का खुला उल्लंघन हो रहा है। खाद्य विभाग और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा न तो नियमित जांच की जा रही है और न ही कोई ठोस कार्रवाई दिखाई दे रही है। इसी वजह से दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि पान मसाला, गुटखा और सिगरेट की बिक्री पर सख्त निगरानी रखी जाए। तय रेट लिस्ट चस्पा कराई जाए और एमआरपी से ज्यादा वसूली करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो जमाखोरी और महंगाई का यह खेल और तेज हो जाएगा।

# गांधी मूर्ति से अतरासी मोड़ तक चौड़ीकरण हो

## सदर विधायक ने सदन में उठायी मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लोकलेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने गांधी मूर्ति चौराहे से टीपीनगर होते हुए अतरासी चौराहे तक मार्ग का डिवाइडर समेत चौड़ीकरण कराए जाने की मांग की। सदर विधायक महबूब अली ने विधानसभा में यह मामला उठाते कहा कि पिछले काफी समय से गांधी मूर्ति से अतरासी चौराहे तक सारा दिन जाम लगा रहता है। क्योंकि नौगांवा मार्ग, नूरपुर, बिजनौर के लोगों की इसी मार्ग से आवाजाही है। जिस कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिस पर सदर विधायक महबूब अली को लोक निर्माण मंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही मार्ग पर डिवाइडर व चौड़ीकरण कराया जायेगा।



# आरएसीएल ने स्थापित किया चैरिटेबल हेल्थ सेंटर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** आरएसीएल गियरटेक लिमिटेड, गजरौला द्वारा स्थापित चैरिटेबल हेल्थ सेंटर का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने रिबन काटकर किया। डीएम ने आरसीएल द्वारा सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति की गई इस पहल की सराहना की।

**डीएम ने किया शुभारंभ, स्थानीय लोगों को उपलब्ध होंगी स्वास्थ्य सेवाएं, मैक्स हॉस्पिटल द्वारा होगा संचालन**



शुक्रवार को हाइवे स्थित आरएसीएल गियरटेक लिमिटेड में आयोजित कार्यक्रम में डीएम ने कहा कि उद्योग देश की प्रगति का आधार हैं। देश की प्रगति में योगदान के साथ साथ सामाजिक सराकारों के प्रति भी उद्योगों द्वारा किए जाने वाला कार्य सराहनीय है। उन्होंने आरएसीएल द्वारा स्थापित हेल्थ सेंटर की सराहना की। कार्यक्रम में आरएसीएल के निदेशक मंडल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्थापित यह चैरिटेबल हेल्थ सेंटर क्षेत्र का अपनी तरह का पहला स्वास्थ्य केंद्र है, जो स्थानीय नागरिकों को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। हेल्थ सेंटर का संचालन मैक्स हॉस्पिलट द्वारा किया जाएगा। सेंटर में जीवनरक्षक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे जरूरतमंद मरीजों को प्राथमिक एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकेंगी। यह स्वास्थ्य केंद्र शीघ्र ही आम जनता के लिए प्रारंभ किया जाएगा और विशेष रूप से ग्रामीण आबादी को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मणिपुर हिंसा...** आ चुके हैं, इसलिए वे स्थानीय हालात को बेहतर तरीके से संभाल सकते हैं। कोर्ट ने केंद्र और मणिपुर सरकार को निर्देश दिया कि वे जस्टिस गीता मित्तल कमेटी की सिफारिशों को हर हाल में लागू करें। यह कमेटी पीड़ितों के पुनर्वास और उनके कल्याण के लिए बनाई गई थी। इस कमेटी में तीन पूर्व महिला जज शामिल हैं, जो अब तक पीड़ितों की मदद के लिए कई रिपोर्ट सौंप चुकी हैं। मणिपुर में मई 2023 से शुरू हुई हिंसा में अब तक 200 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। हजारों लोग बेघर हुए हैं और कई घायल हुए हैं। यह हिंसा तब भड़की थी जब मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के खिलाफ प्रदर्शन किया गया था। सुनवाई के दौरान पीड़ित की तरफ से पेश हुई वकील वृंदा ग्रोवर ने एक पीड़ित महिला का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि गैंगरेप की शिकार एक कुकी महिला की पिछले महीने सदमे और बीमारी से मौत हो गई। वकील ने आरोप लगाया कि सीबीआई ने चार्जशीट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और मुख्य आरोपी भी कोर्ट में पेश नहीं हो रहा है। उन्होंने जांच में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। इस पर सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि मणिपुर में अब हालात पहले से बेहतर और शांतिपूर्ण हैं। चीफ जस्टिस ने कहा कि पीड़ितों को मुफ्त कानूनी मदद मिलनी चाहिए। अगर स्थानीय स्तर पर वकील उपलब्ध नहीं हैं, तो गुवाहाटी बार से वकील भेजे जा सकते हैं। वहीं, वकील कॉलिन गोंसाल्वेस ने शिकायत की कि उन्हें कमेटी की रिपोर्ट नहीं मिल रही है, जिससे पुनर्वास का काम धीमा पड़ा है। कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट में कुछ संवेदनशील जानकारी हो सकती है, इसलिए उसे सावधानी से साझा किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट अब इस मामले पर 26 फरवरी को अगली सुनवाई करेगा। कोर्ट ने जस्टिस गीता मित्तल कमेटी का कार्यकाल भी 31 जुलाई तक बढ़ा दिया है ताकि राहत कार्य जारी रह सके।

**भारतीय पासपोर्ट...** या ई-वीजा की सुविधा मिलती है। वीजा के लिए कम कागजी काम और कम इंतजार करना पड़ता है। विदेश घूमने, पढ़ाई करने या बिजनेस ट्रिप पर जाना आसान हो जाता है। यह दिखाता है कि दूसरे देश उस देश के नागरिकों पर भरोसा करते हैं। 2026 की रैंकिंग में सिंगापुर पहले स्थान पर है। सिंगापुर के पासपोर्ट से 192 देशों में वीजा-फ्री यात्रा की जा सकती है। दूसरे स्थान पर जापान और साउथ कोरिया हैं, जिनके नागरिक 187 देशों में बिना वीजा जा सकते हैं। तीसरे स्थान पर स्वीडन और यूएई हैं, जहां से 186 देशों में वीजा-फ्री एंट्री मिलती है। चौथे स्थान पर बेल्जियम, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली, लक्जमबर्ग, स्पेन, स्विट्जरलैंड, नीदरलैंड्स और नार्वे हैं, जिनके पासपोर्ट से 185 देशों में बिना पहले से वीजा लिए यात्रा संभव है। पांचवें स्थान पर ऑस्ट्रिया, ग्रीस, माल्टा और पुर्तगाल हैं, जहां से 184 देशों में वीजा-फ्री एंट्री मिलती है। छठे से दसवें स्थान तक न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मलेशिया और अमेरिका शामिल हैं। अमेरिका के पासपोर्ट से 179 देशों में बिना पहले से वीजा लिए यात्रा की जा सकती है।

# डीएम ने किया नूरपुर ब्लॉक का निरीक्षण

## ब्लॉक प्रमुख ने स्मृति चिन्ह भेंट किया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत गांव की समस्या-गांव में समाधान के तहत विकास खंड नूरपुर के ग्राम गाजीपुर में आयोजित चौपाल कार्यक्रम की समाप्ति के बाद खंड विकास कार्यालय नूरपुर का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने खंड विकास कार्यालय में एसआईआर के अंतर्गत फर्जी वोटर की चेकिंग कक्ष का निरीक्षण किया और कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर से उसकी चेकिंग करने के तरीके के बारे में पूछा और प्रैक्टिकल रूप से उसको चेक किया, जो सही पाया गया। उन्होंने निर्देश दिए की ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत जितने भी गौशालाएं हैं सभी में गोवंशों के लिए पानी, चारा सहित सभी व्यवस्थाएं रखी जाएं। उन्होंने यह भी निर्माण निर्देश दिए की ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत जो भी निर्माण कार्य प्रगति पर हैं, सभी को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुसार पूर्ण कारण और समय-समय पर निर्माण सामग्री का निरीक्षण करते रहे, ताकि किसी भी स्तर पर अनियमितता न होने पाए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पीएम आवास योजना के अंतर्गत पाया जाए उसे उक्त योजना से आच्छादित करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर खंड विकास अधिकारी को यह भी निर्देशित किया कि ब्लॉक में युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए मिनी स्टेडियम के लिए जगह का चिन्हांकन करें और निर्माण के लिए इसका प्रस्ताव उनके द्वारा शासन को प्रेषित कराएं। उन्होंने निर्देश दिए की एनआरएलएम योजना के अंतर्गत गठित महिलाओं समूह के उत्पादों को अच्छा बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करें व कैफे खुलवाएं तथा खंड विकास कार्यालय प्रांगण में सूक्ष्म जलपान के साथ-साथ लंच आदि की व्यवस्था के लिए भी कैफे खुलवाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान खंड विकास कार्यालय में सफाई व्यवस्था सही पाई गई तथा अभिलेखों का व्रत बताओ भी सही पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया गया।

कार्यालय के निरीक्षण के दौरान ब्लॉक प्रमुख श्रीमती आकांक्षा चौहान द्वारा जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर डीपी सिंह सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## मॉडर्न एरा स्कूल में क्लास शो




**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के valley of flowers विंग में क्लास शो का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा बालवाटिका 2 के समस्त छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों में छुपी प्रतिभा को बाहर निकालना एवं उनको खुद के टैलेंट से रूबरू कराना था। कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए इन कक्षाओं के समस्त अभिभावकों को आमंत्रित किया गया और अभिभावको ने भी कार्यक्रम का हिस्सा बनकर अपना पूरा सहयोग किया। कार्यक्रम की शुरुआत डायरेक्टर प्रिंसिपल ने अभिभावकों के साथ दीप प्रज्वलन करके की। उसके बाद ग्रुप सॉग सुबह सवेरे, योगस, फैंसी ड्रेस, कविता पाठ कोशिश, ग्रुप डांस देश रंगीला, रेसेस -टर्टल रेस, बनी रेस, ग्रुप डांस पापा कहते हैं, सोलो सॉग छोटी छोटी गईया, बैंड टीम का प्रदर्शन, कविता पाठ शिक्षक, सोलो डांस मैया यशोदा, ग्रुप डांस बम बम बोले, कहानी, टग ऑफ वॉर, स्केटिंग और ताइक्वांडो आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास ने बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चे अपने भीतर छुपी हुई प्रतिभा को पहचान पाएंगे और अपनी प्रतिभा के बल पर अपने माता पिता और अपने विद्यालय का ही नहीं अपितु अपने जिले और देश का नाम भी रोशन करेंगे। समस्त कार्यक्रम विंग कोऑर्डिनेटर रेनू भगत की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में मीनाक्षी शर्मा, शेफाली शर्मा, रानी ठाकुर, श्वेता शर्मा, सुनीता देव, आफरीन, सम्बुल, अंतिमा शर्मा, गीता खन्ना, अंशिका, पारुल, निधि, महिमा, संजना, खुशबू, दीक्षा एवं सामिया का पूर्ण सहयोग रहा।

## एक नजर

### व्यापार मंडल ने किया सम्मानित



**राजा का ताजपुर।** एसबीआई शाखा में नकबजनी की घटना को एक हफ्ते में खोलने तथा घरेलु विवाद को निपटाने में सराहनीय भूमिका के लिए पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई ने चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह, अनूप सिंह व भूप सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। चोरियों का खुलासा कर पुलिस ने जनता में एक बार फिर विश्वास बनाया है। इस मौके पर सरदार कमलजीत सिंह नूर, महबूब सलमानी, डॉ. अरुण अग्रवाल, सुनील त्यागी, उस्मान अंसारी, सतेन्द्र कुमार आर्य, मदन सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

### लियाकत हुसैन का इंतकाल



**राजा का ताजपुर।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य लियाकत हुसैन उर्फ बबलू का देर शाम इंतकाल हो गया। उनकी एक महीने पहले हार्ट सर्जरी हुई थी। उनकी तबीयत में कोई सुधार नहीं आ रहा था। इंतकाल की खबर सुनकर कोहराम मच गया। सपा सरकार के दौरान वह सपा मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष थे। वह एक नेक दिल व मिलनसार व्यक्ति के साथ-साथ गरीबों, बेसहारों व कमजोरों के मददगार थे। सपा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने परिवार के लोगों से मोबाइल पर बातचीत कर दुख जाहिर करते हुए कहा कि वह संवेदना व्यक्त करते है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनकी बेटी रोशना परवीन से करीब पांच मिनट मोबाइल पर बात की। उनके जनाजे की नमाज जुमे की नमाज के मदरसा इस्लामिया रहमानिया में अदा की गई। मुरादाबाद की सपा सांसद रूचि वीरा, सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी, पूर्व मंत्री नईमुल हसन, पूर्व मंत्री कुतुबुद्दीन अंसारी, जिला पंचायत सदस्य इमरान, वरिष्ठ बसपा नेता डॉ. शमशाद अहमद, डॉ. अनीस अहमद अंसारी, सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल यादव, डॉ. फहीमुद्दीन अंसारी, नगर पालिका के चेयरमैन इरशाद अली, गौहर इकबाल एड., नईम अहमद आदि ने उनके इंतकाल पर अफसोस जताया है।

### बैंक घोटाले की शिकायत



**शिवाला कलां।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व लोकसभा विस्तारक तुषार गौड़ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर स्थानीय पंजाब नेशनल बैंक शाखा में हुए घोटाले के संबंध में शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें कहा गया कि उक्त शाखा में कार्यरत कर्मचारी द्वारा 258 खाताधारकों के साथ धोखाधड़ी की गई है। जिससे क्षेत्र के आम नागरिकों को भारी आर्थिक क्षति हुई है। इस प्रकरण में दोषी कर्मचारी वर्तमान में जेल में बंद है। पीड़ित खाताधारकों को अभी तक उनकी जमा धनराशि वापस नहीं मिल सकी है।

### पेंशन क्रांति महासम्मेलन पन्द्रह को



**बिजनौर।** पन्द्रह फरवरी को स्थानीय इंदिरा बाल भवन में होने वाले पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर आज जनपद के विद्यालयों एवं कार्यालयों में शिक्षकों एवं कर्मचारियों से संपर्क कर अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह, राजेश रवि, लोकेन्द्र चौधरी आदि ने इसे सफल बनाने का आह्वान किया।

### ममतेश चौहान ने दिया इस्तीफा

**बिजनौर।** जिला बार एसोसिएशन की संयुक्त सचिव सांस्कृतिक ममतेश चौहान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं ने अपने वोट से उन्हें इस पद पर निर्वाचित किया था। लेकिन जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव ने कभी उनके पद का सम्मान नहीं किया। जिसकी वजह से वह अपने पद से इस्तीफा दे रही है।

### शिवाला कलां में रवि व हरि अरेस्ट

**बिजनौर।** शिवाला कलां थाने में वादी ने तहरीर दी थी कि उसकी पुत्री को पति रवि पुत्र हरि सिंह एवं ससुर हरि सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासीगण ग्राम फीना के द्वारा दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। उसके साथ कई बार मारपीट की गई। जिससे तंग आकर उनकी पुत्री ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने धारा 108 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### कुंडल लूटने के आरोपी पिता-पुत्र अरेस्ट

**बिजनौर।** नगीना पुलिस ने कुंडल लूटने के आरोपी दिलशाद पुत्र अब्दुल सलाम व उसके पुत्र दिलनवाज को गिरफ्तार किया है। इनके पास से सोने के पांच कुंडल व एक टॉप्स बरामद किया गया है। वादी ने चार फरवरी को थाना नगीना पर तहरीर दी थी कि दो अज्ञात व्यक्तियों ने पता पूछने के बाहने उसकी पत्नी से बातचीत की और चालाकी के साथ कुंडल ले लिए। पुलिस ने धारा 318 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। दिलशाद का लम्बा आपराधिक इतिहास है।

### पुलिसकर्मियों को टक्कर मारने वाला अरेस्ट

**बिजनौर।** बीती रात मंडावर मार्ग के चक्कर चौराहे पर चालक सुमित कश्यप ने तेजी व लापरवाही के साथ कार चलाते हुए वहां पर ड्यूटी पर तैनात हैड कांस्टेबिल ललित कुमार व सिपाही हरेन्द्र को टक्कर मार दी थी। जिससे दोनों पुलिसकर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। कार ने ऑटो में भी टक्कर मारी थी। जिससे ऑटो चालक व उसमें मौजूद सवारियां भी घायल हो गई थी। पुलिस ने सुमित कश्यप पुत्र बालेश कश्यप निवासी ग्राम इनामपुरा, थाना मंडावर को मुकदमा अपराध संख्या 110/2026 धारा 281, 125बी, 221, 121 (1), 132 व 324 (4) बीएनएस में गिरफ्तार कर लिया है।

# सेंट मैरी के पूर्व छात्र दीपेंद्र का सम्मान

## अंतर्राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीता ब्रॉन्ज मेडल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सेंट मैरी विद्यालय के पूर्व छात्र दीपेंद्र चौधरी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया।

दीपेंद्र चौधरी ने वर्ष 2020 में सेंट मैरीज विद्यालय से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की थी। वर्तमान में यह बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर रहे हैं। पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने खेल के क्षेत्र में भी निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया। जिसके परिणामस्वरूप उन्हें यह महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि प्राप्त हुई। दीपेंद्र के पिताजी शिवकुमार चौधरी तथा माता सीमा देवी थाना क्षेत्र के धर्मोवाला ग्राम के निवासी हैं। दीपेंद्र के अनुसार उनके माता-पिता का सहयोग, प्रेरणा और आशीर्वाद उनकी सफलता का मजबूत आधार रहा है। दीपेंद्र की इस उपलब्धि के पीछे उनके कोच अरविंद सर का विशेष मार्गदर्शन रहा। वहीं आदित्य मोकरवाल ने भी उन्हें इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रेरित किया।

विद्यालय परिसर में दीपेंद्र चौधरी के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक फादर अनूप ने उन्हें नगद धनराशि एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य फादर शायजू ने उनके सम्मान में प्रेरणादायक भाषण देते हुए कहा कि दीपेंद्र की यह सफलता परिश्रम, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का परिणाम है तथा यह उपलब्धि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। विद्यालय प्रशासन, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सेंट मैरीज विद्यालय परिवार ने दीपेंद्र चौधरी, उनके माता-पिता, कोच एवं मार्गदर्शकों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सपा के बड़े नेता चाह रहे कमजोर जिलाध्यक्ष

## विधानसभा चुनाव में अपना टिकट पक्का रखने और पार्टी में कब्जा करने का गंदा इरादा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा को किसी दूसरी पार्टी से इतना खतरा नहीं है, जितना खतरा पार्टी के अवसरवादी व मौका परस्त बड़े नेताओं से है। जो न तो पार्टी के हमदर्द है और न ही यह चाहते है कि प्रदेश में सपा की सरकार बनें। इनका तो सिर्फ एक ही उद्देश्य है कि हम विधायक बन जाए और राजनीति की दुकान चलती रहे।

सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा अपनी मर्जी से किसी मजबूत नेता को जिलाध्यक्ष बनाए जाने की मंशा का पता चलने पर सपा के बड़े नेता सक्रिय हो गए है। इनके द्वारा लखनऊ में लॉबिंग की जा रही है। यह कई तरह के हथकंडे अपना रहे है। यह चाहते है कि ऐसा कमजोर जिलाध्यक्ष बनना चाहिए, जिससे पार्टी में इनकी मनमानी चलती रहे और वह थोक के भाव में पार्टी के नियमों के विपरीत जा कर अपने समर्थकों को पदाधिकारी बनवा सके। इन्हें पता है कि अगर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी मर्जी से किसी मजबूत व निष्पक्ष नेता को जिला अध्यक्ष बना दिया, तो उनकी दुकान नहीं चल पाएगी। यह किसी भी हालत में ऐसा नहीं होने देना चाहते हैं। इनका पूरा प्रयास है कि कठपुतली जिलाध्यक्ष बन जाए। सूत्रों का कहना है कि इन बड़े नेताओं ने लखनऊ में गुप्त बैठक कर एक नेता का नाम आगे बढ़ाया है। साथ ही कई तरीकों से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तक उसका नाम पहुंचा दिया है। उसे जिलाध्यक्ष बनवाने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे है। सूत्रों का कहना है कि यह अपने मकसद में कामयाब भी हो सकते हैं। क्योंकि राष्ट्रीय अध्यक्ष तक आम कार्यकर्ताओं की भावनाएं नहीं पहुंच पा रही हैं। इनकी मंशा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें टिकट मिल जाए। क्योंकि क्षेत्र में भारी विरोध को देखते हुए उन्हें खतरा महसूस हो रहा है। वह चाहते है कि ऐसा जिलाध्यक्ष न बने, जो पार्टी हाईकमान तक सही रिपोर्ट पहुंचा दे। इन नेताओं से पार्टी का आम कार्यकर्ता दुखी है और जनाधार भी कमजोर पड़ रहा है। यही वजह है कि विभिन्न चुनावों में जनपद में पार्टी की करारी हार हो रही है। नगर पालिका व नगर पंचायत के चुनाव सहित अन्य चुनावों में पार्टी के प्रत्याशियों को इन नेताओं की वजह से ही शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था। इन्होंने अपने गुर्गों को टिकट दिलवाए थे।

# नूरपुर में महिला ने तीन बच्चों को दिया जन्म

## जच्चा व बच्चा पूरी तरह स्वस्थ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है। जच्चा-बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम फीना निवासी बिट्टू कुमार की पत्नी शालनी ने बीती रात एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया। जच्चा व तीनों बच्चे पूरी तरह से स्वस्थ हैं। डीके हॉस्पिटल की संचालक डॉ.कुंतैश सैनी ने बताया कि महिला को उसके पति ने बीती रात भर्ती कराया था। देर रात महिला का ऑपरेशन किया गया। महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा। क्षेत्र के लोग इस सफल ऑपरेशन के लिए डॉ. कुंतैश व स्टाफ की तारीफ कर रहे है। एक साथ तीन बच्चों का जन्म होने पर सभी इसे कुदरत का करीशमा बता रहे है। हॉस्पिटल में तीनों बच्चों को देखने वालों की भीड़ नजर आ रही है। इस दौरान डॉ. कुंतैश सैनी, डॉ. यशपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# मुस्लिम फंड ने की शिव भक्तों की सेवा

## विशेष कांवड़ती सेवा शिविर लगाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** कांवड़ यात्रा के पावन अवसर पर कांवड़तियों के स्वागत एवं सेवा के लिए शेरकोट मुस्लिम फण्ड तथा शेरकोट मुस्लिम फण्ड गर्ल्स इंटर कॉलेज की ओर से विशेष सेवा शिविर लगाया गया, जहां भोले भक्तों को फल एवं शीतल जल वितरित किया गया।

नेशनल हाईवे पर शेरकोट मुस्लिम फण्ड व शेरकोट मुस्लिम फण्ड गर्ल्स इंटर कॉलेज की ओर से विशेष सेवा शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान जनरल सेक्रेटरी मौलाना उबैदुर्रहमान कासमी ने बताया कि हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने-अपने गंतव्य की ओर जा रहे कांवड़तियों की सेवा करना मानवता और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से अमन, सद्भाव और आपसी प्रेम का संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में लगातार आने-जाने वाले कांवड़तियों के लिए पेयजल, फल की व्यवस्था की गई, जिससे उन्हें यात्रा के दौरान राहत मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और सौहार्द की भावना मजबूत होती है तथा सभी धर्मों और समुदायों के बीच भाईचारे का संदेश फैलता है। सेवा शिविर में बड़ी संख्या में कांवड़तियों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शेख मौहम्मद इस्माइल, मनीष कुमार, रफीक अहमद, नजरुल इस्लाम, दिलशाद अहमद, बिलाल मंसूरी, आलम आदि मौजूद रहे और सेवा कार्य में सक्रिय सहयोग दिया। उधर थाना अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार व अन्य पुलिसकर्मियों ने हरेवली तिराहे पर कांवड़तियों को फल वितरित कर उनकी सेवा की। बताते चले कि 15 फरवरी को जलाभिषेक किया जायेगा।

# हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण शिवमय







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** महाशिवरात्रि के पर्व पर खो नदी पर बने अस्थाई पुल से कांवड़तियों का सैलाब निकल रहा है। हरेवली चौराहा स्थित गढ़ी मन्दिर हर-हर महादेव व वीर बजरंगी के जयकारों से वातावरण शिवमय हो गया।

नगर के हरेवली चौराहा से हरिद्वार से गंगाजल लाने वाले कांवड़ती शेरकोट, गढ़ी मन्दिर पर पूजा अर्चना करने के बाद अपने गंतव्य की रवाना हो जाते है। कांवड़तियों की सेवा के लिए खो नदी पर रामनगर, काशीपुर, पीलीभीत, बरेली, सीतापुर, शाहजहांपुर आदि के भक्तों द्वारा कांवड़तियों की सेवार्थ निःशुल्क शिविर लगाए जाते हैं। वहीं शेरकोट में रामगंगा पोषक नहर पर स्थित पुल के पास पटरी पर विगत बीस वर्षो से शनिदेव मन्दिर मौहल्ला फतहनगर की कमेटी के द्वारा भी चार दिवसीय विशाल शिविर लगाया जाता है। निःशुल्क लगाए जाने वाले शिविर में हरिद्वार से गंगाजल लाने वाले कांवड़तियों की सेवा में नाश्ते व भोजन तथा विश्राम व निःशुल्क दवाइयों आदि से सेवा कर शनिदेव मन्दिर कमेटी अपने आप को धन्य समझते है। गढ़ी मन्दिर पर मौहल्ला वीरथला व फतेहनगर के शिवभक्तों द्वारा शिविर लगाए जाते है। साथ ही साथ नाश्ते भोजन आदि की व्यवस्था ग्रामीणों द्वारा की जाती है।

### थाना प्रभारी कर रहे शिव भक्तों की सेवा

**शेरकोट।** सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल मुस्तैदी के साथ शिवभक्तों की सेवा व सुरक्षा में लगे हुए हैं तथा कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने का भरसक प्रयास कर रहे है। थानाध्यक्ष व सहयोगी पुलिस कर्मी हाईवे 74 पर यातायात को सुचारू रखने के लिए व्यवस्था बनाए हुए है। कांवड़ती पुलिस की कार्यशैली की प्रशंसा कर रहे है। थानाध्यक्ष अपने सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ कांवड़तियों की सेवा में दिन रात लगे हुए है। उनके द्वारा कांवड़तियों को फल तथा पानी की बोतलों का वितरण किया जा रहा है।

### सपा नेताओं ने भी फल वितरित किए

**शेरकोट।** समाजवादी पार्टी युवजन राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अदनान राईन के नेतृत्व मे उनकी टीम ने हरिद्वार से पावन कांवड़ लेकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे शिवभक्तों का नगर की चुंगी नंबर पांच पर श्रद्धा, सम्मान और सेवा भाव के साथ स्वागत करते हुए आस्था से ओतप्रोत शिवभक्तों के थके हुए कदमों को थोड़ी राहत देने के उद्देश्य से फल वितरण किया गया। उनकी मुस्कान और संतोष ही हमारे लिए सबसे बड़ी पूजी है। यह सेवा कार्य मेरे साथियों आमिर बाबा, बाबू और आदिल के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# अवैध निर्माण ध्वस्त कराया

## कब्जाधारी बता रहे दादालाही भूमि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य करने की जानकारी पर उप जिलाधिकारी के निर्देश पर पालिका प्रशासन ने अवैध निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया। वहीं कब्जाधारी लोगों ने उक्त भूमि को दादालाही बताते हुए विरोध जताया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला नौधना निवासी मलखान सिंह आदि भूमि पर निर्माण कार्य कर रहे थे। राजस्व विभाग के अनुसार उक्त भूमि खसरा नम्बर 33 पर शाह आलमपुर मीरा में ग्राम समाज की दर्ज है। आरोप है कि लगभग 500 गज भूमि पर दलित समाज के कुछ लोग अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य कर रहे थे, जिसमें लगभग 200 गज भूमि में बुनियाद भरी जा चुकी थी। जबकि 300 गज भूमि पर बुनियाद खोदी जा रही थी। शिकायत मिलने पर राजस्व विभाग द्वारा उक्त भूमि की जांच की गई, जो कि खसरा नम्बर 33 ग्राम समाज की निकली। एसडीएम धामपुर के आदेश पर पालिका प्रशासन व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण कार्य को ध्वस्त कर भूमि कब्जा मुक्त कराई गई। इस सम्बंध में अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी ने बताया कि गृहकर की रसीद किस आधार पर और किसके द्वारा काटी गई है, इसकी व्यापक जांच की जा रही है तथा दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि उक्त खसरा नम्बर की शेष भूमि की पैमाइश करा कर उसे भी अवैध कब्जा से शीघ्र ही मुक्त कराया जाए।

# चाइनीज मांझे के चपेट में आए पत्रकार इरतजा सलमानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर निवासी इरतजा सलमानी पत्रकार शाम चार बजे नूरपुर से हल्दौर अपने घर अपनी बाइक पर सवार होकर आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ग्राम अम्हेडा जूनियर हाईस्कूल के समीप आयी तो अचानक चाईनीज मांझे की चपेट में आने से उनके चेहरे पर मांझे के निशान आ गए और उन्होंने करीब पांच सौ मीटर आगे जाकर देखा तो उनका चश्मा भी मांझे में उलझकर वहीं गिर गया। जब वह चश्मा ढूंढने वापस आए तो नगर के मौहल्ला आला वाले सभासद रवि कुमार मिल गए। उन्होंने उनका चश्मा ढूंढकर दिया जो मांझे में लिपटा हुआ सड़क किनारे मिला, जिसके बाद मांझे से आयी चेहरे पर धारी में जलन होने पर एक निजी चिकित्सक से दवाई लगवाई। जनपद एवं गैर जनपदों में इस चाइनीज मांझे से कई लोगों की जान भी जा चुकी है।



## एक नजर

### बजट में गरीबों के हाथ खाली



**कोतवाली देहात।** पिछले कई दशकों से दिव्यांगों, बुजुर्गों, विधवाओं व गरीबों के हकों की लड़ाई लड़ने वाले विकलांगों व गरीबों के मसीहा अरबाज अंसारी ने प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर उंगली उठाते हुए बेहद नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि सरकार से उन्हें इस बार अटूट उम्मीद थी कि प्रदेश की योगी सरकार दिव्यांगों, विधवाओं, बुजुर्गों व गरीबों के लिए बड़ा दिल दिखाएगी और बजट के पैकेज इस वर्ग की झोली खुशियों और मदद से भर देगी, लेकिन अफसोस सरकार ने बजट तो पेश किया, लेकिन इस वर्ग के साथ धोखा करते हुए इन्हें अपनी तरफ से यह संदेश दिया की इस वर्ग के लिए हमारे बजट में ना तो कोई जगह नहीं है, और ना ही हमें इनकी जरूरत है। उन्होंने कहा कि न ही पेंशन में बढ़ोतरी हुई और न ही अंतोदय कार्ड की घोषणा हुई और न ही आयुष्मान कार्ड की घोषणा हुई। इतना ही नहीं दिव्यांग एक्ट 2016 भी लागू नहीं हुआ। दिव्यांग आरक्षण 4 से 10% होना माना जा रहा था, वह भी नहीं हुआ। दिव्यांगजनों को रोजगार की घोषणा के लिए ऋण की घोषणा नहीं हुई। यूडीआईडी परिवहन बस और ट्रेन में लागू होने थे, उसकी भी घोषणा नहीं हुई। कुल मिलाकर प्रदेश सरकार ने इन वर्गों की अनदेखी की। जिसका खामियाजा अब बिजनौर से लखनऊ तक सड़कों पर दिखाई देगा। सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएंगा। मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर इन वर्गों को न्याय दिलाने का काम किया जाएगा। अरबाज अंसारी ने कहा कि केंद्र सरकार के मुखिया नरेंद्र मोदी जी ने पूरे भारत को अपने जोशीले भाषण में कहा है कि आत्मनिर्भर बनना बेहद जरूरी है, लेकिन सवाल यह है कि आखिर गरीबों को आत्मनिर्भर बनाएगा कौन। गरीब गरीब होता जा रहा है और अमीर अमीर होता जा रहा है।

### पिंजरे में कैद हुआ गुलदार



**नांगल सोती।** राजगढ़ रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम रायपुर खास की नहर पटरी मार्ग पर वन विभाग ने पूर्व ग्राम प्रधान चतर सिंह के गन्ने के खेत में पिंजरा लगाया था। आज तड़के क्षेत्र से गुजर रहे लोगों ने पिंजरे में कैद गुलदार को देखकर वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही राजगढ़ के रेंजर देव ऋषि सक्सैना, वन दरोगा शुभम कुमार, वन रक्षक शिवम गोसाई, मेघनाथ सिंह, बबलू, नांगल थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर, दरोगा गौरव सिरोही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पिंजरे को अपने कब्जे में लेकर सामाजिक वानिकी की नर्सरी जालपुर ले गए। पिंजरे में कैद हुआ गुलदार नर बताया गया है। वन विभाग के अनुसार गुलदार की अनुमानित आयु 8 से 10 वर्ष है। संयोग से जिस नहर पटरी पर गुलदार पकड़ा गया, उसके विपरीत की नहर पटरी पर कांवड़ यात्रा चल रही थी। वन विभाग को ग्रामीणों ने सूचना दी थी कि क्षेत्र में गुलदार देखे गए है, जिसके बाद कांवड़ यात्रा को देखते हुए वन विभाग ने चौकसी बरतते हुए गुलदार संभावित क्षेत्र में पिंजरे लगाए थे। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में एक मादा गुलदार भी दो बच्चों के साथ लगातार घूम रही है। इसके साथ ही गुलदार की सूचना पर सैकड़ों ग्रामीण की भीड़ मौके पर जमा हो गई, जिसको बमुश्किल पुलिस ने मौके से हटाया।

### हज आजमीनों के लिए कैम्प 17 को



**शेरकोट।** उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी के निर्देश पर हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हज प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कैम्प का आयोजन किया जायेगा। विद्यालय प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हाईवे स्थित चुंगी नम्बर 5 के निकट आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 17 फरवरी को प्रात: 9 बजे से प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कैम्प आयोजित किया जायेगा। कैम्प में इस वर्ष हज पर जाने वाले हज आजमीनों को ट्रेनरों द्वारा हज की जानकारी दी जायेगी तथा चिकित्सकों द्वारा हज यात्रियों का टीकाकरण भी किया जायेगा। उन्होंने सभी हज यात्रियों से कैम्प में अपने साथ कवर नम्बर लाने के साथ-साथ सभी से समय से अपना-अपना रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की है, जिससे किसी हज पर जाने वाले यात्रि को परेशानी का सामना करना ना पड़े ।

### भाकियू लोकशक्ति का प्रदर्शन



**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के पदाधिकारियों ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील व्यापार अनुबंध समझौता के विरोध में प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा । जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए। ज्ञापन में किसानों के हितों की रक्षा के लिए भारत-अमेरिका व्यापार समझौता रद्द कराने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने कहा कि यह समझौता ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक सिद्ध होगा। प्रदर्शन में राष्ट्रीय महासचिव चौ. पदम सिंह, जग्गन अली, चौ. शेर सिंह, देवेंद्र प्रधान, सरदार जसवीर सिंह धारीवाल, सरदार गुरपेज सिंह, सुखवीर सिंह, अजयपाल सिंह, योगेंद्र सिंह काकरान, मूला सिंह, नरेश कुमार, अंकित दहिया, मुव्वशीर बेग, अकरम अली, गजेंद्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अमित कुमार, जयप्रकाश सिंह,रामअवतार सिंह, घसीटा सिंह, भूपेंद्र सिंह, फुरकान अली, सामत रजा आदि शामिल थे।

## एक नजर

### शिव भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन



**नूरपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने शिव भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया। भंडारे का आयोजन शिव भक्तों ने फीता काट कर किया। उनके ठहरने के लिए टेंट का तम्बू बनाकर व्यवस्था की गई। शिव भक्त महादेव के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लाक अध्यक्ष अमरपाल सिंह, मास्टर देवेंद्र सिंह, अनिक चौधरी, मोनू चौधरी, अशोक धनकड़ प्रधान, सचिन प्रधान, सूर्य प्रताप सिंह, पदम सिंह, कपिल मलिक, श्रषभ मलिक, गोलू मलिक आदि ने सहयोग किया।

### कन्या इंटर कालेज में विदाई समारोह



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शिक्षिका सविता रानी एवं नीरज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके अनुशासन, परिश्रम और विद्यालय के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए आत्मविश्वास, ईमानदारी और निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या रेखा देवी ने अपने प्रेरणादायी भाषण में छात्राओं को आगे की पढ़ाई और जीवन के नए पड़ाव के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सीखे गए संस्कार और शिक्षा ही उनके जीवन की सच्ची पूंजी हैं। उन्होंने सभी छात्राओं को अपने माता-पिता, गुरुजनों और विद्यालय का नाम रोशन करने का संदेश दिया। अंत में छात्राओं को स्मृति-चिन्ह प्रदान किए गए तथा सभी की आंखें भावुक हो उठीं। कार्यक्रम का समापन मंगल. कामनाओं के साथ हुआ।

### श्री महादेव मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव



**धामपुर।** महादेवपुरम् दुर्गा विहार कॉलोनी फेज 2 पर नव निर्मित श्री महादेव मंदिर पर त्रिदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिवस में संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज ने पंचांग वेदी पूजन के साथ अन्नाधिवास सम्पन्न कराया। आज सभी प्रतिमाओं को अन्न में स्थापित करके भगवान से अन्न भण्डार भरे रहने की प्रार्थना की। समाज में कभी किसी जीव के जीवन में खाद्य पदार्थों का अभाव न रहे। मूर्ति स्थापना में आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज के विद्वान शिष्य काशी से पधारे आचार्य हिमांशु सत्यवली के साथ पांच बाह्मणों ने मंत्र जाप, स्तुति पाठ और समस्त वैदिक विधि सम्पन्न कराई। सायंकालीन सत्र में श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मण्डल के बैनर तले सात बार हनुमान चालीसा का पाठ सम्पन्न हुआ। जिसमें भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन दुनिया चले ना राम के बिना राम जी चले ना हनुमान के बिना, यह भजन सबको खूब पसंद आए सब ने तालियां बजाकर उत्सव वर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के द्वारा राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में मनोज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पदम सिंह नरोत्तम कुमार राजपूत, मनोज चौहान, राजू मिस्त्री, गजेंद्र सिंह, राज बहादुर सिंह एडवोकेट, आंचल चौहान, सपना चौहान, अंशु चौहान, हेमलता चौहान, राखी चौहान, संगीता रानी, नीलम रानी, उमा देवी, हेमलता चौहान आदि शामिल रहीं। भजन-कीर्तन के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, राम प्रकाश वर्मा, प्रीतम सैनी, संदीप भारद्वाज, सत्येंद्र शर्मा आदि शामिल रहे। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सबने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

### 21 को भाकियू की महापंचायत



**नूरपुर।** भाकियू की ग्राम अब्दुल्लापुर दहाना (सैदपुर माफी) में 21 फरवरी को महापंचायत प्रस्तावित है। मंच की तैयारियों का जायजा लेने के लिए यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की टीम मौके पर पहुंची। इस मौके पर शीशपाल सिंह, समरपाल सिंह, कफील सैफी, मौहम्मद शमशेर, रियाजुद्दीन, ऋषिपाल सिंह, बाबीस यादव, पुष्पेन्द्र यादव, अभय चौधरी, छतरपाल सिंह, ब्रह्म सिंह आदि उपस्थित रहे।

# आशा संगनियों को एचआईवी की जानकारी

## संक्रमण के कारण, लक्षण और बचाव पर विस्तृत चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामापुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 'संपूर्ण सुरक्षा केंद्र' अभियान के अंतर्गत एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की आशा संगिनियों को एचआईवी और क्षय रोग के प्रति जागरूक करने एवं समाज में सही जानकारी फैलाने हेतु प्रशिक्षित किया गया।



संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकित कुमार ने बताया कि एचआईवी अब कोई जानलेवा हौवा नहीं है। यदि समय पर इसकी जांच और नियमित एआरटी दवा का सेवन किया जाए, तो मरीज एक सामान्य और लंबा जीवन जी सकता है। उन्होंने आशा संगिनियों को ग्रामीण क्षेत्रों में जांच के प्रति हिचक को दूर करने के लिए प्रेरित किया।

सीनियर लैबोरेटरी ट्यूबरकुलोसिस सुपरवाइजर विकास डबर ने टीबी और एचआईवी के बीच संबंध पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एचआईवी ग्रसित व्यक्तियों में टीबी का खतरा अधिक होता है, इसलिए दोनों की समय पर जांच अनिवार्य है। साथ ही उन्होंने सरकारी स्तर पर उपलब्ध मुफ्त जांच सुविधाओं की जानकारी दी।

एचआईवी काउंसलर प्रियंका ने परामर्श के महत्व को समझाते हुए बताया कि संपूर्ण सुरक्षा केंद्र पर होने वाली सभी जांचें एवं सूचनाएं पूरी तरह गोपनीय रखी जाती हैं। उन्होंने एचआईवी के संक्रमण के कारणों एवं उससे बचाव के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी।

इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य आशा संगिनियों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक जागरूकता पहुंचाना है, ताकि एचआईवी पीड़ितों के प्रति भेदभाव समाप्त हो। लोग स्वेच्छा से जांच के लिए आगे आएं। टीबी एवं एचआईवी मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित कर्मियों ने जागरूकता अभियान को सफल बनाने की शपथ ली। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आशाओं में पूजा रानी, संगीता, पूनम रानी, मीणा, शालिनी रानी, यशोदा शर्मा, सविता सैनी, अलका, अनीता रानी, शकील, फरहानाज आदि शामिल रही।

# रणनीति के साथ करें तैयारी, जीव विज्ञान बनेगा हाई स्कोरिंग विषय

## साफ चित्र, सटीक प्रस्तुति व टाइम मैनेजमेंट से पाएं शानदार परिणाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** इंटरमीडिएट परीक्षा की आहट के साथ ही जीव विज्ञान को लेकर विद्यार्थियों की चिंता बढ़ने लगती है, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि यह विषय डर का नहीं, बल्कि सही समझ और अभ्यास का है। यदि योजनाबद्ध तरीके से तैयारी की जाए तो जीव विज्ञान बेहतरीन अंक दिलाने वाला विषय बन सकता है।



पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, झालू की जीव विज्ञान प्रवक्ता रजनी श्रीवास्तव ने छात्राओं को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि जीव विज्ञान को केवल याद करने के बजाय समझकर पढ़ना चाहिए। प्रयोगशाला में नियमित अभ्यास और प्रयोगात्मक अध्ययन से विषय की अवधारणाएं स्पष्ट होती हैं और इसका सीधा लाभ परीक्षा में मिलता है।

### पाठ्यक्रम का विश्लेषण है जरूरी

प्रवक्ता के अनुसार विद्यार्थियों को सबसे पहले पाठ्यक्रम की विभिन्न इकाइयों-जनन, आनुवांशिकी एवं विकास, मानव कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी तथा पर्यावरण का अंक विभाजन समझना चाहिए। प्रत्येक इकाई को संतुलित रूप से तैयार करने से किसी भी प्रकार के प्रश्न का उत्तर आत्मविश्वास के साथ दिया जा सकता है।

### प्रस्तुति से बनता है प्रभाव

जीव विज्ञान में उत्तर की गुणवत्ता के साथ उसकी प्रस्तुति भी अहम होती है। साफ-सुथरे चित्र, स्पष्ट लेबलिंग और व्यवस्थित लेखन उत्तर को प्रभावशाली बनाते हैं। विशेष रूप से जनन इकाई से जुड़े चित्रों का नियमित अभ्यास विद्यार्थियों के लिए लाभकारी साबित होता है।

### समय प्रबंधन से घटेगा दबाव

रजनी श्रीवास्तव ने सलाह दी कि परीक्षा के दौरान पहले सरल प्रश्न हल करें और बाद में जटिल प्रश्नों पर ध्यान दें। लंबे उत्तर लिखने से पहले मुख्य बिंदु तय कर लेना चाहिए। शब्द सीमा, प्रश्न संख्या और अनुभाग का सही अंकन परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन की कुंजी है। उन्होंने विश्वास जताया कि नियमित अध्ययन, प्रयोगात्मक अभ्यास और संतुलित समय प्रबंधन अपनाने वाले विद्यार्थी निश्चित रूप से जीव विज्ञान में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सकते हैं। उनके अनुसार जीव विज्ञान केवल परीक्षा का विषय नहीं, बल्कि प्रकृति और जीवन की गहरी समझ प्रदान करने वाला विज्ञान है।

### प्रेरणादायी व्यक्तित्व, समर्पित शिक्षिका

पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, झालू की जीव विज्ञान प्रवक्ता रजनी श्रीवास्तव शांत, अनुशासनप्रिय और प्रेरक शिक्षिका के रूप में जानी जाती हैं। वे छात्राओं में आत्मविश्वास जगाने, वैज्ञानिक सोच को विकसित करने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मजबूत शैक्षणिक आधार तैयार करने में निरंतर प्रयासरत रहती हैं।उनका मानना है कि जीव विज्ञान केवल परीक्षा का विषय नहीं, बल्कि जीवन और प्रकृति को समझने की सशक्त कुंजी है।

# लूट और फायरिंग की घटना अफवाह

**नांगल सोती।** क्षेत्र के दो होमगार्ड बीती रात्रि करीब आठ बजे भागूवाला की कोटावाली नदी पर ड्यूटी के लिए जा रहे थे।

मंडावली मुख्य मार्ग से सराय आलम के बीच नहर पटरी मार्ग पर तीन नकाबपोश बदमाशों ने उनकी बाइक को रोक लिया। होमगार्ड ने शोर मचाया तो बदमाशों ने भागते समय हवाई फायरिंग की। उधर इसी जगह बदमाशों ने नांगल सोती निवासी सुधांशु जोशी से भी सात सौ रुपए नगदी लूट ली। सुधांशु किसी की बाइक के लिए तेल लेकर जा रहे था। सूचना पर सीओ नितेश प्रताप सिंह व थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की।

उधर थानाध्यक्ष ने बदमाशों द्वारा लूटपाट व फायरिंग की घटना से इंकार करते हुए बताया कि सुधांशु द्वारा पीआरवी पर झूठी लूट की सूचना दी गई थी।

उधर सीओ नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि होमगार्डों द्वारा उन्हें बताया गया है कि उनके साथ कोई घटना घटित नहीं हुई है। कांवड़ यात्रा को देखते हुए गुलदार प्रभावित क्षेत्र होने के कारण पुलिस द्वारा जगह-जगह पटाखे छोड़े जा रहे हैं। उधर पूरी रात लूट की घटना की चर्चा आम होती रही। पुलिस पूरी घटना को अफवाह बता रही है।

# सड़क हादसे में स्कूटी सवार वृद्ध की मौत, बाइक चालक घायल

**हल्दौर।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव सिसौना निवासी करीब 64 वर्षीय वृद्ध धर्मपाल उर्फ धर्मी इलैक्ट्रोनिक स्कूटी से सवार होकर पावटी की ओर से अपने घर लौट रहा था। ग्रामीणों के अनुसार गांव धनौरी के निकट नूरपुर की ओर से आ रही गांव पुरैनी निवासी सतपाल की बाइक से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। स्कूटी सवार धर्मपाल की मौत हो गई, जबकि दूसरा अन्य बाइक चालक सतपाल सिंह गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया और घायल को सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने घायल को बिजनौर रेफर कर दिया। मृतक के पुत्र ने बाइक चालक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# कांग्रेस की मनरेगा बचाओ संग्राम यात्रा

## पदयात्रा को लेकर ग्रामीणों में उत्साह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार के मनरेगा योजना पर हमलों के विरोध और ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए मनरेगा बचाओ अभियान के तहत पदयात्रा का आयोजन किया।




प्राप्त समाचार के अनुसार पदयात्रा ग्राम शादीपुर, इलाचीपुर, बरूकी, बेगावाला, पेडी व रशीदपुर गढ़ी से होकर जनपद मुख्यालय में संपन्न हुई। जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीण मजदूर, किसान और आम जनता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पदयात्रा का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह और जिला यात्रा समन्वयक परवेज आरिफ उर्फ टिट्टू ने किया। पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। ग्रामीण सड़कों पर उतर आए और नारे लगाए। कांग्रेस नेताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हुए मनरेगा योजना की महत्ता और इस पर केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे कथित हमलों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। ग्रामीण मजदूरों ने बताया कि मनरेगा उनके परिवारों की आजीविका का मुख्य आधार है और इसे कमजोर करने के प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नष्ट कर देंगे। जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने कहा कि मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की रीढ़ है। केंद्र सरकार द्वारा इस योजना को कमजोर करने के प्रयास बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। कांग्रेस पार्टी मजदूरों के हक के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक परवेज आरिफ उर्फ टिट्टू ने भी यात्रा में भाग लेते हुए सरकार से मांग की कि मनरेगा योजना को मजबूत बनाया जाए, बजट बढ़ाया जाए और मजदूरों को समय पर मजदूरी दी जाए। जिला मनरेगा समन्वयक मौहम्मद सलीम ने कहा कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होगी। पदयात्रा में फरीद खान एड. सहित सैकड़ों कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।

## INFORMATION

I, hitherto known as Misbah Khatoon alias Mishbha Khatoon, D/o Maruf Ali, W/o Subhan Ul Hasan, R/o Muslim Choudhariyan, Seohara, P.O. Seohara, District Bijnor, Uttar Pradesh – 246746, have changed my name and shall hereafter be known as Misbah Khatoon.

## संबंध विच्छेद सूचना

मैं अपने भाई जुबैर व समीर के गलत व्यवहार के कारण इन दोनों से संबंध विच्छेद करता हूं। इनके किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। वह अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **जुनैद पुत्र रईस अहमद निवासी ग्राम कासमपुर लेखराज, थाना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

## एक नजर

### डीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं




**हल्दौर।** ग्राम गाजीपुर में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने ग्राम चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। चौपाल में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें सामने आईं, जिन पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र के गांव गाजीपुर में जिलाधिकारी जसजीत कौर पहुंची। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र लाभार्थी को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में लापरवाही या अनदेखी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चौपाल के उपरांत डीएम ने गांव का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस दौरान पंचायत भवन सहित अन्य सार्वजनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने, पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने तथा मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए, ताकि योजनाओं का लाभ धरातल पर प्रभावी रूप से दिखाई दे। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी आदित्य वीर, खंड विकास अधिकारी दिनेश पाल शर्मा, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, एसडीएम चांदपुर नितिन तेवतिया, ग्राम प्रधान अभिषेक चौधरी, विकास चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी के गांव पहुंचकर समस्याएं सुनने और समाधान का आश्वासन देने पर आभार प्रकट किया।

### गुलदार ने किया बालक पर हमला



**नहटौर।** महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर श्रद्धालुओं का आवागमन जारी है। इसी दौरान आज सुबह करीब पांच बजे नहटौर-कोतवाली देहात मार्ग पर पैदल आ रहे कांवड़ियों के एक दल के साथ मौजूद जिला अमरोहा के आदमपुर क्षेत्र के आठ वर्षीय अंकित पुत्र दीपेन्द्र बालक पर अचानक झाड़ियों से निकले गुलदार ने झपट्टा मार दिया। श्रद्धालुओं के शोर मचाने और विरोध करने पर गुलदार बालक को छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नहटौर में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। सुरक्षा को देखते हुए विभाग ने तुरंत सख्त कदम उठाए हैं। गुलदार को पकड़ने के लिए क्षेत्र में पिंजरा लगा दिया गया है। वन कर्मियों की गश्त बढ़ा दी गई है। वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह का कहना है कि श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को समूह में चलने तथा सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें : डीएम



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय गौ-संरक्षण समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अस्थायी एवं स्थायी गौशालाओं में स्वच्छता, पर्याप्त चारा एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा गौवंश का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि निराश्रित गौवंश को सुरक्षित आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जाए तथा गौवंश संरक्षण से संबंधित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गौशालाओं का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करें और किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक गौशाला के प्रवेश एवं निकास द्वार तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिससे गौवंश की सुरक्षा एवं देखभाल की सतत् निगरानी की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंश को तत्काल चिन्हित कर नजदीकी अस्थाई या स्थाई गौशालाओं में शिफ्ट किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने निर्देशित किया गया कि चारागाह की भूमि से अवैध कब्जे हटाकर वहां नेपियर घास और अन्य हरा चारा उगाया जाए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए गए कि सभी संरक्षित गौवंश का शत-प्रतिशत टीकाकरण और ईयर-टैगिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय तथा खंड विकास अधिकारियों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### दो बाइकों की भिड़ंत में दो कांवरती घायल

**नगीना।** नजीबाबाद-नगीना मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत में जसपुर उधम सिंह नगर के दो कांवरती मामूली रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद कांवरती अपने गंतव्य की ओर बढ़ गए। जनपद उधम सिंह नगर के थाना जसपुर के ग्राम भगवंतपुर निवासी अंकित कुमार पुत्र राकेश कुमार व निशा पुत्री सूरज सिंह, ज्ञान नगर जसपुर उधम सिंह नगर गुरुवार देर शाम हरिद्वार से गंगाजल लेकर बाइक से लौट रहे थे। नजीबाबाद-नगीना मार्ग पर थाना नगीना देहात क्षेत्रांतर्गत ग्राम हैजरपुर के निकट विपरीत दिशा से आई बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक पर सवार अंकित व निशा मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी नगीना में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों कांवरती अपने गंतव्य को प्रस्थान कर गए। थाना नगीना देहात पर तैनात उपनिरीक्षक ललित कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में दो शिव भक्त घायल हुए थे। जिन्हें सीएचसी नगीना पर प्राथमिक उपचार दिलाकर सकुशल रवाना कर दिया गया है। किसी पक्ष की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

### सड़क हादसे में कृष्ण कुमार घायल

**अफजलगढ़।** थाना रेहड़ के ग्राम दुलिचन्दपुर निवासी कृष्ण कुमार (42 वर्ष) पुत्र मुनीष कुमार अपनी ससुराल त्रिलोकपुर आया हुआ था। देर शाम वह अपनी बाइक द्वारा वापस अपने गृह निवास लौट रहा था। जैसे ही वह सीरवासुचंद- पुक्खेवाला मार्ग पर पहुंचा, तो किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा गिरी और कृष्ण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर जमा हुए राहगीरों ने तत्काल 112 डायल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस की मदद से पीएचसी कासमपुर गढ़ी में भर्ती कराया और घटना की जानकारी परिजनों को दी। पीएचसी के चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति और पसली टूटने की पुष्टि करते हुए उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया।

# करंट से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** ग्राम गुढ़ा सराय में घर में बोरिंग करते वक्त ग्यारह हजार की लाइन से लोहे का पाइप टच होने से युवक की मौत हो गई। युवक की 30 अप्रैल को शादी होनी थी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

### परिजनों में मचा कोहराम



प्राप्त समाचार के अनुसार कल शाम छह बजे घर के अंदर रवि कुमार (23 वर्ष) पुत्र मदन सिंह ग्राम गुढ़ा सराय आजमपुर गाजी घर में बोरिंग का कार्य कर रहा था। घर के ऊपर से गुजर रही ग्यारह हजार की लाइन से अचानक लोहे का पाइप टच हो गया और रवि कुमार की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना चौकी क्षेत्र गंग नहर प्रभारी एसआई कय्यूम अली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक रवि कुमार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की शादी 30 अप्रैल को होनी थी। रवि कुमार बोरिंग का कार्य करता था। परिवार में रवि का बड़ा भाई लंबे समय से बीमार चल रहा है और छोटा भाई मानसिक रूप से कमजोर है। छोटी बहन की अगले साल शादी होनी है। घर की सारी जिम्मेदारी इसी के सिर पर थीं। मृतक युवक के माता-पिता वृद्ध है। रवि की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और ग्राम में शोक की लहर दौड़ गई। यहां गुढ़ा सराय में पुल का निर्माण हुआ था। उस समय विद्युत विभाग के द्वारा ग्यारह हजार की लाइन को पुल के रास्ते से हटाकर ग्राम में पहले से बने मकानों के ऊपर से लगाया गया था। इस घटना के हो जाने से विद्युत लाइन के नीचे रहने वाले लोग जयपाल, ऋषिपाल, मदन सिंह, दीपक, मेहर सिंह ने विद्युत लाइन को हटाने की मांग कर रहे हैं। इस विषय में जब एसडीओ विद्युत विभाग रायपुर सादात से जानकारी ली गई, तो उन्होंने बताया कि घटना संज्ञान में है। विभागीय जांच के बाद लाइन को हटा लिया जाएगा।

### बिजली के सामान के साथ गिरफ्तार

**नहटौर।** ग्राम चकगौवर्धन निवासी रोहित कुमार ने थाना नहटौर में तहरीर दी थी कि अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान से बिजली का सामान, तार के बंडल, डब्ट और चेन्जओवर चोरी कर लिया है। पुलिस ने तत्काल सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस को इरफान पुत्र हनीफ के संलिप्त होने के साक्ष्य मिले। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 10 पैकेट बिजली के तार। चोरी का सामान बेचकर प्राप्त किए गए 1200 रुपये नकद बरामद किए। गिरफ्तार अभियुक्त इरफान एक शातिर किस्म का अपराधी है। उस पर बिजनौर के विभिन्न थानों (नहटौर, किरतपुर, कोतवाली शहर, हल्दौर) में चोरी, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित लगभग नौ गंभीर मुकदमे पहले से दर्ज हैं। इस सफलता में मुख्य रूप से उप-निरीक्षक अशोक मलिक, हेड कांस्टेबल दीपक राणा और कांस्टेबल दीपक कुमार का विशेष योगदान रहा।

# अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे कांवरती

## सुंदर ढंग से सजाई गई कांवड़ रही आकर्षण का केन्द्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर समूचा क्षेत्र शिवमय हो गया है। नहटौर-हल्दौर चौराहे पर उस समय भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला, जब भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ कांवड़ियों का एक विशाल जत्था वहां से गुजरा। केसरिया रंग में रंगे शिवभक्तों के उत्साह ने पूरे माहौल को भक्तिपूर्ण बना दिया।



प्राप्त समाचार के अनुसार कांवड़ियों के जत्थे में शामिल एक विशेष भव्य शिव कांवड़ लोगों के बीच आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। सुंदर ढंग से सजाई गई इस कांवड़ और उसमें विराजमान भगवान शिव की प्रतिमा को देखने के लिए स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बम भोले के नारों से आकाश गुंजायमान हो उठा। कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। पैरों में छाले और लंबी दूरी की थकान के बावजूद शिवभक्तों के चेहरे पर गजब की मुस्कान और भक्ति का तेज देखने को मिला। डीजे पर बज रहे भजनों पर थिरकते हुए कांवड़िए अपनी मंजिल की ओर बढ़ते जा रहे हैं।

# चौधरी अजीत सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा

## किसानों के अधिकारों के लिए संघर्ष को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोक दल के संस्थापक नेता चौधरी अजीत सिंह की जयंती के अवसर पर चांदपुर विधानसभा क्षेत्र के नगर चांदपुर में नगर अध्यक्ष मुंजरीम अहमद के प्रतिष्ठान पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी ने की। जबकि संचालन जिला महासचिव डॉ. विपिन तोमर ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव किसान प्रकोष्ठ कृष्णपाल सिंह राठी उपस्थित रहे।




सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों और कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित किया। उन्होंने किसानों की आवाज को संसद से लेकर सड़कों तक मजबूती से उठाया और हमेशा ग्रामीण भारत के विकास को प्राथमिकता दी। उनके नेतृत्व में संगठन ने सामाजिक समरसता और सर्व समाज के सम्मान की राजनीति को आगे बढ़ाया। प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने पहले थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह उनके सिद्धांतों पर चलते हुए संगठन को मजबूत करें और जनहित के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष करते रहें। मुख्य अतिथि कृष्णपाल सिंह राठी ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह किसानों की असली आवाज थे। उनका राजनीतिक जीवन सादगी, संघर्ष और सिद्धांतों की मिसाल रहा है। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं से प्रेरणा लेकर समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शीशपाल राठी, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र प्रधान, वरिष्ठ नेता अकरम उस्मानी, मतलूव कुरैशी, इरफानुद्दीन, समीम अहमद, प्रीतम प्रधान, डॉ. राजीव तोमर, हुकुम सिंह सेक्रेटरी, राजीव चौधरी, निमित चौधरी, दीपांशु अहलावत, भूदेव तोमर, भोले प्रधान, अशफाक प्रधान, सुरेश प्रधान, रविंद्र हिरनाखेड़ी, जगदीश सिंह, महेंद्र कश्यप, शहाबद्दीन, कर्मेंद्र सिंह, सुहैल अहमद, वकील अहमद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अभिनेता मुश्ताक खान के अपहरणकर्ताओं पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

## फिरौती वसूलने वाले गिरोह के दस सदस्यों पर दर्ज हुआ मुकदमा, लीडर भी नामजद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अभिनेता मुश्ताक खान के अपहरण और फिरौती वसूली के मामले में पुलिस ने बड़ा कदम उठाते हुए आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। शहर कोतवाली पुलिस ने संगठित गिरोह के दस सदस्यों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, 20 नवंबर 2024 को इवेंट के नाम पर अभिनेता को दिल्ली से बुलाकर उनका अपहरण किया गया था। इसके बाद उन्हें बिजनौर में बंधक बनाकर रखा गया और डरा-धमकाकर 2.20 लाख रुपये की फिरौती वसूली गई थी। घटना के बाद अभिनेता के इवेंट मैनेजर ने शहर कोतवाली में अपहरण और फिरौती वसूली की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज की और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी की। शहर कोतवाली प्रभारी रामप्रताप सिंह ने बताया कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार यह एक सक्रिय और संगठित गिरोह है, जो आर्थिक लाभ के लिए अपहरण और फिरौती जैसे जघन्य अपराध करता रहा है। गिरोह का सरगना रिक्की उर्फ सार्थक चौधरी बताया गया है, जबकि अन्य आरोपी उसके सक्रिय सदस्य हैं।पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह के समाज विरोधी कृत्यों के कारण क्षेत्र में भय और आतंक का माहौल बना हुआ था। आम लोग इनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने या गवाही देने से भी डरते थे। गिरोह के सदस्यों द्वारा लगातार अवैध गतिविधियों में लिप्त रहकर धन अर्जित किया जा रहा था, जिससे कानून-व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा था।

पुलिस द्वारा तैयार किया गया गैंग चार्ट जिलाधिकारी से अनुमोदित कराया गया। इसके आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 की धारा 2/3 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## जनगणना कार्य सुचारू व सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिए

# सुपरवाइजरों और एन्यूमैरेटर्स की सूची तैयार कर लें: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज दोपहर 1:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना-2027 की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण सांख्यिकीय प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विभिन्न विकास योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्वयन किया जाता है। उन्होंने निर्देश दिए कि हाउस लिमिट ब्लॉक्स के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों को सुचारू सुव्यवस्थित रूप से संपन्न करने के लिए सुपरवाइजर्स एवं एन्यूमैरेटर्स की सूची तैयार कर ले। ताकि उनको उक्त कार्य के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकानों का सूचीकरण किया जाएगा। तदुपरांत भारत सरकार द्वारा दूसरे चरण के लिए निर्गत दिशा निर्देशों के अनुरूप जनगणना की



प्रक्रिया संपन्न होगी।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार इस बार की जनगणना पूर्णत डिजिटल मोड में होगी। प्रगणक (Enumerators) मोबाइल ऐप के माध्यम से घर-घर जाकर डेटा संकलित करेंगे। इसके साथ ही, नागरिकों के लिए 'स्व-गणना' (Self&Enumeration) की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। जिसके माध्यम से लोग स्वयं वेब पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि जनगणना-2027 के लिए निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय बनाकर जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें तथा निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे आवश्यक संसाधनों, कार्मिकों की नियुक्ति, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा आवश्यक लॉजिस्टिक व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करें। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना के दौरान आने वाले प्रगणकों को सही जानकारी देकर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सहयोग करें।

बैठक में जिला प्रभारी जनगणना जेपी यादव द्वारा विस्तार से जनगणना 2027 के संबंध में जानकारी उपलब्ध करते हुए अधिकारियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। उन्होंने बताया कि जनगणना कार्य के लिए पर्यवेक्षकों एवं गणनाकारों का चयन शीघ्र किया जाएगा तथा उन्हें चरणबद्ध प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही, जनसामान्य में जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार अभियान भी संचालित किया जाएगा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर निकाय तथा खंड विकास अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### तीन दिवसीय विशाल भंडारा आयोजित



**नजीबाबाद।** पावन शिवरात्रि पर्व के अवसर पर हरिद्वार से चलकर दूर-दूर तक अपने गंतव्य को प्रस्थान करने वाले शिव भक्त कांवरती यहां से होकर गुजरते हैं। शिव भक्तों की सेवा हेतु नगर में जगह-जगह सेवा शिविर व भंडारे आयोजित किए जाते हैं। नगर के टीला मंदिर पर श्री नवदुर्गा महाकाली समिति द्वारा तीन दिवसीय भंडारा सेवा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें भोजन, नाश्ता व फास्ट फूड जिसमें चाऊमीन, पास्ता, आलू टिक्की, जलेबी, पानी बतासे, छोले-चावल, राजमा-चावल, गोभी-पूरी, दूध आदि के साथ-साथ रात्रि में शिव भक्तों के लिए विश्राम की व्यवस्था की गई। सुबह दस बजे से रात्रि दस बजे तक बिना रुके भंडारा चल रहा है। श्री नवदुर्गा महाकाली समिति के संस्थापक पवन कुमार अग्रवाल, संरक्षक ठाकुर हरविंदर राजपूत, व्यवस्थापक पन्नालाल अग्रवाल, प्रधान विवेक कुमार नेनू, सरदार परविंदर सिंह, निखिल शर्मा, सुधीर अरोरा बंटी, सचिन अग्रवाल, संदीप बहल, मंगलेश शर्मा, नकुल अग्रवाल, उदय प्रताप आदि समिति के सदस्यों द्वारा शिव भक्तों की सेवा निरंतर की जा रही है। पिछले 32 वर्षों से भंडारा व सेवा शिविर हर वर्ष आयोजित किया जाता है।

### छात्र-छात्राओं का सम्मानित किया



**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में दिल्ली विकास संस्थान द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सफल विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र के साथ स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं कांस्य पदक प्रदान किए गए। सम्मान समारोह विद्यालय प्रांगण में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हिंदी भाषा में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, भाषा-प्रेम और आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी निरंतर परिश्रम करते रहने के लिए प्रेरित किया। हिंदी विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति सराहनीय रही। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को उनकी उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।

### जिला महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा जिला महिला अस्पताल का औचक रूप से निरीक्षण किया गया। अस्पताल में स्टाफ कम पाए जाने पर उन्होंने उपस्थिति पंजिका तलब की। पंजिका में कर्मचारियों के नाम तो दर्ज थे, परंतु किसी भी कर्मचारी का ड्यूटी टाइम नहीं लिखा हुआ पाया गया। जिससे रात और दिन के स्टाफ का सही पता चल सके। उन्होंने इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि ड्यूटी समय का निर्धारण करते हुए शिफ्टवार स्टाफ की उपस्थित पंजिका बनाएं ताकि भ्रम की स्थिति न रहे। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने एनआईसीयू एवं चाइल्ड वार्ड का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि वार्डों सहित अस्पताल में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखें और किसी भी स्थान पर गंदगी नजर नहीं आनी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि वार्ड में भर्ती मरीजों का ध्यान रखा जाए और उनको किसी भी प्रकार की सुविधा न होने पाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भर्ती मरीजों एवं बच्चों के अभिभावकों से अस्पताल में उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के बारे में मालूम किया, जिस पर उनके द्वारा अस्पताल में सुविधाओं तथा दवाओं आदि का निःशुल्क रूप से उपलब्ध होना बताया गया।

### उपजिलाधिकारी चांदपुर को सौंपा मांग पत्र



**चांदपुर।** सिविल बार एसोसिएशन ने एक शोकसभा आयोजित कर जनपद रामपुर में एक अधिवक्ता फारूख अहमद की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या करने के सम्बंध में एक शोकसभा आयाजित की। शोकसभा में इस जघन्य अपराध की बार एसोसिएशन चांदपुर ने घोर निंदा करते हुए रामपुर जिला बार के समर्थन में आज सभी न्यायालयों में न्यायिक कार्यों से पूर्णत: विरत रहने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया और राज्य सरकार से अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की गई। सिविल बार एसो चांदपुर ने शोकसभा में दिवंगतात्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस असहनीय पीड़ा को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस बाबत एक मांग पत्र अध्यक्ष शमशाद अहमद एड. एवं महासचिव हरिश्वर सिंह एड. के संयुक्त नेतृत्व उपजिलाधिकारी चांदपुर को भी सौंपा गया। मांग पत्र देने वालों में सिविल बार एसोसिएशन के समस्त सम्मानित पदाधिकारी एवं सदस्यगण शामिल रहे।

### विद्यालय परिसर में शेरी नशिस्त आयोजित

**नगीना।** मशहूर शायर मिर्जा गालिब की 157वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में स्कॉलर पब्लिक स्कूल में आयोजित शेरी नशिस्त (काव्य गोष्ठी) में शायरों ने अपने कलाम से समां बांध दिया। गोष्ठी का आगाज डॉ. अहतशाम तश्ना ने तिलावत-ए-कुरान से किया। इसके अलावा हाफिज नगीनवी, अशरफ शेरकोटी, शाहिद अंजुम, रईस अहमद राज, अहतशाम तश्ना, बहार शम्सी, तसलीम अहमद ने अपने अपने कलाम पेश किए। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैं भूरी पत्नी सददीक मेरा पुत्र वसीम जो कि मेरे कहने सुनने में नहीं है। लोगों से लेन-देन व अपकृत्य करता फिरता है। मना करने पर आए दिन मेरे साथ गाली-गलौज व मारपीट करता है। इससे मुझे व मेरे परिवार को जान माल का खतरा है। मैं अपने पुत्र वसीम को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। आज से उसके किसी भी वाद-विवाद में किसी भी लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई भी मतलब वास्ता नहीं होगा।

**भूरी पत्नी सददीक ग्राम अटरिया, सरदार नगर, मुरादाबाद, जनपद मुरादाबाद**

# फैमिली प्लानिंग पर कुदरत की चोट

### ० महिला ने एक नहीं तीन-तीन शिशुओं को दिया जन्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बढ़ती जनसंख्या रोकने को सरकार की ओर से हम दो हमारे दो का नारा देकर फैमिली प्लानिंग की अनेको योजनाएं चला रही है। जबकि बेटी हो या बेटा बच्चे दो ही अच्छे करने को लेकर निरंतर जागरूक किया जा रहा है। वहीं एक महिला के एक साथ तीन शिशुओं के जन्म ने सरकार के फैमिली प्लांनिंग पर कुदरत ने चोट दी है।

जनपद बदायूँ के ग्राम संदोला तहसील बिसौली निवासी सरिता पत्नी सतेन्द्र के पहले एक बेटी है। बेटे की चाहत में पति -पत्नी ने दूसरा बच्चा करने का फैसला किया। दोनों के सहयोग से सरिता गर्भवती हो गयी। बेटे की चाहत में दूसरा बच्चा करने के तैयार हुई प्रसूता को नहीं पता था कि जिस भगवान से वह एक बेटे की मांग कर रही है कुदरत उसे एक नहीं बल्कि एक साथ दो पुत्र रत्न देकर उसकी गोद भर देगा। हुआ भी वहीं कुदरत के यहां देर है अंधेर नहीं यह फिर से चरित्रार्थ हुआ। प्रसूता सरिता को प्रसव पीड़ा होने लगी। गांव की ही स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत गीता यादव उसे अपने साथ सुरक्षित प्रसव कराने के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय लेकर पहुंची। महिला चिकित्सक ने प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कर लिया। प्रसव पीड़ा बढ़ते ही प्रसूता को प्रसव के लिए ले जाया गया जहां उसने पहले एक बेटे को जन्म दिया। उसके चंद सेंकेड बाद उसे फिर से प्रसव पीड़ा होने लगी। जबकि दूसरे बेटे को जन्म देने के बाद प्रसूता फिर से प्रसव पीड़ा से कराहने लगी। कुछ देर में ही महिला ने तीसरे बच्चे (बेटी) को जन्म दे दिया। एक साथ तीन बच्चों को सामान्य प्रसव से जन्म की सूचना अस्पताल में फैलते ही सीएमएस, अस्पताल मेनेजर समेत अन्य कर्मी वार्ड में पहुंचे और नवजात को गोद में लेकर हर्ष व्यक्त किया। वहीं एक साथ तीन शिशुओं के जन्म नेसरकार की जनसंख्या वृद्धि रोकने के लिए चलायी जा रही योजनाओं को चो दी है।



सम्भल। जिला अस्पताल में एक साथ जन्मे तीन शिशुओं को गोद में लिए सीएमएस व कर्मचारी।

# बेसिक शिक्षा कार्यालय के निरीक्षण में 16 मिले अनुपस्थित

### ०एडीएम न्यायिक ने किया तीन कार्यालयों का निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मुखिया कार्यालय में नहीं कर्मचारियों को किसी का डर नहीं। ऐंसा ही सामने आया बेसित शिक्षा विभाग के कार्यालय के निरीक्षण में डीएम के निर्देश पर बेसिक शिक्षा समेत तीन कार्यालय के किए गए निरीक्षण में 16 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण करने पहुंचे एडीएम न्यायिक ने सभी अनुपस्थिति कर्मचारियों को कारण बताओ नाटिस जारी करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय ने बहजोई स्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं मीड डे मील सेल एवं समग्र शिक्षा कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा तीनों कार्यालयों की उपस्थित पंजिकाओं को चेक किया। तीनों में कुल 24 स्टाफ में से 16 अनुपस्थित पाए गये, जबकि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अवकाश पर मिलीं। अपर जिलाधिकारी ने अनुपस्थितों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त स्टाफ कार्यालय में समय से उपस्थित रहें। उन्होंने कार्यालयों एवं परिसर में साफ सफाई को लेकर भी निर्देशित किया।



सम्भल। बेसिक शिक्षा कार्यालय का निरीक्षण करते एडीएम न्यायिक।

# रूद्राभिषेक से होती है मनोकामना पूर्ण

### ०वंश वृद्धि को घी से करें अभिषेक

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक करने से मनोकामना पूर्ण होती हैं। इस लिए सभी शिव जी पर जल चढ़ाते हैं।
पंडित सत्यम मिश्रा ने बताया कि रुद्राभिषेक का अर्थ है भगवान रुद्र का अभिषेक अर्थात शिवलिंग पर रुद्र के मंत्रों के द्वारा अभिषेक करना। अभिषेक शब्द का शाब्दिक अर्थ है ख्र स्नान करना अथवा कराना। शास्त्रों में ऐसी मान्यता है कि रुद्राभिषेक करने से भगवान शिव हर मनोकमना पूरी करते हैं। इससे प्रतिकूल ग्रह स्थिति अथवा अशुभ ग्रह जनित दोष और रोगों से भी मुक्ति मिलती है।शिव पुराण में इसका वर्णन है। शिवलिंग का अलग-अलग पदार्थों के माध्यम से अभिषेक करने से भक्तों को विशेष लाभ एवं उद्देश्य की पूर्ति होती है।

अगर रोग और दुःख से छुटकारा चाहते हैं। तो कुशा जल से अभिषेक करना चाहिए। मोक्ष की प्राप्ति के लिए तीर्थ से लाये गये जल से अभिषेक करें।बीमारी को नष्ट करने के लिए जल में इत्र मिला कर अभिषेक करें। रोग शांति तथा मनोकामनाएं पूर्ण करने के लिए गाय के दुग्ध से अभिषेक करें। ज्वर ठीक करने के लिए गंगाजल से अभिषेक करें। सद्‌बुद्धि और ज्ञानवर्धन के लिए दुग्ध में चीनी मिलाकर अभिषेक करें। वंश वृद्धि के लिए घी से अभिषेक करना चाहिए। महाशिवरात्रि पर शिव जी का जलाभिषेक सभी को लाभकारी है।

# रोटरी क्लब शिविर लगाकर करेगा शिवभक्तों की सेवा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** महाशिवरात्रि पर्व पर रोटरी क्लब मिडटाउन की आर से शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा और श्रृद्धा को समर्पित एक भव्य आयोजन किया जायेगा। क्लब की ओर से इसकी तैयारियां कर ली गई हैं। क्लब अध्यक्ष डा. प्रशांत वार्ष्णे ने बताया कि शनिवार, 14 फरवरी (आज) कांवड़ियों के लिए एक विशाल प्रसाद वितरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। रोटेरियन मनोज वार्ष्णेय श्री गणेश एंटरप्राइजेज और रोटेरियन पंकज ठाकुर के विशेष सहयोग से शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया कि 'नर सेवा ही नारायण सेवा है' के ध्येय वाक्य को चरित्रार्थ करते हुए इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ कांवड़ियों की सेवा की जाएगी। शिविर के आयोजन रोटेरियन मनोज वार्ष्णेय का निवास, हयात नगर थाने के सामने हागा। रोटे मनोज वार्ष्णेय और पंकज ठाकुर ने संयुक्त रूप से बताया कि शिविर में कांवड़ियों के लिए जलपान एवं शुद्ध प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। रोटरी क्लब सम्भल मिडटाउन के अध्यक्ष डा.प्रशांत वार्ष्णेय, ने सभी रोटेरियन साथियों पुण्य के भागीदार बनने का आहवान किया है।



सम्भल। विनियमित क्षेत्र के तहत बने ऑडिटोरियम का निरीक्षण करते डीएम।

# विकास खंड कार्यालय में एसआईआर कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट परिसर स्थित विकासखंड कार्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का निरीक्षण किया।

बहजोई कलक्ट्रेट स्थित विकास खंड कार्यालय पहुंचकर डा. राजेन्द्र पैंसिया ने विशेष गहन पुनरीक्षण ( एस आई आर) कार्यों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित कर्मचारियो की डी एम ने जानकारी लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी के साथ विकास खण्ड कार्यालय परिसर में साफ सफाई को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत सरस हॉट शोरूम एवं कलक्ट्रेट के बाहर भी निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, डिप्टी कलक्टर निधि पटेल, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार उपस्थित रहे। इसके बाद डीएम ने

# वेलेंटाइन डे नहीं किया जाता है माता-पिता पूजन

### ०निजि कार्यालय पर खोली पीडीए पाठशाला

शाह टाइम्स,ब्यूरो



**सम्भल।** 14 फरवरी को पाश्चात्य संस्कृति से ओतप्रोत वैलेंटाइन डे मनाने का जो फैशन युवा शक्ति पर हावी रहता है उस स्थान पर सम्भल की संस्था हिंदू जागृति मंच पिछले 20 वर्षों से माता-पिता पूजन दिवस के रूप में मनाती रही है।
गत 20 वर्षों से हर वर्ष 14 फरवरी को माता-पिता पूजन दिवस के रूप में हिंदू जागृति मंच का ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में कार्यक्रम होता है। कभी विद्यालयों में जाकर, कभी सामाजिक संस्थाओं के बैनर तले तो कभी विभिन्न मोहल्ले में अपनी पहुंच बनाकर सामूहिक रूप से माता-पिता पूजन दिवस का कार्यक्रम संपन्न किया जाता है। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा कहते हैं कि वैलेंटाइन डे के नाम से 14 फरवरी को जो फूहड़पन और गंदगी हमारे युवा मस्तिष्क में परोसी जाती है उसके विरोधा स्वरूप अनेक राष्ट्रवादी संगठन उन प्रेमी जोड़ों को मारने पीटने भगाकर सबक सिखाने का जो कार्य करते हैं। उसके स्थान पर सामाजिक आध्यात्मिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक जागृति हेतु समर्पित संस्था हिंदू जागृति मंच पिछले कई वर्षों से विद्यालयों में सामाजिक संस्थाओं के स्तर से घर-घर माता-पिता पूजन दिवस का पर्व मनाने का आग्रह करती है, मनाती भी है। इस वर्ष 14 फरवरी को हिंदू जागृति मंच के सभी सदस्यों ने अपने परिचितों, संपर्क सूत्रें, संबंधियों को फोन के माध्यम से व्हाट्सएप के माध्यम से आग्रह पूर्वक घर-घर माता-पिता पूजन दिवस मनाने की प्रार्थना की है। इसके तहत सभी युवा बालक बालिकाएं अपने माता-पिता को मस्तक पर तिलक करके पुष्प अथवा कोई उपहार भेंट करके प्रणाम अथवा चरण स्पर्श करके जीवन पर्यंत उनकी आज्ञा का पालन करने और उनके अनुसार उनके द्वारा देखे गए सपनों को साकार करने का संकल्प लेंगे। ऐसे फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर भी अपलोड किए जाएंगे। हिंदू जागृति मंच के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य अपने मित्रें संबंधियों सहयोगियों परिचितों को अपने-अपने घरों में माता-पिता पूजन दिवस मनाने का आग्रह करेंगे। इस प्रकार हिंदू जागृति मंच अपनी विशेष पहचान बनाकर वैलेंटाइन डे नहीं बल्कि माता-पिता पूजन दिवस मना कर 14 फरवरी का प्रचार करेंगे। यहां बताते चलें कि राष्ट्रीय स्तर पर अनेक साधु संतों और गुरुजनों ने अपने-अपने आश्रम पर 14 फरवरी को माता-पिता पूजन दिवस मनाने का तथा 14 फरवरी को माता-पिता पूजन दिवस घोषित करके घर-घर अलग मनाने का सार्वजनिक आहवान भी किया है। अनेक धार्मिक सामाजिक साहित्यिक और राष्ट्रवादी संस्थाओं से माता-पिता पूजन दिवस के रूप में 14 फरवरी मनाने का आग्रह युक्त निवेदन किया गया है।

# आधा दर्जन बकरियां चोरी कर ले गए चोर





### ०फरवरी माह में आधा दर्जन घरों को निशाना बना चुके हैं चोर, चोरी की बढ़ती वारदातों से ग्रामीणों में खौफ

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र में चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही है। गांव मखदुमपुर में फरवरी माह में अब तक चोर छह घरों को निशाना बनाकर 60 से 70 हज़ार क पर हाथ साफ कर चुके हैं। इसी गांव में रात उवैस पुत्र खुर्शीद के यहां से चोर ने पांच बकरियों को चुराकर ले गए। दीवार कूदकर दूसरी तरफ गांव के ही अख्तर पिता मुन्शी के घर की दीवार काट कर बकरी चुराने का प्रयास किया तभी अख्तर की आहट पाकर नींद खुल गइ। उसने बकरियों की तरफ जाकर देखा तो कर वहां पर चोर दीवार काट रहे थे। अख्तर ने शोर मचाया तो चोर वहां से फरार हो गए। शोर सुनकर जागे ग्रामीणों ने चोरों का पीछा किया लेकिन चोर हाथ नहीं आये। चोरों के भागते समय एक जोड़ी जूते भी मौके पर रह गए हैं। बता दें कि अभी पिछली 6 फरवरी की रात में दो घरों में चोरी हुई थी। जिसमें अय्यूब पुत्र इसाक के यहां से 10000 हजार नगदी और एक मोबाइल चुरा कर चोर ले गए थे। जबकि उसी रात को दूसरे व्यक्ति मोहम्मद हनीफ पुत्र रजा अली की भी दो बकरी चोर चुरा कर ले गए थे, लेकिन पुलिस के हाथ अभी खाली है। तीनों लोगों ने पुलिस को सूचना दी है। मौके पर थाना हजरत नगर गढ़ी पुलिस व 112 नंबर पहुंची।

# बम-बम भोले के साथ कांवरिये कांवर लेने निकले

### ०राजघाट गंगाघाट पर पहुंचे कांवरियों ने जल लिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** कांवरिया कांवर लेने निकले बबराला महाशिवरात्रि पर्व 15 फरवरी को है। शिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए आसपास के लोगों के अलावा अन्य जिले के लोग भी जल लेने निकल पड़े हैं।

राजघाट गंगाघाट पर कांवरियों ने आकर जल लिया। जल लेने के बाद वह उन्हें चढ़ाने के लिए मंदिरों के लिए निकल पड़े। कांवरिया कांवड़ लेकर पैदल राजघाट गंगा घाट पर पहुंचे। गंगा घाट जय भोले के जयकारों से गूंज उठा। सभी कांवरिया जयकारा लगा रहे थे। गंगा घाट का वातावरण शिवमय हो गया। कांवरिया हाथों में कांवर लेकर पहुंचे। कांवरियों ने गंगा घाट से जल लिया उसके बाद शिव मंदिरों के लिए रवाना हो गए। कांवरिया जय भोले की का उदघोष करते हुए चल रहे थे। नगर बबराला में भी उनका कई जगह स्वागत किया गया। नगर के लोगों ने उन्हें फूल मालाएं भी पहनाई।

# सुबह शाम को ठंड दोपहर को मौसम हो रहा काफी गर्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मौसम के बदले मिजाज से सुबह-शाम ठंड जबकि दोपहर को तेज धूप में गर्मी का अहसास कराने लगी है।

मौसम तेजी से बदलता जा रहा है। सुबह एवं शाम ठंड का पूरा अहसास हो रहा है। लेकिन दोपहर में तेज धूप भयंकर गर्मी का अहसास कराने लगी है। शुक्रवार को भी सुबह को ठंड रही जबकि दोपहर को मौसम काफी गर्म रहा। वैसे तो दिन का पारा चढ़ने के साथ धूप का असर महसूस होने लगा था लेकिल दोपहर की धूप भयंकर गर्मी का अहसास करा दिया। इतना ही नहीं गर्मी के दस्तक से काफी लोग दोपहर को पंख चलाने लगे है। हालांकि अभी मौसम की नमी कम होने और तेज धूप में गर्मी अधिक पड़ने की सम्भावनाएं बनी हुई हैं।

# मोदी सरकार की ट्रैड डील किसानों का डेथ वारंट



सम्भल-भाकियू असली कार्यकर्ताओं की बैठक में बोलते चौ. हरपाल सिंह।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन (असली) अराजनैतिक के नव निर्मित काम्प्लेक्स में जिला कार्यालय का उदघाटन समारोह पूर्वक किया गया।

हयातनगर स्थित तारिक पाशा के कॉम्पलेक्स में स्थित कार्यालय का उदघाटन पर किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के किसानों की बर्बादी के लिए किसान विरोधी मोदी सरकार ने किसान के अस्तित्व पर यह चौथा हमला किया है। पहला हमला देश के किसानों को कृषि उपज पर मिलने वाले बोनस को समाप्त किया। दूसरा हमला नये भूमि अधिग्रहण कानून को अध्यादेश के जरिए समाप्त करने का प्रयास करके, तीसरा हमला कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग के लिए तीन काले कृषि कानून लाकर चौथा हमला मुक्त कृषि व्यापार के नाम पर अमेरिकी सरकार के साथ ट्रेड डील कर चुकी है। मोदी सरकार द्वारा किया गया यह समझौता किसानों के डेथ वारण्ट पर हस्ताक्षर के समान है। देश का किसान मोदी सरकार द्वारा अमेरिकी सरकार के दबाव में लिए गए इस फैसले को कतई स्वीकार नहीं करेगा चाहे इसके लिए कोई भी कुर्बानी देनी पड़े इसके लिए 18-फरवरी को मण्डलायुक्त मुरादाबाद के कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी मोहम्मद अली ने की संचालन जयवीर सिंह यादव ने किया। श्रृषिपाल सिंह यादव, आशक रजा, तारिक पाशा, अनीस अहमद, चौ. संजीव गांधी, दिलशाद हुसैन, डा0 जावेद अहमद, चौ. अर्जुन सिंह, मोहम्मद सुलेमान, मौ. वारिस, अखिलेश सिंह, रामवीरेश यादव एड., सचिन यादव, वीरेश यादव, महाराज सिंह यादव, साबिर खां, नईम अख्तर, बाबूराम प्रजापति आदि ने सम्बोधित किया।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल- हयात नगर कोतवाली पुलिस ने घर से गिरफ्तार किया वारंटी।

### छात्राओं ने थाने का भ्रमण कर जानी पुलिस की कार्यशैली

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध की रोकथाम और अपराधियों की धर पकड़ को अभियान तेज है। हयात नगर पुलिस ने अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण को चलाये गए अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन और सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में वारंटी राजेन्द्र पुत्र नन्दराम निवासी ग्राम मोतीनगर थाना हयात नगर को उसके मकान से दबौच लिया। पुलिस ने उसका चालान कर दियां वारंटी को पकड़ने में उप निरीक्षक बसंत कुमार के साथ कां. प्रशांत कुमार रहे।

### मोतियाबिंद आपरेशन को लगा निःशुल्क नेत्र शिविर

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर के भानु आई केयर सेंटर के तत्वावधान में तीन दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।जो 13 फरवरी से आरम्भ हो गया। यह 15 फरवरी 2026 तक चलेगा।नेत्र चिकित्सक डा. राहुल यादव ने बताया कि इस शिविर में आँखों की संपूर्ण जाँच, मोतियाबिंद (कैटरेक्ट) का निःशुल्क आपरेशन अनुभवी नेत्र चिकित्सकों द्वारा सभी सेवाएँ पूर्णतः निःशुल्क रहेंगी। सभी लोग इस जनहितकारी शिविर का लाभ प्राप्त करें।

### रेलवे स्टेशन के पास से 950 ग्राम गांजे के साथ तस्कर दबोचा

नोएडा (शाह टाइम्स)। रेलवे स्टेशन के पास से पुलिस ने गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी रेलवे स्टेशन के आसपास यात्रियों और अन्य लोगों को गांजा बेचने का काम करता था। आरोपी की पहचान मंडपा गांव निवासी रऊफ के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 950 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी पिछले कई महीनों से गांजे की तस्करी कर रहा था और स्टेशन के आसपास सक्रिय था। पूछताछ में आरोपी ने अवैध धंधे में शामिल होने की बात स्वीकार की है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

# डीएवी में महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती पर 21 कुंडीय यज्ञ

### ०भजन संध्या का भी हुआ आयोजन

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल,बबराला में महर्षि दयानंद सरस्वती की पावन जयंती के उपलक्ष्य में 21 कुण्डीय वैदिक यज्ञ एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोक कल्याण, पर्यावरण शुद्धि एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रसार रहा।
कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं आहुतियों के साथ हुआ। विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों ने श्रृद्धापूर्वक यज्ञ में सहभागिता की। तत्पश्चात आयोजित भजन संध्या में महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन, कृतित्व एवं वैदिक सिद्धांतों पर आधारित प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय एवं प्रेरणादायी बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष एवं यारा फर्टिलाइजर कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुख्य अतिथि एम. एस. प्रसाद ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने वेदों की ओर लौटने का आहवान कर भारतीय समाज को नवचेतना प्रदान की। उन्होंने शिक्षा, नारी सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की जो ज्योति प्रज्वलित की, वही आज डीएवी संस्थानों की प्रेरणा है। उन्होंने विद्यार्थियों से सत्य, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने का आहवान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने सभी उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए महर्षि दयानंद के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम पूर्णाहुति एवं शांति मंत्र के साथ संपन्न हुआ। उपस्थित जनसमूह ने समाज में शांति, सद्‌भाव एवं समृद्धि की कामना की।



सम्भल- महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती पर हवन करते।

# दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दो घायल

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** दो बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गये। उनको गुन्नौर अस्पताल लाया गया।
आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गांव हीरापुर (इटउआ) पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार गोविंद पुत्र प्रवेश निवासी ईसमपुर डांडा थाना गुन्नौर, बबराला की तरफ से आ रहा था। जबकि दूसरा बाइक सवार हारून पुत्र रईस निवासी गुन्नौर मोहल्ला सराय अपने बच्चों को दवा दिलवाने बबराला जा रहा था। इस दौरान टक्कर दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। जहां डाक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र मौ. नदीम गलत प्रवृत्ति में पड़ गया है ओर उसने अपनी मर्जी से इकरा पुत्री शफीक नि. चक्कर की मिलक जि. मुरादाबाद से निकाह कर लिया है। इसलिए मैने अपने पुत्र मौ. नदीम से अपने सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं और अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अगर मौ. नदीम से कोई भी लेन-देन व रिश्ता रखता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**जमील शाह पुत्र बूटि शाह**
नि. मौहल्ला देहली दरवाजा थाना व जनपद सम्भल।

# दामाद ने की सास की गोली मारकर हत्या पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर टीचर कॉलोनी में गुरुवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। नशा करने से मना करने पर दामाद ने अपनी सास की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।जानकारी के अनुसार, गलशहीद थाना क्षेत्र के असालतपुरा निवासी शकील ई-रिक्शा चालक हैं। वह करीब तीन माह पहले परिवार सहित जयंतीपुर मंसूरी कॉलोनी में किराये के मकान में रहने आए थे। उनकी बड़ी बेटी की शादी करीब पांच वर्ष पूर्व पंडित नगला निवासी गुलनवाज से हुई थी। परिजनों का आरोप है कि गुलनवाज नशे का आदी था और दो माह पहले पारिवारिक विवाद के बाद ससुराल में आकर रहने लगा था।गुरुवार रात गुलनवाज अपने दोस्त मुस्तफा के साथ बाहर जाने की तैयारी में था। तभी सास रुखसाना ने उसे नशा छोड़ने की नसीहत दी। इस बात से नाराज होकर उसने तमंचे से रुखसाना को गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर परिजन



बाहर आए, लेकिन आरोपी फरार हो चुका था।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल रुखसाना को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मुस्तफा को हिरासत में ले लिया है, जबकि मुख्य आरोपी की तलाश जारी है

## पीतल बस्ती में चल रही शिव महापुराण कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**मुरादाबाद।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा संचालित हिन्दू संस्कार केंद्र, प्राचीन शिव मंदिर, लक्ष्मी नगर पीतल बस्ती में आयोजित 7 दिवसीय शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास पुजारी महेंद्र शास्त्री ने भगवान शिव की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि "भोलेनाथ से निराला कोई नहीं, वह देवों के देव महादेव हैं, जिनका अभिषेक स्वयं भगवान राम भी करते हैं।"उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति श्रद्धा और भक्ति से शिव महापुराण कथा का श्रवण करता है, उसकी 71 पीढ़ियों को मोक्ष की प्राप्ति होती है तथा जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं।



महेंद्र शास्त्री ने बताया कि भगवान शिव का वास श्मशान में माना गया है और वह मनुष्य के सबसे निकट रहने वाले देव हैं। शिव कृपा प्राप्त करने का सबसे सरल उपाय एक लोटा जल अर्पित करना है, जिससे भोलेनाथ शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं।कथा पंडाल "नमः शिवाय" के मंत्रों से गूंजता रहा। अंत में भव्य महाआरती और प्रसाद वितरण किया गया। मुख्य यजमान हर स्वरूप व चंद्रभान सैनी रहे। आयोजन में पंडित विनोद शर्मा सहित अनेक श्रद्धालुओं का सहयोग रहा।

### एक नजर

## रामपुर में अधिवक्ता की हत्या के बाद वकीलों में गुस्सा, कांठ में भी नहीं हुआ आज काम



**कांठ( शाह टाइम्स )।** रामपुर जनपद में अधिवक्ता फारूक अहमद खान की दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या कर दिए जाने से वकीलों में नाराजगी फैल गई आज कांठ के तहसीलबार सभागार में समस्त वकील इकट्ठा हुए और न्यायिक कार्य से विरत रहकर मृत आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की। कहा कि इस घटना से पश्चिम उत्तर प्रदेश के समस्त अधिवक्ता समाज में बेहद गुस्सा एवं नाराजगी व्याप्त है और बार एसोसिएशन जरूरत पड़ने पर विरोध प्रदर्शन एवं न्यायिक कार्यों का बहिष्कार भी करेगा। इस मौके पर अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा महासचिव दीपक बिश्नोई हरपाल सिंह भू प्रकाश सिंह संजीव कुमार कपिल बिश्नोई योगेंद्र सिंह सलमान खान मनु बिश्नोई वैभव बिश्नोई सुगम पवार डॉ विनीत नैन सीपी सिंह मोहम्मद अयूब नन्हे खान शहजाद रफी शमशाद अमरोही शीशराम सिंह चरन सिंह ढाका पुष्पेंद्र धामा आदि सभी अधिवक्ता मौजूद रहे।

# टीएमयू के प्रो. राजुल रस्तोगी का यूएस की बिजनेस पत्रिका में डंका

### अमेरिकी पत्रिका-सीआईओ प्राइम ने मुखपत्र पर प्रमुखता से प्रकाशित किया चित्र, सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी के साक्षात्कार पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी को गर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** चीफ इंफॉर्मेशन ऑफिसर्स, आईटी अफसरों और एंटरप्राइज इन्नोवेशन एवम् डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन का नेतृत्व करने वाले टेक्नोलॉजी रणनी. तिकारों को समर्पित डिजिटल अमेरिकन बिजनेस पत्रिका- सीआईओ प्राइम में अपना इंटरव्यू प्रमुखता से प्रकाशन के बाद टीएमयू हॉस्पिटल के सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी वैश्विक पटल पर छा गए हैं। इस प्रतिष्ठित पत्रिका ने अपने फ्रंट पेज पर न केवल प्रो. राजुल रस्तोगी का चित्र प्रमुखता से प्रकाशित किया है, बल्कि ड्राइविंग इन्नोवेशन इन एजुकेशन पर केंद्रित इंटरव्यू भी विस्तार से प्रकाशित किया है। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के आला प्रबंधन को सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी की इस उपलब्धि पर गर्व है। प्रो. राजुल ने इस साक्षात्कार में स्वीकार किया, इंडिया का हैल्थकेयर सेक्टर सघन ट्रेनिंग के बूते बेहद स्ट्रांग है, क्योंकि यह प्रशिक्षण स्मार्ट टीचर्स के जरिए दिया जाता है। उल्लेखनीय है, सीआईओ प्राइम डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन का नेतृत्व करने वाले टेक्नोलॉजी रणनीतिकारों के लिए एक प्रमुख डिजिटल हब है। सीआईओ प्राइम पत्रिका उद्योग के सीआईओएस और लीडर्स के विस्तृत साक्षात्कार, सफल डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन केस स्टडीज और आईटी गवर्नेंस और जोखिम प्रबंधन पर श्वेतपत्र प्रकाशित करता है। इस खास इंटरव्यू में प्रो. रस्तोगी स्वीकारते हैं, इंडिया में मेडिकल क्षेत्र में एआई को लागू करने में विविधताएं सबसे बड़ा मुद्दा हैं। इसके लिए सबसे पहले मेडिकल एजुकेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर और ट्रेनिंग में सुधार करना जरूरी है। देशभर में समान मेडिकल एजुकेशन और ट्रेनिंग देनी होगी, जिसके लिए एआई एक बेहतर विकल्प है। प्रो. राजुल इंटरव्यू में बेहिचक कहते हैं, यूं तो एआई का इतिहास 50 साल से अधिक का है। कम्प्यूटर सेक्टर में करीब 30 और मोबाइल सेक्टर में करीब 20 साल से एआई का प्रयोग किया जा रहा है। मेडिकल सेक्टर में एआई का प्रयोग करने में अभी भी गुरेज किया जा रहा है। इसका प्रमुख कारण डॉक्टर्स को एआई तकनीक के फाउंडेशन के ज्ञान और यह कैसे काम करेगी इसका अभाव है। बकौल प्रो. रस्तोगी मेडिकल वर्कर्स का मानना है, एआई मानव को रिप्लेसमेंट कर देगी, जबकि यह एक भ्रम है। यह एक अच्छे सहायक के रूप में काम को और आसान और एक्यूरेट करने में सहायता करेगी, लेकिन हमें सबसे पहले मेडिकल प्रोफेशनल्स को एआई की सघन ट्रेनिंग देना जरूरी है। हमें एआई का एक ऐसा मॉडल डवलप करना होगा, जो दुनिया के लिए नजीर बन सके। इमरजेंसी केयर, कैंसर, डायबिटीज, किड्नी, हार्ट, मेंटल डिसऑर्डर सरीखी बीमारियों में एआई का प्रयोग वरदान साबित होगा। डॉक्टर्स के लिए पैशन, कंपैशन और इथिक्स का कॉम्बिनेशन जरूरी है। हमारा मुख्य फोकस डॉक्टर्स, पीजी स्टुडेंट्स, हैल्थ सेक्टर वर्कर्स आदि को भी एआई का प्रयोग करने में सक्षम बनाना है। उल्लेखनीय है, प्रो. राजुल रस्तोगी आईआईआईटी, हैदराबाद से एआई में सर्टिफिकेट कोर्स कर चुके हैं। वर्तमान में वह जॉन्स हॉप्किन्स यूनिवर्सिटी-यूएसए के संग-संग नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज से भी एआई का सर्टिफिकेट कोर्स कर रहे हैं। प्रो. रस्तोगी कहते हैं, यूपी के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हैल्थ सेक्टर में एआई के क्रियान्वयन को लेकर संजीदा हैं, इसीलिए सूबे के स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण, आईटी एवम् इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की ओर से जनवरी में इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट- 2026 की रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस की थी, जिसमें तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह के संग-संग रेडियोडायग्नोसिस विभाग के सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी बतौर नोडल अधिकारी शिरकत कर चुके हैं। समिट में संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज को मेडिकल सेक्टर में एआई मॉडल को लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें सूबे के प्रमुख मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। टीएमयू के प्रो. रस्तोगी मानते हैं, यूएस की प्राइम मैगजीन सीआईओ में मेडिकल शिक्षा के विकास यात्रा और दृष्टिकोण को साझा करना अत्यंत सम्मान की बात है। यह साक्षात्कार मेडिकल साइंस के प्रति मेरे उस आजीवन जुनून को दर्शाती है। उल्लेखनीय है, प्रो. रस्तोगी को रेडियोलॉजी में 25 सालों का लंबा अनुभव है। वह 10 बरस से टीएमयू में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रो. रस्तोगी 2024 में यूरोपियन कॉग्रेंस ऑफ रेडियोलॉजी- ईसीआर की ऑस्ट्रिया, इंटरनेशनल कॉग्रेंस ऑन एमआरआई- आईसीएमआरआई की साउथ कोरिया में इंटरनेशल कॉन्फ्रेंस के संग-संग आरआईसीओएन- 2024 की स्टेट कॉन्फ्रेंस, एशियन ओशियनियन कॉग्रेंस ऑफ रेडियोलॉजी- एओसीआर एवम् इंडियन रेडियोलॉजिकल इमेजिंग एसोसिएशन- आईआरआईए- 2025 की चेन्नई की नेशनल कॉन्फ्रेंस में अपने रिसर्च पेपर्स/व्याख्यान दे चुके हैं। प्रो. रस्तोगी के 215 पब्लिकेशन्स भी नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर प्रका. शित हो चुके हैं। लगभग 826 से अधिक शोधार्थी इनका




संदर्भ ले चुके हैं। इसके अलावा रेडियोलॉजी एंड दीगर सब्जेक्ट्स बुक्स पर प्रो.राजुल के करीब 15 टेक्सट बुक्स में करीब 50 चौप्टर्स भी प्रकाशित हैं। इंटरनेशनल स्तर के छह और नेशनल स्तर के करीब एक दर्जन से अधिक अवार्ड भी प्रो. रस्तोगी की झोली में शामिल हैं। प्रो. राजुल अब तक 15 देशों की विजिट कर चुके हैं। वह करीब 125 विभिन्न नेशनल और इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में लगभग 210 से अधिक रिसर्च पेपर प्रस्तुत कर चुके हैं।

## स्वस्थ 60 वर्ष या उससे ज्यादा उम्र के नागरिकों के लिए खुले वृद्धा आश्रम के दरवाजे, सुलह अधिकारी करेंगे इस काम में पूरी तरह से मदद

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** बृद्धा आश्रम में आसरा पाने के लिए अब सरकार ने सुलह समझौता अधिकारियों को इस काम की जिम्मेदारी दी है। जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा पत्र आने के बाद माता-पिता एवं



वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण सलाह एवं कल्याण अधिकारी एड डॉक्टर विनीत नैन आज पत्रकारों से रूबरू हुए उन्होंने बताया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुड़ी जैन द्वारा सभी सुलह अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि जनपद में विशेष अभियान के माध्यम से 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक जो मानसिक शारीरिक रूप से स्वस्थ हो एवं चलने फिरने में समर्थ होने के साथ ही वृद्ध आश्रम में रहने के इच्छुक हैं। को वृद्ध आश्रम में आवासित करने हेतु निर्देशित किया गया है उक्त के क्रम में संबंधित तहसीलों में एक विशेष अभियान के माध्यम से चिन्हित लोगों को नियमानुसार आवाशित करने की कार्रवाई आदि के बारे में भी उन्होंने जानकारी देते हुए उन्हें सूचित किए जाने के लिए निर्देशित किया है। डॉक्टर विनीत नैन ने बताया कि इस कार्य में उन्हें मीडिया की भी आवश्यकता है और जो 60 वर्ष या उससे ऊपर के इच्छुक स्वस्थ बृद्ध हैं वह इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

## हर हर महादेव की गूंज से नगर में माहौल हुआ शिवमय



**कांठ ( शाह टाइम्स )** कांवड़ियों की वापसी से नगर का माहौल शिवमय होने लगा है कांवड़ियों के जत्थे धीरे-धीरे नगर से होकर अपने-अपनी मंजिल तक वापस जा रहे हैं बतादें कि 15 फरवरी को महा. शिवरात्रि पर्व है जिसमें भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कावड़िए हरिद्वार से गंगाजल लेकर आते हैं और अपने-अपने मंजिल पर पहुंच कर मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। इस समय कांवड़ियो के जत्थे जाने के साथ-साथ आते हुए भी दिखाई दे रहे हैं और भगवान शिव के जयकारों से नगर का माहौल भी शिवमय होता जा रहा है। कांवड़ियों की सेवा के लिए संचालित भंडारों के माध्यम से लोग कांवड़ियों को आराम भोजन और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं ।कुल मिलाकर कांवड़ियो की वापसी से नगर का माहौल भी भक्तिमय होता दिखाई दे रहा है।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में गोष्ठी का आयोजन



**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के द्वारा शुक्रवार को शहर के कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज में 'कर्तव्य बोध दिवस' शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने सहभागिता कर राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिंदू महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभागाध्यक्ष प्रो. आनंद कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञानदाता नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माता और चरित्र-निर्माता होता है। उसका दायित्व पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन और मानवीय संवे. दनाओं का विकास करना है।

उन्होंने कहा कि कर्तव्यबोध का अर्थ है अपने दायित्वों को निष्ठा और समर्पण के साथ निभाना।प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती से नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती तक देशभर में कर्तव्य बोध दिवस गोष्ठियां आयोजित की जाती हैं, जिनका उद्देश्य गुरु-शिष्य परंपरा की पुनर्स्थापना और शिक्षकों को राष्ट्रीय दायित्वों के प्रति जागरूक करना है।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. बृजपाल सिंह यादव ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि महासंघ शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के साथ-साथ राष्ट्र जागरण के कार्य में भी सक्रिय है।

संचालन डॉ. विशेष कुमार शर्मा एवं आरती गौड़ ने किया, जबकि आभार डॉ. मधुबाला त्यागी ने व्यक्त किया। राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# कांवड़ यात्रा को लेकर जनपद में ट्रैफिक डायवर्जन लागू, बदले मार्ग से चलेंगे वाहन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महाशिवरात्रि पर्व एवं कांवड़ यात्रा वर्ष 2026 के दृष्टिगत यातायात पुलिस द्वारा शुक्रवार की रात्रि से ट्रैफिक डायवर्जन व्यवस्था लागू की जाएगी। यह व्यवस्था कांवड़ मार्गों पर बढ़ते श्रद्धालु दबाव को देखते हुए सुरक्षा एवं सुचारु यातायात संचालन के लिए की गई है।मुरादाबाद से बिजनौर और हरिद्वार जाने वाले भारी मालवाहक वाहन ट्रक, ट्रैक्टर आदि शेरुआ मार्ग से नहीं जाएंगे। इन्हें बिलारी, सिरसी, सम्भल, गवां, नरौरा, डिबाई, शिकारपुर, बुलन्दशहर, हापुड़ व मेरठ होते हुए गंतव्य तक भेजा जाएगा और वापसी भी इसी मार्ग से होगी। दूध, फल, सब्जी, गैस व पेट्रोलियम पदार्थों के आवश्यक वाहनों को छूट रहेगी।रोडवेज व प्राइवेट बसें हरपालनगर/लाजपतनगर बस स्टैंड से काशीपुर तिराहा, ठाकुरद्वारा, जसपुर, अफजलगढ़, धामपुर व नहटौर होकर संचालित होंगी।दिल्ली व मेरठ की ओर जाने वाले भारी वाहन भी बिलारी-संभल मार्ग से गाजियाबाद होकर जाएंगे। रामपुर मार्ग के भारी वाहन कुंदरकी, बिलारी व शाहबाद होकर संचालित होंगे। रामपुर से आने वाली बसें एनएच-09 से दलपतपुर जीरो प्वाइंट होते हुए प्रेम वंडरलैंड फ्लाईओवर के नीचे बने अस्थायी बस स्टैंड तक आएंगी। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें

## 7.50 लाख रुपये की ठगी करने का लगाया आरोप पीड़ित ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर की शिकायत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मूढ़ापांडे थाना क्षेत्र स्थित दलपतपुर निवासी प्रेम कुमार ने एक व्यक्ति पर स्वयं को बीएमएस डॉक्टर बताकर 7 लाख 50 हजार रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता प्रेम कुमार के अनुसार, लक्ष्मण नामक व्यक्ति ने खुद को बीएमएस डॉक्टर बताते हुए उसके हेल्थ केयर सेंटर की सील खुलवाने का भरोसा दिलाया। आरोपी ने कहा कि वह संबंधित अधिकारियों से बात कर सरकारी प्रक्रिया पूरी कराएगा और इसके लिए फीस जमा करनी होगी। आरोप है कि विश्वास में लेकर उसने 7.50 लाख रुपये ले लिए।पीड़ित का कहना है कि बाद में जांच में पता चला कि लक्ष्मण न तो डॉक्टर है और न ही उसकी बताई गई बीएमएस डिग्री असली है।

जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने लौटाने से इनकार कर दिया। प्रेम कुमार ने यह भी आरा. ेप लगाया कि पैसे मांगने पर उसे धमकाया गया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया गया।एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में दोषी को तीन वर्ष का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट संभल स्थित चन्दौसी की अदालत ने थाना कैलादेवी क्षेत्र के ग्राम इकौना निवासी अभियुक्त पुष्पेन्द्र पुत्र रणवीर को नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के मामले में दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।

यह मामला अपराध संख्या 208/2022 से संबंधित है, जिसमें वादिनी ने 01 अगस्त 2022 को थाना कैलादेवी में तहरीर देकर बताया था कि उसकी नाबा. लिग पुत्री के साथ गांव के ही पुष्पेन्द्र ने घर में घुसकर छेड़छाड़ की। बालिका द्वारा शोर मचाने पर परिजन जाग गए, जिसके बाद अभियुक्त मौके से फरार हो गया। सुनवाई के उपरांत न्यायालय ने अभियुक्त को भारतीय दंड संहिता की धारा 452 के अंतर्गत तीन वर्ष के कारावास एवं तीन हजार रुपये के अर्थदंड तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के अंतर्गत तीन वर्ष के कारावास एवं तीन हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय ने आदेश दिया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

## स्पॉटिंग एडविया मुफरिदत टॉपिक पर हुए कॉम्पिटिशन में शानजल तुर्की ने मारी बाजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ग्लोकल यूनानी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर मिर्जापुर में यूनानी डे के मौके पर आयोजित प्रतियोगिता में शानजल तुर्की ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मार ली। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने पर उनको मुबारकबाद पेश की गई। ग्लोकल यूनानी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर मिर्जापुर में यूनानी डे के मौके पर आयोजित प्रोग्राम 'यूनिफेस्ट-2026' में ष्स्पॉटिंग एडविया मुफरिदतष टॉपिक पर हुए कॉम्पिटिशन में बीयूएमएस प्रथम प्रोफ.2024 की छात्रा एवं इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के नेशनल कन्वीनर और यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन यूपी प्रेस क्लब के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद जान तुर्की की बेटी शानजल तुर्की ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे अन्य छात्रों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान व एनाटॉमी स्पॉटिंगष टॉपिक पर हुए कॉम्पिटिशन में तीसरा स्थान भी पाया। ग्लोकल यूनानी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर मिर्जापुर के एडिशनल प्रो चांसलर सैय्यद निजामुद्दीन प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद शरीफ वाइस प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद कलीम ने यह पुरस्कार शानजल तुर्की को दिया। इस अवसर पर डॉ. शमा, डॉ. रेहान शफी, डॉ. जावेद, डॉ. इमलाक चौहान, डॉ. अनम सुगरा, डॉ. सना कलीम, डॉ. अंजुम जावेद, डॉ. अतीकुर्रहमान, डॉ. सुबिया, डॉ. गजाला, डॉ. मोहम्मद अरशद आदि स्टाफ मौजूद था।

### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

Sr. Divisional Signal and Telecom engineer/Moradabad for and on behalf of President of India invites Open tenders through E-Tendering system for the following works-

| क्र.सं. | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रूपये | अग्रिम धन रूपये | निविदा फॉर्म की लागत रू |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1-RnetDRMO-tele-MB-24-25 उपग्रेडेशन ऑफ रेलनेट इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड बैकबोन इन डी आर एम ऑफिस | 30543628.33 | 302700.00 | निल |

निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय: 12.03.2026 15:00 बजे

नोटः निविदा का पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं.: 1-RnetDRMO-tele-MB-24-25 दिनांक: 12.02.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 483/26

### उत्तर रेलवे

**Tender Notice-12- Ansaldo, SNT-Sig-Datalogger,Earthing- Improvment Date.12.02.2026**

Sr. Divisional Signal and Telecom engineer/Moradabad for and on behalf of President of India invites Open tenders through E-Tendering system for the following works:-

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 12-Ansaldo-AMC-Sig-MB202 कोम्प्रेहेंसिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ EI ऑफ अन्साल्डो मेक फॉर थ्री ईयर ओवर मुरादाबाद | 15473760.48 | 227400.00 | Nil | 12.03.2026 15:00 |
| 2 | SNT-SIG-Datalogger-2024 रिप्लेसमेंट ऑफ ओवरएज्ड 60 स्टेशन डाटा लोगर ओवर मुरादाबाद डिवीज़न | 63787726.03 | 468900.00 | Nil | 12.03.2026 15:00 |
| 3 | SNT-Earthing-Improvement एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विथ इम्प्रोमेंट ऑफ अर्थिंग अरेंजमेंट ओवर मुरादाबाद डिवीजन | 58528800.30 | 442700.00 | Nil | 12.03.2026 15:00 |

Note :- Complete details of tender can be seen at www.ireps.gov.in. 491/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र नीरज सैनी को गलत संगत/व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में मेरे पुत्र नीरज सैनी के द्वारा किये जाने वाले गलत कृत्यों/मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा एवं मेरे पूरे परिवार का उक्त **नीरज सैनी** से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**रतनलाल सैनी पुत्र दुर्जन सिंह**
**निवासीः सूरज नगर पीतल नगरी, जिला मुरादाबाद।**

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब ( आर्डर 5 कायदा 1 व 5 )

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० )/एफ०टी०सी०/ महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**

**विविध वाद संख्या :**-26/2025

**तारीख पेशीः** 27.02. 2026

**बैंक ऑफ इंडिया बनाम विवेक नेत्रालय आदि।**

**बनाम**

1. मैसर्स विवेक नेत्रालय द्वारा प्रोपराइटर वीरेन्द्र सिंह चौहान पुत्र राम मोहन निवासी ए-83 प्रिंस रोड गांधीनगर, मुरादाबाद, 2 . डा. वीरेन्द्र सिंह चौहान पुत्र राम मोहन सिंह निवासी ए-83 प्रिंस रोड, गांधीनगर, मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**

हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 27 माह 02 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 27 के माह 02 सन् 2026 को जारी किया है।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी०डि० )/एफ०टी०सी० जनपद-मुरादाबाद।**

### कार्यालय-पी०एम० श्री कम्पोजिट विद्यालय बिलारी वि० खं० बिलारी ( मुरादाबाद )

**नीलामी सूचना**

पी0एम0 श्री कम्पोजिट विद्यालय बिलारी विकास खण्ड बिलारी में स्थित यू0के0 लिप्ट्टिस के कुल 20 ( बीस ) पेड़ों की नीलामी डी0एफ0ओ0 मुरादाबाद के पत्रांक 624/22-1 दिनांक 22/08/2025 के अनुपालन में दिनांक 16.02. 2026 दिन सोमवार को समय 12.00 बजे विद्यालय परिसर खण्ड शिक्षा अधिकारी अधिकारी बिलारी/कमेटी की उपस्थिति में की जायेगी। नीलामी प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार कमेटी के पास सुरक्षित है।

**असमा कमाल ( सचिव )**
**विद्यालय प्रबंध समिति पी०एम० श्री कम्पोजिट विद्यालय बिलारी विकास खण्ड बिलारी, जनपद मुरादाबाद। मोबाइल नम्बर**- 9058224199

**प्रधानाध्यापक**
**कम्पोजिट स्कूल बिलारी विकास खण्ड बिलारी ( मुरादाबाद )**

## दहेज हत्या में महिला को 10 वर्ष की सजा

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने दहेज हत्या के एक प्रकरण में सुनवाई पूरी करते हुए अभियुक्ता फिरदौस पत्नी मेहंदी हसन निवासी मोहल्ला देहली दरवाजा, कोतवाली संभल तथा फरमान पुत्र फुरकान निवासी मोहल्ला कायस्थान, कस्बा व थाना हसनपुर, जिला अमरोहा को दोषी करार दिया। यह मामला थाना कोतवाली संभल के मु0अ0सं0 253/2020 से संबंधित है। न्यायालय ने दोनों को धारा 498ए व 304बी भादवि सहपठित धारा 34 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा-4 के अंतर्गत दोष सिद्ध माना। शुक्रवार को न्यायालय द्वारा अभियुक्ता फिरदौस को 10 वर्ष के कारावास व 50 हजार रु. के अर्थदंड से दंडित किया गया जबकि अनुपस्थित रहे पति फरमान के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। बता दें कि प्रकरण वर्ष 2020 का है, जिसमें विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हुई थी। मामले में दो तहरीरें प्राप्त हुई थीं, एक में विवाहिता के पिता व भाई पर हत्या का आरोप लगाया गया, जबकि दूसरी तहरीर में पति फरमान व महिला फिरदौस पर दहेज की मांग को लेकर हत्या करने का आरोप था। पुलिस ने पारदर्शिता से विवेचना करते हुए पर्याप्त साक्ष्य एकत्र किए, जिनसे स्पष्ट हुआ कि दहेज को लेकर प्रताड़ना की जा रही थी और विवाहिता की गला घोंटकर हत्या की गई। उल्लेखनीय है कि विवाह प्रेम प्रसंग में हुआ था, परंतु बाद में दहेज की मांग को लेकर विवाद बढ़ गया। मामले की प्रभावी पैरवी एडीजीसी हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी द्वारा की गई। न्यायालय के इस निर्णय को पारदर्शी न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## बिलारी तहसील परिसर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित
### 22 फरवरी को मेगा लोक अदालत की दी जानकारी

मुरादाबाद। तहसील बिलारी परिसर में शुक्रवार को विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुरादाबाद के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें आमजन को निःशुल्क कानूनी सहायता योजनाओं और आगामी मेगा शिविर की जानकारी दी गई।

शिविर में बताया गया कि 22 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले बृहद विधिक सहायता शिविर और राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोगों को त्वरित, सस्ता और सुलभ न्याय उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों और अधिवक्ताओं ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, महिलाएं, श्रमिक, वरिष्ठ नागरिक और जरूरतमंद व्यक्ति विधिक सेवा प्राधिकरण से मुफ्त कानूनी सलाह, अधिवक्ता की सुविधा, आवेदन लेखन सहायता तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। वक्ताओं ने राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसमें बैंक ऋण विवाद, बिजली बिल, पारिवारिक मामले, मोटर दुर्घटना दावा, श्रम विवाद और राजस्व संबंधी प्रकरणों का आपसी समझौते के आधार पर शीघ्र निस्तारण किया जाता है, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। कार्यक्रम में एसीजेएम अशोक कुमार, तहसीलदार अंकित गिरी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष विनय सिंह, अधिवक्ता अफाक हुसैन, पराविधिक स्वयंसेवक रिंकी, अदनान हुसैन, आरती, उमा भारती तथा लेखपाल संजू कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अंत में लोगों से अपील की गई कि वे 22 फरवरी को आयोजित मेगा विधिक सहायता शिविर में पहुंचकर निःशुल्क योजनाओं का लाभ उठाएं और अपने लंबित मामलों का समाधान कराएं।

## महाविद्यालय प्रकरण: उच्च न्यायालय ने पूर्व प्रबंध तंत्र की याचिकाएं खारिज कीं

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज के पूर्व प्रबंध तंत्र द्वारा दायर क्षेत्राधिकार एवं बहाली संबंधी तीन रिट याचिकाओं को माननीय उच्च न्यायालय ने निरस्त कर दिया। रिट संख्या 6959/2025 व 8568/2025 में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद तथा महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के क्षेत्राधिकार को लेकर आपत्ति उठाई गई थी, जबकि एक अन्य याचिका में पिछड़ा वर्ग आयोग के आदेश को चुनौती दी गई थी।

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि 13 अगस्त 2024 को विश्वविद्यालय की स्थापना हो चुकी थी, अतः क्षेत्राधिकार पर प्रश्न नहीं बनता। साथ ही, बिना पक्ष सुने की गई निलंबन/बर्खास्तगी को नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध माना। 30 अप्रैल 2025 को की गई बहाली को वैध ठहराते हुए अदालत ने इसे महत्वपूर्ण निर्णय बताया। इधर, प्रबंध तंत्र भंग किए जाने संबंधी शासनादेश पर दायर याचिका में न्यायालय ने यथास्थिति बनाए रखते हुए अगली सुनवाई 18 फरवरी 2026 तय की है।

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैनात किए मजिस्ट्रेट

**बिलारी।** एसडीएम विनय कुमार सिंह ने महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है। जिसके चलते बिलारी थाना क्षेत्र में तहसीलदार अंकित गिरी, थाना मैनाठेर क्षेत्र में नायब तहसीलदार अभिनव सिंह, थाना कुंदरकी क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी कुंदरकी, थाना सोनकपुर क्षेत्र में नायब तहसीलदार स्योड़ारा विजय कुमार श्रीवास्तव को मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है, इसके साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया है कि शिव मंदिर शिवालयों पर महाशिवरात्रि पर पर जलाभिषेक करके पूजा अर्चना की जाती है। भीड़ के कारण मेले जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। ऐसे में शांति व्यवस्था बढ़ाने के लिए अपने क्षेत्र में मुस्तैद रहे।

## नाला निर्माण से जलभराव पर व्यापारियों में रोष

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता के नेतृत्व में नगरपालिका के ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य के विरोध में व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। व्यापार मंडल का आरोप है कि सीकरी गेट स्थित महाजन मोहल्ला क्षेत्र में पिछले दस दिनों से नाला निर्माण के नाम पर अव्यवस्थित



कार्य होने के कारण चारों ओर जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे व्यापारियों व स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। जलभराव के चलते दुकानों व मकानों में पानी घुस रहा है, व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो चुका है और बच्चों का स्कूल जाना भी बाधित हो रहा है। गंदे पानी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है तथा कई लोग बीमार पड़ रहे हैं। जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता ने चेतावनी दी कि आगामी शिवरात्रि पर नगर में निकलने वाली कांवड़ यात्रा भी इस जलभराव से प्रभावित होगी। यदि दो दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं कराया गया तो अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल 500 से अधिक व्यापारियों और क्षेत्रीय नागरिकों के साथ सीकरी गेट पर धरना-प्रदर्शन करेगा। प्रदर्शन के दौरान मोहनलाल पाल, मोहित सक्सेना, विकास बंसल, इरफान खान, असीम अग्रवाल, फहीम शमसी, साजिद कुरैशी, आबाद कुरैशी, सौरभ अग्रवाल, अभिनेश रस्तौगी, अशोक अग्रवाल, अनिल गुप्ता, अंकुर गोयल सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों में सहसपुर में निकाली तिरंगा यात्रा

**बिलारी।** अखिल भारतीय कांग्रेस की ब्लॉक बिलारी इकाई ने रुस्तम नगर सहसपुर में तिरंगा यात्रा निकाली जो स्योंडारा मोड़ से शुरू होकर हाईवे से ब्लॉक कार्यालय के सामने चौड़ा खरंजा कॉलोनी से लाल मस्जिद और जामा मस्जिद होकर ब्लॉक कार्यालय पर जाकर समाप्त हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला



अध्यक्ष विनोद गुंबर, चौधरी अहसान खां, शौकत अली, ब्लॉक अध्यक्ष मुख्तार अंसारी, मोहम्मद इसहाक, शकील अहमद, मोहम्मद नासिर, अंसारी अब्दुल माजिद अंसारी, अजीम अंसारी, फैजान आदि शामिल रहे। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदला है और ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा दिया है इससे मजदूरों को उनका हक नहीं मिल रहा है हमारा विरोध जारी रहेगां।

## चिकित्सा शिविर में किया 200 का मुफ्त इलाज

**बिलारी।** धर्मपुर कलां स्थित आर ए एस चिल्ड्रन अकादमी में जिज्ञासा हॉस्पिटल मुरादाबाद के द्वारा एक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रकार के डॉक्टरों की टीम के द्वारा आसपास के ग्रामीणों एवं विद्यालय के बच्चों का निशुल्क चौकअप किया गया और दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। कैंप



में लगभग 200 व्यक्ति आए,उनसभी को डॉक्टरों द्वारा संतोषजनक तरीके से देखा गया एवं उनके रोग के उपचार एवं निवारण की संपूर्ण जानकारी दी गई।कैंप में आए बच्चों में नजर की कमी की समस्या अधिक पाई गई,जिनकी संख्या लगभग 50 से ज्यादा रही होगी।कुछ बच्चों,एवं बुजुर्गों में दांतों की भी समस्या सामने आई ।लगभग 100 ग्रामीणों ने पेट से संबंधित उपचार की जानकारी एवं दवाई ली। जिज्ञासा अस्पताल से आए डॉ अंकित कुमार, डॉ आकांक्षा सिंह, डॉ सना इबाद खान ने बहुत ही सहजता से सभी व्यक्तियों को देखा एवं उनकी सभी शारीरिक दिक्कतों के उपचार एवं निवारण की संपूर्ण जानकारी और दबाई प्रदान की। विद्यालय संचालक यतेन्द्र सिंह, नजराना,नेहा कमर,स्नेहा यादव ने अहम भूमिका निभाई।

# न्यायालय के आदेश पर भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह और ब्लॉक प्रमुख पति सहित छह पर मुकदमा दर्ज

### सहकारी बैंक के चुनाव के दौरान लगा था प्रत्याशी के अपहरण का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** थाना डिलारी क्षेत्र के ग्राम सहसपुरी निवासी और वर्तमान ग्राम प्रधान राजवीर सिंह पुत्र रघुवीर सिंह ने न्यायालय को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की थी कि बीती 20 जनवरी को वह अपने गांव के रहने वाले छोटे सिंह पुत्र मेहरा,वी सर्वेश पुत्र बाबू के साथ उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक शाखा ठाकुरद्वारा के बैंक प्रतिनिधि पद हेतु नामांकन कराने पंहुचा था। आरोप है कि जब वह निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में नामांकन पत्र लेने पंहुचा तो जितेंद्र सिंह पुत्र अज्ञात व उनके समर्थकों ने मेरे साथ बदसलूकी करते हुए नामांकन पत्र नहीं खरीदने दिया और धमकी दी कि तूने नामांकन पत्र खरीदा तो तुझे जान से मर देंगे। तब उसने मामले की शिकायत फोन द्वारा एस डी एम से की। घटना की सूचना देते ही हरपाल सिंह पुत्र होरी सिंह निवासी मासूमपुर , सतपाल सिंह पुत्र गणपत सिंह निवासी टांडा अफजल धर्मेंद्र सिंह पाल पुत्र फूल सिंह निवासी तिकोनिया ठाकुरद्वारा, ब्लाक प्रमुख पति वीर सिंह पुत्र त्रिमल सिंह निवासी होलिका मंदिर ठाकुरद्वारा,भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी नारायण पुर छंगा तथा जितेंद्र सिंह पुत्र अज्ञात निवासी रामुवाला गणेश ने जबरन उसे एक फॉर्च्यूनर गाड़ी में उसका अपहरण कर लिया और उसे जान से मारने की नीयत से अज्ञात स्थान पर ले गए। आरोप है कि उसका फोन भी आरोपियों ने छीन लिया। पीड़ित का ये भी आरोप है कि दोपहर चार बजे उसे नगर के भाजपा कार्यालय पर छोड़ा गया और उसकी कनपटी पर पिस्तौल रखकर जबरदस्ती वीडियो बनाई गई और अपने पक्ष में बयान दिलाया गया और बाद में उसे लड्डू खिला कर और गले में माला डालकर छोड़ दिया गया।पीड़ित का कहना है कि उसने घटना की शिकायत पुलिस से भी की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब इस मामले में न्यायालय के आदेश पर सभी आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

## श्री गीता सत्संग भवन में धूमधाम से संपन्न हुआ शिव-पार्वती विवाह

**चन्दौसी।** सीता रोड स्थित श्रीगीता सत्संग भवन में श्रीगीता सत्संग महिला मंडल, श्री गीता सत्संग युवा महिला मंडल एवं जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में शिव-पार्वती विवाह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंदु अग्रवाल ने बताया कि शिव-पार्वती का विवाह वैराग्य और शक्ति का दिव्य संगम है, जो प्रेम, समर्पण और संतुलन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को पार्वती की कठोर तपस्या के बाद यह पावन विवाह संपन्न हुआ। शिवजी की विचित्र बारात, जिसमें भूत-प्रेत, देवता और गंधर्व शामिल थे, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। आयोजन में सती के देह त्याग, पुनर्जन्म, पार्वती की तपस्या और अंततः शिवजी के विवाह हेतु सहमति के प्रसंगों का मंचन किया गया। दो बच्चों को शिव-पार्वती के स्वरूप में प्रस्तुत किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति की अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, डॉ. मीना वार्ष्णेय, रेखा रस्तोगी, अंजू अग्रवाल, रितु गोयल, आशा रस्तोगी, माधुरी अग्रवाल, श्री गीता सत्संग महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, वित्त मंत्री रानी अग्रवाल, युवा महिला मंडल की अध्यक्ष प्रज्ञा अग्रवाल, वित्त मंत्री शिवानी अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली महिला पुलिस कर्मियों को पुलिस अधिकारियों ने किया सम्मानित

**मुरादाबाद।** शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं पुलिस अधीक्षक कुँवर आकाश सिंह के द्वारा उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने वाली महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया।महिला हेड कांस्टेबल अमीरन बानो ने 28 जनवरी से 1 फरवरी तक केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित चंद्रशेखरन नायर स्टेडियम में आयोजित 46वीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2026 (पुरुष/महिला) में प्रतिभाग किया। उन्होंने 5 किलोमीटर रनिंग तथा 5 किलोमीटर वॉक रेस में प्रथम स्थान प्राप्त कर दो स्वर्ण पदक अर्जित किए। उनके इस शानदार प्रदर्शन से पुलिस विभाग एवं जनपद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है।इसी क्रम में 8 फरवरी को गाजियाबाद के साहिबाबाद में



आयोजित "डगर इंडियन क्लासिक 2026" बॉडी बिल्डिंग एवं पावरलिफ्टिंग (डेड लिफ्ट एवं बेंच प्रेस) प्रतियोगिता में महिला कांस्टेबल पुष्पा चाहर ने प्रतिभाग करते हुए डेड लिफ्ट एवं बेंच प्रेस स्पर्धा में दो गोल्ड मेडल तथा दो शील्ड जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने दोनों महिला कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

साथ ही अन्य पुलिसकर्मियों को भी खेलों में भाग लेकर स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा व मिशन शक्ति की दी जानकारी

**चन्दौसी।** एसपीईएल-3.0 कार्यक्रम के अंतर्गत कोतवाली परिसर में स्कूली छात्र-छात्राओं को बीट आरक्षी के साथ हैंड्स ऑन एक्सपीरियंस कराया गया। इस दौरान महिला बीट प्रणाली, सीसीटीएनएस व्यवस्था तथा मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। एसपीईएल में आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से साइबर अपराध के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, सोशल मीडिया पर बरती जाने वाली सावधानियों तथा साइबर अपराध की शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाई गई। बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली, महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा से संबंधित सरकारी योजनाओं और मिशन शक्ति अभियान के बारे में भी अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त छात्र-छात्राओं को चन्दौसी स्थित वृद्धाश्रम का भ्रमण भी कराया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ उप निरीक्षक/ नोडल अधिकारी महिला उपनिरीक्षक आरती एवं महिला कांस्टेबल सुमन भी उपस्थित रहीं।

# ठाकुरद्वारा मे बेच दी कानपुर की महिला, पुलिस ने बरामद कर परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर खागूवाला से सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां पुलिस ने कानपुर निवासी परिजनो की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए गांव निवासी व्यक्ति के घर से कानपुर निवासी महिला को बरामद किया है। पुलिस ने महिला को बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र की सीमा से सटे सीमावर्ती राज्य के गांव निवासी दो दलालों ने कानपुर निवासी विवाहित महिला को रामनगर खागूवाला निवासी एक व्यक्ति के हाथों 70 हजार रूपये मे बेच दिया था,आरोप है कि अपहृत महिला को आरोपियों द्वारा बंधक बनाकर रखा जा रहा था।

**कानपुर के नौबस्ता थाने मे दर्ज है गुमशुदगी**-प्राप्त जानकारी के मुताबिक पीड़ित महिला कानपुर के नौबस्ता थाना क्षेत्र मे एक घर मे खाना बनाने का कार्य करती थी, जहां से लगभग डेढ़ माह पूर्व लौटते समय उसे कोई नशीला पदार्थ खिलाकर आरोपी ठाकुरद्वारा से सटे उत्तराखंड के एक गांव मे ले गए जहां से उसे रामनगर खागूवाला निवासी एक व्यक्ति के हाथो 70 हजार मे बेच दिया।वहीं महिला की गुमशुदगी के संबंध मे परिजनो ने नौबस्ता थाने मे महिला की गुमशुदगी दर्ज करा दी थी।इसी दौरान महिला के पति को उसके मोबाईल की लोकेशन ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर खागूवाला मिली,जिसके बाद महिला के पति ने लगभग 8 दिन पूर्व ग्राम रामनगर खागूवाला पहुंचकर उसकी जानकारी जुटाई और एक सप्ताह बाद परिजनो को लेकर ठाकुरद्वारा कोतवाली पहुंचा जिसके बाद पुलिस ने ग्राम रामनगर खागूवाला निवासी एक व्यक्ति के घर से कानपुर निवासी महिला को बरामद किया और लिखित कार्यवाही के बाद परिजनो को सौंप दिया। **बड़ा सवाल? क्या खरीद फरोख्त करने वालों पर होगी कार्यवाही**-कोतवाली मे मौजूद महिला के परिजन पुलिस की कार्यवाही से नाखुश नजर आए,मीडियाकर्मियों से वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि हमारी बहू तो पुलिस ने हमे सौंप दी है,लेकिन कोतवाली गेट पर मौजूद महिला का सौदा करने वाले आरोपी मौजूद थे लेकिन पुलिस उन्हें गिरफ्तार नही कर पा रही है जबकि एक आरोपी पुलिस की गिरफ्त मे है जिसपर पुलिस कार्यवाही करने से कतरा रही है। वहीं मामले मे पुलिस का कहना है कि महिला के लापता होने की सूचना उसके परिजनो ने कानपुर के नौबस्ता थाने मे दे रखी है मामला हमारे थाने का नही कानपुर से जुड़ा है। **दरोगा जी मीडियाकर्मियों से छुपाते नजर आए मामला**-महिला की खरीद फरोख्त के सनसनीखेज मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे पत्रकारों से थाने मे तैनात दरोगा ने बरामद महिला सहित उसके परिजनो को अलग कमरे मे ले जाकर बैठा दिया और पत्रकारों को गुमराह करने का प्रयास करते नजर आए।लेकिन मौका मिलते ही महिला के चाचा ससुर ने पुलिस के दबाव और पत्रकारों से दूरी बनाने की सारी कहानी बयां कर डाली,महिला के चाचा ससुर ने बताया कि पुलिस हमारे साथ हमारी बहू को भेज रही है।

लेकिन उसकी खरीद फरोख्त करने व उसे कानपुर से ठाकुरद्वारा लाने वाले आरोपियों पर कोई कार्यवाही नही कर रही है,जबकि एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत मे ले रखा है।

## मनरेगा में बदलाव के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली 15 किमी पदयात्रा

**ठाकुरद्वारा।** कांग्रेस पार्टी के "मनरेगा बचाओ संग्राम" अभियान के तहत शुक्रवार को निकाली गई पदयात्रा विभिन्न गांवों से गुजरते हुए नगर में पहुंची और तहसील गेट पर सभा के साथ संपन्न हुई। यात्रा की शुरुआत करनपुर चौराहे से हुई, जो मोहद्दीपुर, रतुपुरा, अब्दुल्लापुर लेदा महिला कांग्रेस कार्यालय पर महिला जिलाध्यक्ष जेहरा बी के नेतृत्व में यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया फिर यात्रा रुपपुर टण्डोला होते हुए करीब तीन बजे बाबू रामपाल द्वार पहुंची। यहां कांग्रेस नगर अध्यक्ष शमीम चौधरी ने वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा का स्वागत किया। लगभग 15 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करने के बाद कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए सरकारी अस्पताल के सामने से तहसील गेट पहुंचे, जहां सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष शमीम चौधरी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने ग्रामीण मजदूरों और किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मनरेगा योजना लागू की थी। इस योजना के तहत ग्रामीण मजदूरों को वर्ष में कम से कम 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित करने का प्रावधान किया गया, जिससे गांवों से शहरों की ओर पलायन को रोका जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान केंद्र सरकार ने योजना में बदलाव कर ग्राम पंचायतों के अधिकार सीमित कर दिए हैं। जिला प्रभारी अल्ताफ मसूदी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम को हटाया जाना सम्मान के विपरीत है। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के निर्देशानुसार आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मुशाहिद चौधरी, वसीम अहमद, सलमा आगा, शरीफ आजाद अंसारी, जिला महासचिव संजीव सिंघल, ब्लॉक अध्यक्ष मो. आरिफ एडवोकेट, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अबरार सैफी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## घर से स्कूल गई छात्रा लापता परिजनों ने पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर के एक मोहल्ला निवासी छात्रा घर से स्कूल के लिए निकली छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। काफी तलाश के बाद भी छात्रा का कोई सुराग न मिलने पर परिजनों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के एक मोहल्ला निवासी पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया जाता है कि छात्रा रोजाना की तरह सुबह घर से विद्यालय जाने के लिए निकली थी, लेकिन निर्धारित समय के बाद भी वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश की, परंतु कोई जानकारी नहीं मिली। परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए स्कूल पहुचे तो शिक्षक ने बताया कि उनकी पुत्री आज स्कूल नही पहुँची काफी तलाश करने के बाद परिजनों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर छात्रा की बरामदगी की गुहार लगाई है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत करिया नगला सानी
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।

पत्रांकः मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांकः 10.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत करिया नगला सानी विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांकः 25.02.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 25.02.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की लं० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इरशाद के घर से नवासे के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 120 मी0 | 404118.00 | 500 | 2% | 3 माह |
| 2 | वालिद के घर से हिकमत के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 100 मी0 | 367372.00 | 500 | 2% | 3 माह |
| 3 | इमली के घर से मुज्जमिल के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 60 मी0 | 309133.00 | 500 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तेः**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत करिया नगला सानी**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## एक नजर

### 'बम-बम भोले' के जयकारों से गूँजा सुरजननगर हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटने लगे शिवभक्त



**सुरजननगर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर समूचा क्षेत्र शिवमय हो गया है। सुरजननगर चौकी क्षेत्र के निकटवर्ती गाँवों से हरिद्वार गंगाजल लेने गए शिवभक्तों की वापसी का सिलसिला शुक्रवार सुबह से ही प्रारंभ हो गया है। केसरिया वस्त्र धारण किए कांवड़ियों के जत्थों के आगमन से सड़कों पर श्बम-भोलेश और श्हर-हर महादेवश के जयकारे गूंज रहे हैं।

ध्श्रद्धालुओं की सेवा के लिए जगह-जगह विशाल भंडारों का आयोजन किया गया है। इन शिविरों में स्थानीय ग्रामीण और भक्तगण एकजुट होकर कांवड़ियों की सेवा में जुटे हैं। कहीं फल और जलपान की व्यवस्था है, तो कहीं गर्म भोजन और विश्राम का प्रबंध किया गया है। सेवादारों द्वारा कांवड़ियों के पैरों की मालिश और प्राथमिक उपचार जैसी निस्वार्थ सेवा भी की जा रही है, जिससे लंबी पैदल यात्रा की थकान मिट सके। सूरजननगर पुलिस प्रभारी ओमकार सिंह अपने पुलिस प्रशासन के साथ पूरी तरह मुस्तैद है। कावड़ यात्रा के सभी मार्गो पर भारी वाहनों के प्रवेश को रोक दिया गया है ताकि कांवड़ यात्रा में कोई व्यवधान न आए। ग्रामीणों का कहना है कि इस बार भक्तों में भारी उत्साह है और रविवार को जलाभिषेक के साथ इस यात्रा का समापन होगा। भक्ति और सेवा का यह संगम क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द और अटूट श्रद्धा की मिसाल पेश कर रहा है।

## एसडीएम ने शिव भंडारा में पहुंचकर कांवड़ियों से की सुरक्षित चलने की अपील



**कांठ( शाह टाइम्स )** एसडीएम संत दास पवार आज शिव भंडारा सेवा समिति के शिविर में पहुंचे और कांवड़ियों से सुरक्षित चलने की अपील की उन्होंने शिव भंडारा शिविर के आयोजकों को इस अच्छे कार्य के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि आप सबके सहयोग से ही पर्व शांतिपूर्वक संपन्न होते हैं उन्होंने कॉबड़ियों को उनकी यात्रा की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि हमेशा अपने बाएं से चलें और किसी भी तरह की जल्दबाजी न करते हुए अपनी यात्रा को सुरक्षित पूरा करें। उन्होंने कॉबड़ियों को किसी भी परेशानी के समय प्रशासन की ओर से सुरक्षा प्रदान किए जाने का भरोसा दिलाया और कहा कि प्रशासन हर समय आप लोगों के साथ है। उन्होंने शिव शक्ति भंडारे के आयोजकों को कांवड़ियों के लिए दी जा रही सुविधा के लिए बधाई दी और उन्हें भी प्रशासनिक सहायता समय पर दिलाए जाने का भरोसा दिलाया इस मौके पर सुबोध चौधरी आलोक वर्मा डॉक्टर अशोक जिंदल एडवोकेट महावीर सिंह मास्टर विजेंद्र बिश्नोई सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत हाथीपुर व चंगेरी में लगा शिविर

**बिलारी।** हाथीपुर व चंगेरी में बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें भारी तादात में महिला पुरुष व बच्चों ने हिस्सा लिया और बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बताया। शुक्रवार को लगे



शिविर के तहत स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के अलावा घरेलू हिंसा के बारे में जानकारी दी गई। बाल विवाह करना, कराना गैर जमानती अपराध बताया, कहा कि इसी कारण सरकार ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम का प्रावधान किया है। इस मौके पर मनो सामाजिक परामर्शदाता तनीषा दिवाकर, सुपरवाइजर शाहनवाज आलम ने बताया कि बाल विवाह करने तथा कराने वाले लोगों को सजा का प्रावधान है। संविधान के मुताबिक विवाह के लिए लड़की की आयु 18 साल और लड़के की आयु 21 वर्ष होना चाहिए। बाल विवाह होने पर 2 साल का कठोर कारावास और एक लाख का जुर्माना हो सकता है। कहीं बाल विवाह हो रहा हो तो 1098, 1090 पर कॉल करके सूचित करने की बात कही। इस मौके पर जिला प्रोबेशन विभाग द्वारा चलाई जा रही कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, विधवा पेंशन आदि के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पास जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से नीतू सक्सेना, अदनान हुसैन ,रिंकी कुमारी, उमा भारती, आरती, रविंद्र सिंह के अलावा बिलारी कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह,महिला दरोगा आदि मौजूद रहे।

## दूसरे समुदाय की छात्रा के अपहरण का आरोपी गाजियाबाद से गिरफ्तार, छात्रा सकुशल बरामद

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के रतुपुरा के निकटवर्ती गांव से विद्यालय जा रही हाईस्कूल की नाबालिग छात्रा के अपहरण के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। अपहृत छात्रा को भी सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व छात्रा विद्यालय के लिए निकली थी। आरोप है कि डिलारी थाना क्षेत्र के मलकपुर सेमली निवासी युवक जुबेर उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने सर्विलांस और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी की लोकेशन गाजियाबाद में ट्रेस की और वहां दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत मलपुरा लक्ष्मीपुर
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।

पत्रांकः मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांकः 13.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत मलपुरा लक्ष्मीपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 07.03.2026 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड से गगन/बाबूम्देवेन्द्र के घर तक सीसी टाईल्स व डंडा कार्य। | सीमेंट, रोड़ा, रेता, सीसी टाईल्स आदि। | 1400804 | 28016 | 500/- | 3 माह |
| 2 | मैन रोड से मुख्यियार सिंह के घर तक सीसी टाईल्स व डंडा कार्य। | ,, | 417960 | 8359 | 500/- | 3 माह |
| 3 | मैन रोड से रईस व रिफाकत के घर तक सीसी टाईल्स व नाली दीवार कार्य। | सीमेंट, रोड़ा, रेता, सीसी टाईल्स आदि। | 304038 | 6080 | 500/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तेः**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-मलपुरा लक्ष्मीपुर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया को हराया

# जिम्बाब्वे ने किया बड़ा उलटफेर




- दो विकेट पर 169 रन का स्कोर बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर किया

**कोलम्बो, वार्ता।** ब्लेसिग मुजारबानी (17 रन पर चार विकेट) और ब्रेड इवांस (23 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को शुक्रवार को 23 रन से हराकर टी 20 विश्व कप का सबसे बड़ा उलटफेर कर दिया। जिम्बाब्वे ने दो विकेट पर 169 रन का स्कोर बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर कर दिया। उन्होंने 2007 टी-20 विश्व कप में ताकतवर ऑस्ट्रेलियाई टीम को हराया था और अब 2026 में उन्हें एक बार फिर हराया है। ब्लेसिग मुजारबानी को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। कोलंबो का आर प्रेमदासा स्टेडियम जिम्बाब्वे के खुश चेहरों से भरा हुआ था, जबकि ऑस्ट्रेलियाई सपोर्टर्स समझ नहीं पा रहे हैं कि उनकी टीम यह गेम कैसे हार गई। उन्हें बैटिंग करने के लिए कहा गया, उन्होंने 2 विकेट पर 169 रन बनाए और यह स्कोर उन्हें 23 रन से जीतने के लिए काफी था। ब्लेसिग मुजारबानी और ब्रैड इवांस ने नई बॉल से शानदार प्रदर्शन किया और ऑस्ट्रेलिया के टॉप-ऑर्डर को चकनाचूर कर दिया। इंगलिस डीप में कैच आउट हुए, ग्रीन और टिम डेविस डक आउट हुए और ट्रैविस हेड बोल्ड हुए, जिससे टीम का स्कोर 29 रन पर 4 विकेट रह गया। ग्लेन मैक्सवेल (31) और मैट रेनशॉ (65) ने 5वें विकेट के लिए 77 रन जोड़कर अपनी टीम को गेम में वापस ला दिया। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा क्रैम्प्स के कारण आउट हो गए और ऐसा लगा कि यह पल हाथ से निकल गया। लेकिन रयान बर्ल एक ओवर करने आए और उन्होंने मैक्सवेल को आउट किया, स्टोइनिस - जो दिन में पहले चोटिल हो गए थे - सस्ते में आउट हो गए और लोअर-ऑर्डर बिखर गया, जबकि जरूरी रन रेट बढ़ गया था। रेनशॉ लड़ते रहे, लेकिन इवांस और मुजारबानी ने वापसी करके मैच को फिनिशिग टच दिया। जिम्बाब्वे क्रिकेट के इतिहास में यह एक मशहूर दिन था, उन्होंने हालात को बेहतर ढंग से समझा, उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेला और दो पॉइंट्स लेकर चले गए। इससे पहले जिम्बाब्वे की पारी में ब्रायन बेनेट ने सर्वाधिक नाबाद 64 रन बनाए।

# आईसीसी ने आयरलैंड, जिम्बाब्वे टी-20 विश्व कप टीम में रिप्लेसमेंट को मंजूरी दी



- आयरलैंड ने पॉल स्टर्लिंग की जगह सैम ऑपिंग को शामिल किया जबकि जिम्बाब्वे टीम में ब्रेंडन टेलर की जगह बेन करन को शामिल किया

**चेन्नई, वार्ता।** आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की इवेंट टेक्निकल कमिटी ने शुक्रवार को आयरलैंड और जिम्बाब्वे टीम में रिप्लेसमेंट को मंजूरी दे दी। आयरलैंड टीम में पॉल स्टर्लिंग की जगह सैम टॉपिंग को शामिल किया गया, जबकि जिम्बाब्वे टीम में ब्रेंडन टेलर की जगह बेन करन को शामिल किया गया। 9 फरवरी को ओमान के खिलाफ मैच के दौरान दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद टेलर के बाहर होने पर करन को रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना गया था। किसी खिलाड़ी की जगह लेने के लिए इवेंट टेक्निकल कमिटी की मंजूरी जरूरी है, तभी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल किया जा सकता है। विश्व कप की इवेंट टेक्निकल कमिटी में वसीम खान (चेयर, आईसीसी जनरल मैनेजर - क्रिकेट), गौरव सक्सेना (आईसीसी जनरल मैनेजर - इवेंट्स और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस, आईबीसी रिप्रेजेंटेटिव), हेमांग अमीन (टूर्नामेंट डायरेक्टर, होस्ट रिप्रेजेंटेटिव) और शॉन पोलक (इंडिपेंडेंट नॉमिनी) शामिल हैं।

## टॉपिंग टी-20 वर्ल्ड कप के लिए आयरलैंड टीम में स्टर्लिंग की जगह लेंगे

**चेन्नई, वार्ता।** आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की इवेंट टेक्निकल कमिटी ने शुक्रवार को आयरलैंड टीम में पॉल स्टर्लिंग की जगह सैम टॉपिग को शामिल करने की मंजूरी दे दी। 11 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आयरलैंड के मैच के दौरान फील्डिंग करते समय घुटने के लिगामेंट में चोट लगने के कारण स्टर्लिंग के बाहर होने के बाद टॉपिग को रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना गया था। किसी खिलाड़ी की जगह लेने के लिए इवेंट टेक्निकल कमिटी की मंजूरी जरूरी है, तभी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आई-लीग का नाम बदलकर इंडियन फुटबॉल लीग किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ने गुरुवार को घोषणा की कि 2025-26 सीजन से आई-लीग को इंडियन फुटबॉल लीग (आईएफएल) के तौर पर रीब्रांड किया गया है। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक घोषणा में कहा कि एआईएफएफ एग्जीक्यूटिव कमेटी ने 12 फरवरी, 2026 को हुई अपनी मीटिंग में, 2025-26 सीजन से आई-लीग को इंडियन फुटबॉल लीग के तौर पर रीब्रांड करने को मंजूरी दे दी है। बयान में आगे कहा गया कि कमेटी ने इंडियन सुपर लीग और इंडियन फुटबॉल लीग की गवर्निंग काउंसिल के चार्टर को और मंजूरी दी। यह कदम जनवरी में हुई चर्चा के बाद उठाया गया है।

### मेरी व धालीवाल की योजना 10वें ओवर तक बल्लेबाजी करने की थी: हर्ष ठाकर

**नई दिल्ली, वार्ता।** कनाडा के मध्यम क्रम के बल्लेबाज हर्ष ठाकर ने शुक्रवार को कहा कि मेरी और नवनीत धालीवाल की योजना 10 ओवर तक बल्लेबाजी करने की थी और कोच का भी यहीं मैसेज था। कनाडा के बल्लेबाज ठाकर ने पहली पारी के बाद कहा कि मुझे लगता है कि हमारा स्कोर बराबर है, यहां 150 बुरा नहीं है। जब आप बैक ऑफ लेंथ गेंदबाजी करते हैं, तो गेंद थोड़ी रुकती है और थोड़ी टू-पेस खेलती है। मेरी और धालीवाल की योजना 10वें ओवर तक बल्लेबाजी करने की थी और कोच का यही मैसेज था। जाहिर है, एक टी-20 मैच में, आपको पॉजिटिव रहना होता है। मैंने अपनी पहली कुछ गेंदों पर थोड़ा समय लिया, लेकिन एक बार जब मैं जम गया, तो मैं और अधिक आक्रामक तरीके से खेल पाया। उन्होंने कहा कि जब आप पर दबाव में होते है तो आपको शांत बनाए रखना होता हैं।


# हनी बैसोया ने जीता डीपी विश्व प्लेयर्स चैंपियनशिप का खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** हनी बैसोया ने नई दिल्ली के कुतुब गोल्फ कोर्स में खेले गए 1.5 करोड़ रुपये की डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 में आखिरी दिन शुक्रवार को पांच-अंडर 65 के स्कोर के साथ तीन शॉट की जीत दर्ज करते हुए हफ्ता शानदार तरीके से खत्म किया। हनी बैसोया (63-65-64-65), जो रात भर पांच शॉट से आगे चल रहे थे, ने चौथे राउंड में एक बोगी के मुक.।बले छह बर्डी बनाकर बढ़त हासिल की और हफ्ते का कुल स्कोर 23-अंडर 257 कर लिया और इस तरह टाइटल के लिए उनका पांच साल का इंतजार खत्म हो गया। यह 29 साल के हनी की आठवीं प्रोफेशनल जीत थी।



बैसोया ने 22,50,000 रुपये का विनिग चेक जीता, और 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरे स्थान से पहले स्थान पर पहुंच गए। क्षितिज नवीद कौल (62-71-65-62), जो रात भर तीसरे स्थान पर थे और लीड से छह शॉट पीछे थे, ने इस हफ्ते दूसरी बार 62 का स्कोर किया, जो पिछले दिन का सबसे कम स्कोर था, जिससे वे एक स्थान ऊपर उठे और टूर्नामेंट का अंत 20-अंडर 260 के साथ रनर-अप के तौर पर किया। वीर अहलावत (65-67-66-65) ने अपने चौथे राउंड में 65 के स्कोर के बाद 17-अंडर 263 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। हनी ने जीत के बाद कहा, ष्इतने लंबे समय के बाद विनर सर्कल में वापस आकर मैं बहुत खुश हूं। आज कोर्स पर मेरा दिन बहुत अच्छा रहा। भले ही, मैंने ओवरनाइट पांच शॉट की लीड ली थी, मुझे पता था कि मुझे फाइनल राउंड में बहुत अच्छा खेलना होगा, क्योंकि वीर और क्षितिज, जो मेरा पीछा कर रहे थे, अपने दिन बहुत कम स्कोर करने में सक्षम हैं और उन्हें कभी भी कम नहीं आंका जा सकता।

# पाक के खिलाफ खेल सकते हैं अभिषेक: वरुण



पेट में संक्रमण के कारण अभिषेक नामीबिया के खिलाफ मैच में हिस्सा नहीं ले पाए

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का मानना है कि रविवार को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले भारत के महत्वपूर्ण मैच में अभिषेक शर्मा वापसी कर सकते हैं। पेट में संक्रमण के कारण अभिषेक नामीबिया के खिलाफ मैच में हिस्सा नहीं ले पाए थे। इससे पहले दिल्ली पहुंचने पर जांच के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती भी होना पड़ा था। हालांकि बाद में वह डिस्चार्ज भी हो गए और नामीबिया के खलिाफ मैच से पहले मैदान में भी थे। वहीं विश्व कप में उनका डेब्यू कुछ खास नहीं था था और वह अमेरिका के खलिाफ पहले मैच में शून्य पर आउट हो गए थे। वरुण ने कहा कि मुझे लगता है वह अगला मैच खेलेंगे।

मैं पक्का नहीं कह सकता, लेकिन जितनी मेरी उनसे बात हुई है, वह ठीक लग रहे हैं। उन्होंने आज थोड़ा अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि वह वापसी की राह पर हैं। यह भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव के टॉस के समय दिए गए बयान से ज्यादा सकारात्मक संकेत था। उन्होंने कहा था। उन्हें एक-दो मैच लग सकते हैं, मुझे नहीं पता। मैच के बाद अर्शदीप सिंह के एक सोशल मीडिया वीडियो में भी अभिषेक दिखे, जिसमें उन्हें कहते सुना गया कि वह ठीक हैं, लेकिन उनका वजन थोड़ा कम हो गया है।

अभिषेक की गैरमौजूदगी में संजू सैमसन ने पारी की शुरुआत की और आठ गेंदों पर 22 रन बनाते हुए तीन छक्के जड़े। हालांकि, दूसरे ओपनर इशान किशन ने विकेटकीपिग की जिम्मेदारी संभाली, जिससे संकेत मिलता है कि फिलहाल सैमसन बैक-अप ओपनर ही हैं। किशन ने शानदार अर्धशतक जड़ते हुए अपनी जगह मजबूती से पक्की कर ली है।

# नामीबिया के खिलाफ भारत के ऑलराउंड प्रदर्शन से संतुष्ट नजर आए सूर्यकुमार यादव



- कहा: शिवम-हार्दिक पांड्या के बीच पार्टनरशिप काबिल-ए-तारीफ

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को टी-20 वर्ल्ड कप ग्रुप ए मुकाबले में नामीबिया पर 93 रन की जीत के बाद अपनी टीम के लचीलेपन और गेंदबाजी की गहराई की तारीफ की। सूर्यकुमार ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान कहा कि सभी के लिए काफी अच्छा खेल था। मुझे लगता है कि यह बल्लेबाजी के लिए आसान विकेट नहीं था, लेकिन जिस तरह से ईशान और संजू ने शुरुआत की, ऐसा लग रहा था कि यह एक आसान विकेट है।

उन्होंने आगे कहा कि फिर शिवम और हार्दिक के बीच पार्टनरशिप, जिस तरह से उन्होंने दो या तीन जल्दी विकेट खोने के बाद बल्लेबाजी की, मुझे लगता है कि यह बहुत तारीफ के काबिल था। गेंद थोड़ी रुक रही थी, लेकिन मैं नामीबिया के गेंदबाजों से कोई क्रेडिट नहीं लेना चाहता। उन्होंने बहुत अच्छी गेंदबाजी की, जोश के साथ मैदान में उतरे और अपने प्लान को पूरा किया। भारत ने इशान के 24 गेंदों में 61 रन और हार्दिक पांड्या के 28 गेंदों में 52 रन की मदद से नौ विकेट पर 209 रन बनाए, जबकि नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने चार विकेट लिए। नामीबिया ने पावरप्ले में अच्छा जवाब दिया और एक विकेट पर 57 रन बना लिए। हालांकि, भारत के स्पिनरों और सीमरों ने मिलकर कंट्रोल वापस पा लिया।

वरुण चक्रवर्ती (दो ओवर में 3/7), अक्षर पटेल (तीन ओवर में 2/20) और हार्दिक (चार ओवर में 2/21) ने नामीबिया को 18-2 ओवर में 116 रन पर आउट कर दिया। सूर्यकुमार ने कहा कि जसप्रीत बुमराह को अपने पूरे चार ओवर फेंकते देखना एक बड़ा प्लस पॉइंट था। उनका टीम में वापस आना अच्छा है। वह अगले मैच के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने स्पिन कॉम्बिनेशन की भी तारीफ की। जिस तरह से वरुण अक्षर के साथ पार्टनरशिप में बॉलिंग करते हैं, मुझे लगता है कि यह कॉम्बिनेशन खेलना मुश्किल है। टीम के अब तक के कैंपेन पर बात करते हुए, कप्तान ने कहा कि ठीक वही जो आप आगे बढ़ने के लिए देख रहे हैं। हर गेम जरूरी है। हमने थोड़ी खराब शुरुआत की, लेकिन मुझे लगता है कि हम सही रास्ते पर हैं। दो मैचों में दो जीत के साथ, भारत ग्रुप ए में टॉप पर है, नेट रन रेट पर पाकिस्तान से आगे।

# डी मिनौर ने फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की




**रोटर्डम, वार्ता।** टॉप-सीडेड ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर ने गुरुवार को इनडोर हार्ड-कोर्ट इवेंट में 2015 के चैंपियन स्टेन वावरिका को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार पांचवें साल क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई और तीन बार के चैंपियन रोजर फेडरर के उस स्टेज पर लगातार पहुंचने के रिकॉर्ड की बराबरी की। एटीपी 500 के पिछले दो एडिशन के फाइनलिस्ट, डी मिनौर ने इस साल के फील्ड में किसी से भी ज्यादा जीत (15) हासिल की हैं। स्विस वाइल्ड कार्ड वावरिका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए, एटीपी रैंकिंग में नंबर 8 खिलाड़ी ने अपनी लगातार बॉलस्ट्राइकिग से 40 साल के खिलाड़ी को गलतियां करने पर मजबूर किया, जिससे दोनों की हेड2हेड सीरीज में स्कोर 2-0 हो गया। डी मिनौर ने 2023 की शुरुआत से अब तक एटीपी 500 इवेंट्स में 50 जीत दर्ज की हैं, जिसमें अकापुल्को (2023, 2024) और वाशिंगटन (2025) में उस लेवल पर ट्रॉफी जीती हैं। रोटर्डम में अपना टाइटल जीतने का मौका खत्म करने के मकसद से, वह अगला मैच बोटिक वैन डे जैंडशुल्प से खेलेंगे। डचमैन वैन डे जैंड्सचुल्प ने 2022 के फाइनलिस्ट सितसिपास को 6-4, 7-6(4) से हराकर पहली बार रोटर्डम में क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई। वह एटीपी 500 में आखिरी आठ में पहुंचने वाले चौथे एक्टिव डचमैन हैं।

दूसरे सीड और वर्ल्ड नंबर 6 फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे अपने साथी टॉप 10 स्टार डी मिनौर के साथ रोटर्डम में आखिरी आठ में शामिल हुए, उन्होंने हमाद मेडजेडोविच के खिलाफ एक मुश्किल दूसरे राउंड को पार किया। ऑगर-अलियासिमे, जिन्होंने रविवार को मोंटपेलियर में एक इनडोर एटीपी 250 ट्रॉफी जीती थी, ने 6-4, 6-4 से जीत हासिल की व अपनी जीत का सिलसिला छह मैचों तक बढ़ाया।

## शेल्टन क्वार्टरफाइनल में, डिफेंडिग चैंपियन शापोवालोव भी आगे बढ़े

**डलास, वार्ता।** बेन शेल्टन ने गुरुवार को नेक्सो डलास ओपन में फ्रेंच लेफ्टी एड्रियन मानेरिनो के कड़े मुकाबले का सामना किया और जीत हासिल कर अपने 25वें टूर-लेवल क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गए। एटीपी रैंकिंग में नंबर 9 के खिलाड़ी शेल्टन ने शानदार शॉटमेकिग से भरे एक उतार-चढ़ाव वाले मुकाबले में मानेरिनो को 7-6(2), 6-7(4), 6-3 से हराया। पिछले हफ्ते मोंटपेलियर में फाइनलिस्ट मानेरिनो ने शेल्टन की फायरपावर को अच्छे से झेला, जिसका सबसे अच्छा प्रदर्शन पहले सेट के टाई-ब्रेक के शुरुआती पॉइंट पर 29-शॉट की रैली के दौरान हुआ, लेकिन दूसरे सीड वाले खिलाड़ी ने दो घंटे और 40 मिनट के बाद आगे बढ़ने के लिए जरूरी मौकों पर अपना लेवल बढ़ाया। शेल्टन का अगला मुकाबला सर्बिया के मिओमिर केकमानोविच से होगा, जिन्होंने दिन के आखिरी मैच में पांचवीं सीड टॉमी पॉल को हराया था। केकमनोविच ने पॉल के खिलाफ 5-7, 6-4, 6-4 से जीत के साथ सीरीज में 4-2 की बढ़त बना ली।

# न्यूजीलैंड-द. अफ्रीका मैच में होगी दिग्गजों की टक्कर

ग्रुप डी के इस मुकाबले में दोनों टीमें बिना हारे पहुंची है, दोनों ने दो-दो मैच जीते हैं




**अहमदाबाद, वार्ता।** रिकॉर्ड दांव पर लगे हैं, लेकिन न हारने वाली बड़ी टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर होगी, और बैटिंग के स्वर्ग में ओस के नीचे लक्ष्य का पीछा करने का ड्रामा होगा।

शनिवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फैंस को यही इंतजार रहेगा, जब न्यूजीलैंड विश्व कप के ग्रुप डी के एक बड़े मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। दोनों टीमें बिना हारे पहुंची हैं, दोनों ने दो-दो मैच जीते हैं, जिससे टॉप स्पॉट की रेस में यह एक अहम मुकाबला बन गया है। न्यूजीलैंड इस मैच में जबरदस्त फॉर्म में है, फिन एलन और टिम सीफर्ट के बीच ऐतिहासिक ओपनिग पार्टनरशिप की बदौलत। यूएई के खिलाफ, दोनों ने नाबाद 175 रन की पार्टनरशिप की, जो टी-20 क्रिकेट इतिहास में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप है, और टीम ने सिर्फ 15-2 ओवर में 174 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। एलन, जो बिग बैश लीग 2025-26 के रन चार्ट में 11 मैचों में 466 रन बनाकर टॉप पर थे, ने 168 के स्ट्राइक रेट से 50 गेंदों में 84 रन बनाकर अपनी खतरनाक फॉर्म जारी रखी है, जबकि सीफर्ट ने 211-9 की स्ट्राइक रेट से 42 गेंदों में 89 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिशेल की लीडरशिप में मिडिल ऑर्डर में गहराई और अग्रेसन है, जो मोमेंटम बनाए रखने और गेम को अधिकार के साथ खत्म करने में सक्षम है।

न्यूजीलैंड का बॉलिंग अटैक एक बैलेंस्ड यूनिट है, जिसमें मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन और जैकब डफी पेस की अगुआई करते हैं, जबकि स्पिनर मिशेल सेंटनर, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र बीच के ओवरों में ब्रेकथ्रू दिलाते हैं। कीवी टीम टॉप पर विस्फोटक बैटिंग के साथ भरोसेमंद बॉलिंग को जोड़ती है, जो उन्हें इस टूर्नामेंट में एक मजबूत दावेदार बनाती है। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका ड्रामे से अनजान नहीं है। अफगानिस्तान के खिलाफ एक रोमांचक मुक.।बले में, प्रोटियाज ने दबाव में जबरदस्त धैर्य दिखाते हुए डबल सुपर ओवर में भी जीत हासिल की। क्विंटन डी कॉक ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तीन मैचों में 149 रन बनाकर टॉप पर लीड किया है, जबकि रयान रिकेल्टन अफगानिस्तान के खलिाफ 28 गें. दों पर 61 रन बनाकर अग्रेसिव और फॉर्म में रहे हैं। एडेन मार्करम और डेविड मिलर बीच में स्टेबिलिटी देते हैं, लेकिन प्रोटियाज का मिडिल ऑर्डर अभी भी कमजोर नजर आता है।

बॉलिंग की कमान लुंगी एनगिडी के हाथ में है, जिन्होंने दो मैचों में सात विकेट लिए हैं, उनका साथ मार्को यानसन और कगिसो रबाडा दे रहे हैं। स्पिन ऑप्शन केशव महाराज और जॉर्ज लिंडे का पिच पर कम असर पड़ा है, जिससे टर्न बहुत कम मिलता है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच बैटिंग के लिए स्वर्ग है, जो फ्लैट है, जिसमें सही बाउंस और तेज आउटफील्ड है। 200 से ज्यादा के हाई स्कोर आम हैं, खासकर लाइट्स में, जबकि शाम को ओस चेज करने वाली टीम के लिए फायदेमंद होती है, जिससे टॉस एक जरूरी फैक्टर बन जाता है। साफ आसमान, 22 सेल्सियस और 33 सेल्सियस के बीच टेम्परेचर और हल्की हवाओं के साथ, हाई-ऑक्टेन मुकाबले के लिए कंडीशन आइडियल हैं। इस मैच में धमाकेदार ओपनर, मजबूत मिडिल ऑर्डर और स्ट्राइक बॉलर लाइट्स में भिड़ेंगे। रिकॉर्ड टूट सकते हैं, टेंशन बढ़ सकती है, और एक टीम टूर्नामेंट में शुरू में ही साइकोलॉजिकल बढ़त हासिल कर लेगी। स्ट्रोक बनाने के लिए बनी पिच पर और ओस के साथ जो टीम बाद में बैटिंग करती है, न्यूजीलैंड की फायरपावर उन्हें दो अजेय हैवीवेट टीमों के बीच एक रोमांचक मुकाबले में थोड़ी बढ़त दिलाती है।

## 72 द लीग के लिए 170 प्रोफेशनल गोल्फर नीलाम होंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के टॉप 170 प्रोफेशनल गोल्फर भारत में प्रोफेशनल गोल्फ में अपनी तरह के पहले ऑक्शन में हिस्सा लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, पीजीटीआई की 72 द लीग ने आज यह घोषणा की। 11 अलग-अलग देशों के जाने-माने प्रोफेशनल सोमवार, 16 फरवरी को राजधानी में नीलाम होंगे, जिसमें 72 द लीग के पहले एडिशन के लिए जबरदस्त एक्शन होने की उम्मीद है। लीग में गोल्फर्स के लिए कुल 60 जगहें होंगी, क्योंकि छह फ्रेंचाइजी अपनी-अपनी टीमों के लिए 10-10 गोल्फर्स चुनेंगी, जिससे कुल 6 करोड़ रुपये की नीलामी होगी। भारत की पहली एक्सक्लूसिव नेशनल प्रोफेशनल गोल्फ लीग - 72 द लीग - 21 फरवरी 2026 को शुरू होगी। इस लीग को पीजीटीआई ने गेम ऑफ लाइफ स्पोर्ट्सके साथ पार्टनरशिप में लॉन्च किया है, जिसका फाइनल 6 मार्च 2026 को होगा।

# रियान पराग राजस्थान रॉयल्स के कप्तान बने



**जयपुर, वार्ता।** रियान पराग को आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स का कप्तान बनाया गया है, जो संजू सैमसन के चेन्नई सुपर किंग्स में जाने के बाद फ्रेंचाइजी के लिए एक नए युग की शुरुआत है। पराग, जिन्होंने 2019 में आईपीएल में डेब्यू किया था, ने अपने सभी सात सीजन रॉयल्स के साथ बिताए हैं। पिछले साल जब सैमसन चोट के कारण बाहर थे, तो उन्होंने आठ मैचों में टीम की कप्तानी की थी, जिसमें दो जीत और छह हार मिली थीं, जिससे टीम नौवें स्थान पर रही थी। हालांकि यह समय मुश्किल साबित हुआ, पराग ने बल्ले से प्रभावित किया, उन मैचों में 38-57 का औसत बनाया, जिसमें ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ करियर की सबसे अच्छी 95 रन की पारी भी शामिल है। कुल मिलाकर, पराग ने 84 आईपीएल मैचों में हिस्सा लिया है, जिसमें उन्होंने 141-84 के स्ट्राइक रेट से 1566 रन बनाए हैं। उनका सबसे शानदार प्रदर्शन 2024 में आया, जब उन्होंने 149-21 के स्ट्राइक रेट से 573 रन बनाए। हालांकि पिछले सीजन में उन्होंने और भी तेज 166-52 की औसत से रन बनाए थे, लेकिन उनका कुल स्कोर घटकर 393 रह गया, जिसमें सिर्फ एक हाफ-सेंचुरी शामिल थी। 2025 सीजन के बाद राहुल द्रविड़ के भी हेड कोच के तौर पर जाने के साथ, रॉयल्स आईपीएल 2026 में एक नई लीडरशिप जोड़ी के साथ उतरेगी, क्योंकि कुमार संगकारा पराग के साथ कमान संभालेंगे, जो फ्रेंचाइजी के लिए एक नया अध्याय होने का वादा करता है।

## अज्ञात वाहन से टकरा कर बाइक सवार दो की मौके पर मौत

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक पर जा रहे हैं दो की मौके पर मौत हो गई पुलिस ने शब पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। घटना गुरुवार रात करीब 10:00 बजे की है मुरादाबाद के थाना सिविल लाइन के क्षेत्र प्रेम नगर निवासी सतपाल पुत्र राम सिंह अपने साढू जयप्रकाश पुत्र घास. ीराम के साथ थाना कांठ के गांव लाडलाबाद में दावत में आए थे रात को वह वापस जा रहे थे जैसे ही मधपुरी गांव के पास पहुंचे वहां अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें जयप्रकाश और सतपाल बुरी तरह घायल हो गए घायलों को सरकारी अस्पताल भेजा गया लेकिन वहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों शबो को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी में रखवा दिया। मृतक सतपाल के पिता राम सिंह पुत्र प्रसादी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

# 50 करोड़ से संवर रहा गुरु जंभेश्वर विवि: पीतल उद्योग को मिलेगी 'नई चमक', लाखों युवाओं को शिक्षा और रोजगार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पीतल नगरी मुरादाबाद के शैक्षिक क्षितिज पर एक नया सूरज उग रहा है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बजट 2026 में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय को 50 करोड़ रुपये की संजीवनी देकर मंडल के लाखों छात्रों के सपनों को नई उड़ान दी है। सरकार की मंशा साफ हैख्रशिक्षा को रोजगार से जोड़ना। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है और मई 2026 तक यह पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो जाएगा। यह विश्वविद्यालय न केवल शिक्षा का मंदिर होगा, बल्कि मुरादाबाद के विश्व प्रसिद्ध पीतल उद्योग के लिए श्स्किल फैक्ट्रीश भी साबित होगा।




**पीतल उद्योग की जरूरतों के हिसाब से तैयार हुआ पाठ्यक्रम**

विश्वविद्यालय के कुल सचिव गिरीश कुमार द्विवेदी ने बताया कि सत्र 2025-26 का आगाज हो चुका है और कैंपस में सात पीजी पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। इनमें साइंस संकाय के एमएससी फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉटनी, कंप्यूटर साइंस, एनवायर्नमेंटल साइंस के साथ एमकॉम और एम. ए. जियोग्राफी शामिल हैं।

खास बात यह है कि इन पाठ्यक्रमों को मुरादाबाद के पीतल उद्योग को केंद्र में रखकर डिजाइन किया गया है। एमकॉम: छात्र सीखेंगे कि पीतल उद्योग में एक्सपोर्ट-इंपोर्ट का काम कैसे होता है। एनवायर्नमेंटल साइंस: उद्योग से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को कैसे सुधारा जाए, इसकी तकनीक सिखाई जाएगी।

केमिस्ट्री: रसायनों का उपयोग और धातुओं का निष्कर्षण (Eætraction) कैसे हो, इस पर फोकस रहेगा। कुल सचिव ने बताया कि सभी कोर्सेज को एईडीपी (AEDP) (Apprenticeship Embedded Degree Program) से जोड़ा जा रहा है। यह एक क्रांतिकारी कदम है, जिससे छात्रों को क्लासरूम की पढ़ाई के साथ-साथ इंडस्ट्री में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी मिलेगा। 333 कॉलेजों का महा. संगम: 5 लाख छात्रों का बनेगा भविष्य विश्व. विद्यालय का दायरा बेहद विशाल है। मुरादाबाद मंडल के पांचों जिलों के 333 कॉलेज अब गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय से जुड़ चुके हैं। जो छात्र अभी रोहिलखंड विश्वविद्यालय से सेकेंड या थर्ड ईयर कर रहे हैं, उन्हें भी अब डिग्री इसी विश्वविद्यालय की मिलेगी। आंकड़ों की बात करें तो वर्तमान में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम वर्ष में लगभग 1 लाख 29 हजार विद्यार्थी पंजीकृत हैं। जब कैंपस और व्यवस्थाएं पूरी तरह संचालित हो जाएंगी, तो मंडल के करीब 5 लाख विद्यार्थी यहाँ से शिक्षित होकर देश-प्रदेश में अपनी सेवाएं देंगे। फिलहाल कैंपस में 7 कोर्सेज में 94 विद्यार्थी शिक्षा ले रहे हैं, जिन्हें एडेड कॉलेजों के अनुभवी प्रोफेसर और ऑनलाइन-ऑफलाइन मोड में डभ्व्ब्ठ्थ्के सहयोग से पढ़ाया जा रहा है। मई तक तैयार होगा कैंपस, आईआईटी रुड़की कर रही निगरानी पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता राजेंद्र बहादुर ने बताया कि बजट 2026 में मिले 50 करोड़ रुपये से निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। ईपीसी (EPC) मोड पर हो रहे इस निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जा रहा, जिसकी निगरानी आईआईटी रुड़की जैसी संस्थाएं कर रही हैं।

मई तक विश्वविद्यालय पूर्ण रूप से शुरू कर दिया जाएगा। मुख्य बिल्डिंग के अलावा एडमिन ब्लॉक, वीसी रेजीडेंसी, पुलिस आवास और गैराज का काम पूरा हो चुका है। कैंपस को अत्याधुनिक बनाते हुए सभी कक्षाओं को स्मार्ट क्लास में तब्दील किया गया है, ताकि छात्रों को देश के टॉप क्लास विश्वविद्यालयों जैसी सुविधाएं मिल सकें। अगले सत्र से एआई की पढ़ाई विश्वविद्यालय प्रशासन भविष्य की तैयारियों में भी पीछे नहीं है।

अगले सत्र (2026-27) से कंप्यूटर साइंस के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का कोर्स भी शुरू किया जाएगा। साथ ही, बचे हुए अन्य पाठ्यक्रमों को भी पूरी क्षमता के साथ शुरू करने की योजना है। योगी सरकार का यह प्रयास मुरादाबाद को शिक्षा और उद्योग का एक सशक्त केंद्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

## एक नजर

## टिमिट में एलुमनाई गेस्ट लेक्चर का हुआ भव्य आयोजन




**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) द्वारा छात्रों के शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से एक एलुमनाई गेस्ट लेक्चर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विकास सचदेवा, सेल्स मैनेजर, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, मुरादाबाद रहे। श्री विकास सचदेवा वर्ष 2010 से 2013 के बीच टिमिट के छात्र रह चुके हैं। उन्होंने अपने व्याख्यान के दौरान अपने छात्र जीवन से लेकर कॉरपोरेट क्षेत्र में कार्य करने तक की प्रेरक यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार निरंतर सीखने की भावना, अनुशासन, संचार कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण से कोई भी छात्र अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। साथ ही उन्होंने सेल्स एवं मैनेजमेंट क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों, उद्योग की वर्तमान मांगों, कार्यस्थल की चुनौतियों तथा उनसे निपटने के व्यावहारिक तरीकों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने अतिथि वक्ता से करियर योजना, इंटरव्यू की तैयारी, कॉरपोरेट कल्चर और प्रोफेशनल ग्रोथ से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका श्री सचदेवा ने अपने अनुभवों के आधार पर सरल और प्रेरणादायक उत्तर दिए। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने एलुमनाई को सम्मानित करते हुए कहा कि टिमिट के पूर्व छात्रों की उपलब्धियां वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के एलुमनाई गेस्ट लेक्चर छात्रों को उद्योग से जोड़ने, व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने और अपने करियर के प्रति स्पष्ट दृष्टि विकसित करने में अत्यंत सहायक होते हैं। कार्यक्रम के अंत में अतिथि वक्ता का आभार व्यक्त किया गया तथा छात्रों ने ऐसे और भी प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की इच्छा व्यक्त की।

## सुल्तानपुर में कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं कुष्ठ पकवाड़ा के क्रम में आज दिनांक 13 2 2026 को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कुंदरकी ब्लाक के गांव सुल्तानपुर में किया गया। इस अवसर पर श्री जोगेंद्र सिंह चौहान जिला मंत्री बीजेपी मुरादाबाद (पूर्व प्रधान ग्राम सुल्तानपुर) ने ग्राम वासियों के सम्मुख अपने विचार रखते हुए कहा कि कुष्ठ रोग का इलाज सरकारी अस्पतालों में बहुत अच्छे प्रकार से किया जा रहा है। डॉ0 भास्कर अग्रवाल ने बताया कि कुष्ठ रोग संक्रमित व्यक्ति के श्वास कण के माध्यम से दूसरे व्यक्ति के शरीर में जा सकता है अत: कुष्ठ रोगी और उसके परिवार से कोई भेदभाव ना करें बल्कि उसका सहयोग करें जिससे वह सही समय पर इलाज लेकर विकलांगता की स्थिति को प्राप्त ना हो। इस अवसर पर पैरामेडिकल वर्कर राजकुमार, गांव की आशा महेंद्री का कार्यक्रम के आयोजन में विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर सुल्तानपुर गांव के जगी सिंह, वीरपाल सिंह, राजू सिंह, विनोद पाल, हरिओम सिंह, मोनू सिंह, टिल्लनसिंह एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## हिफ्ज करने वाले 9 छात्रों की दस्तार वन्दी की गई



**कुंदरकी।** मदरसा जिया तैयबा कुन्दरकी में जिया तैयबा कॉन्फ्रेंस और दस्तारबंदी हुई, जिसमें बड़ी संख्या में विद्वानों, शेखों और सादातों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर हिफ्ज करने वाले 9 छात्रों की दस्तार वन्दी की गई। सरपरस्ती औलादें गौस-ए-आजम डॉ. सैयद नासिर मियां और अध्यक्षता मौलाना अखघ्लाक ने की हुसैन साहिब ने की। मदरसा जिया तैयबा के छात्रों ने कलाम पेश किये।

उन्होंने कुछ जगहों से कुरान पढ़कर लोगों को सुनाया। उसके बाद मुफ्ती मुहम्मद इमरान हनफी ने कुरान कुरान की तालीम के बारे में लोगों को विस्तार से बताया ।उसके बाद सलाम और मुल्क व कोम की तरक्की की दुआ की गई। उसके बाद सैयद मुहम्मद नासिर मियां ने दुआ की। इस मदरसे के प्रधानाचार्य कारी इंतिजार हुसैन रिजवी ने आए हुए सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा करते हुए तोहफा दिया।इस मौके पर सैयद वसीम मियां, हाफिज अहमद, मौलाना सोहेल अहमद, मौलाना मुहम्मद जिया कादरी, कारी महफूज-उर-रहमान, मुफ्ती नईमुद्दीन मौलाना शब्बीर हुसैन आदि मौजूद थे।

# एसडीएम ने मंदिरों की व्यवस्था देखकर किया गोशाला का निरीक्षण

कांठ( शाह टाइम्स) महाशिवरात्रि पर्व सुरक्षित संपन्न कराने की दिशा में आज एसडीएम संतदास पवार ने लाडलाबाद और ढाकी मंदिरों का भ्रमण किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए उन्होंने कांवरियों के लिए सुरक्षा बैठने और जलाभिषेक करने की व्यवस्था के बारे में जानकारी की मंदिर के महंतो से पर्व सुरक्षित तरीके से मनाए जाने को लेकर वार्ता की ओर कहा कि किसी भी परेशानी के लिए उन्हें तुरंत अवगत कराया जाए इसके बाद उन्होंने लाडला बाद गौशाला जाकर गोवंश के पानी चारा और अन्य चीजों के बारे में जाना उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी



## सेंट स्टीफन इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों को दी विदाई



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** ऊमरी कलां स्थित सेंट स्टीफन इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 8 के छात्र- छात्राओं द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, नृत्य, और नाटक, प्रस्तुत किए गए अच्छा प्रदर्शन करने पर बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव और यादें साझा की। प्रधानाचार्या कविता रस्तोगी एवं स्कूल चेयरमैन जितेंद्र विश्नोई ने सभी छात्र - छात्राओं की सराहना की और उन्हें उनके स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह में स्कूल के समस्त शिक्षक - शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

# शिवरात्रि पर्व पर सुरजन नगर -भूतपुरी मार्ग पर सुरक्षा सख्त भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित

**सुरजन नगर।** सुरजन नगर के निकट भारती बिजनौर सीमा पर बनी चौकी पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शांति व्यवस्था और कांवड़ियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए अफजलगढ़ पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रही है। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने सुरजनगर-भूतपुरी मार्ग पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और सुरक्षा कारणों को देखते हुए पुलिस ने इस मार्ग पर भारी वाहनों और ई-रिक्शा के संचालन को पूरी तरह रोक दिया है। पुलिसकर्मियों द्वारा जगह-जगह बैरिकेडिंग कर वाहनों को डायवर्ट किया जा रहा है, ताकि शिवभक्तों को पैदल यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल निरंतर गश्त कर रहा है और संदिग्ध गति. विधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस चौकी इंचार्ज लोकेंद्र सिंह का कहना है कि पर्व की समाप्ति तक यातायात व्यवस्था में यह बदलाव लागू रहेगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# सदन में गूंजी बिलारी की आवाज: कोविड कालीन मुकदमों की वापसी से लेकर विकास कार्यों तक सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने उठाए मुद्दे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** विधानसभा में सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान (विधानसभा क्षेत्र 30 बिलारी) ने एक साथ जनहित और क्षेत्रीय विकास से जुड़े कई अहम मुद्दे उठाते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान जनप्रतिनिधियों पर दर्ज मुक. दमों की वापसी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। विधायक ने कहा कि महामारी के कठिन समय में जब पूरा प्रदेश संकट से गुजर रहा था, तब जनप्रति. निधियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना जनता की सेवा कीख्रराशन वितरण कराया, दवाइयाँ पहुंचाई, ऑक्सीजन और अस्पतालों में बेड की व्यवस्था कराई, प्रवासी मजदूरों को उनके घर तक पहुंचाने में सहयोग किया। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर प्रशासनिक परिस्थितियों के चलते सेवा कार्यों के दौरान मुकदमे दर्ज कर दिए गए। बाद में सरकार ने आम नागरिकों के खिलाफ दर्ज कई कोविड-कालीन मुकदमे वापस लिए,



लेकिन उन्हीं मामलों में नामजद विधायकों के मुकदमे आज भी लंबित हैं। इसे न्याय और समानता के सिद्धांत के विपरीत बताते हुए विधायक ने मांग की कि जिन मामलों में कोई गंभीर आपराधिक तत्व नहीं है, उनकी निष्पक्ष समीक्षा कर मुकदमे वापस लिए जाएं। इसी के साथ उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र बिलारी से जुड़े कई महत्वपूर्ण विकासात्मक मुद्दे भी सदन में रखे। बुनकर बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण राजकीय सूत डिपो की स्थापना की मांग की, ताकि स्थानीय बुनकरों को सस्ती दरों पर सूत उपलब्ध हो सके। बिलारी तहसील में अधिवक्ताओं के लिए समुचित चौंबर निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया।

नगर पालिका परिषद बिलारी क्षेत्र में स्थित 75 वर्ष पुराने सहकारी प्रबंध प्रशिक्षण केंद्र की जर्जर स्थिति पर चिंता जताते हुए उसकी भूमि सुरक्षा सुनिश्चित करने और उसे "सहकारिता हब" के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा। विधायक ने प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को चयन वेतनमान और सेवा संबंधी कार्यों में आ रही दिक्कतों का उल्लेख करते हुए मानव संपदा पोर्टल को दुरुस्त कर तकनीकी समस्याएं शीघ्र दूर करने की मांग की।

साथ ही विधानसभा क्षेत्र 30 बिलारी में छात्राओं की उच्च शिक्षा के लिए राजकीय गर्ल्स डिग्री कॉलेज की स्थापना, शाहबाद-बिलारी मार्ग से खाबरी अब्बल तक सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण, तथा किसानों की सुविधा के लिए मंडी समिति की स्थापना की मांग भी जोरदार ढंग से उठाई। विधायक हाजी फहीम इरफान ने कहा कि ये सभी विषय सीधे तौर पर जनता के जीवन, शिक्षा, रोजगार और क्षेत्रीय विकास से जुड़े हैं। उन्होंने सरकार से अपेक्षा की कि कोविड कालीन मुक. दमों पर न्याय संगत निर्णय लेते हुए और बिलारी क्षेत्र की लंबित विकास योजनाओं को प्राथमिकता देकर जनता को राहत दी जाए।

# आईफटीएम में 'एक्सटेम्पोर स्पीच कम्पटीशन' का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** आईफटीएम विश्व. विद्यालय में स्कूल ऑफ लॉ के स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की ओर से एक ''एक्सटेम्पोर स्पीच कम्पटीशन'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने कहा कि 'एक्सटेम्पोर स्पीच कम्पटीशन' का उद्देश्य विद्यार्थियों में सहजता के साथ संवाद कौशल और अपनी भाषा में आत्मविश्वास को बढ़ाना है। इसका लक्ष्य रचनात्मक सोच, स्पष्ट अभिव्यक्ति और विविध विषयों पर जागरूकता को प्रोत्साहित करना व भागीदारी की भावना एवं भाषाई गौरव को बढ़ावा देना है। वहीं प्रतियोगिता के सह संयोजक डॉ. योगेंद्र सिंह ने कहा कि एक्सटेम्पोर स्पीच केवल प्रतियोगिता ही नहीं, बल्कि यह भविष्य के कुशल अधिवक्ता तैयार करने में अपनी विशिष्ट भूमिका निभाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि एक्सटेम्पोर स्पीच का अभ्यास विद्यार्थियों को अपनी बात को सही समय व सही मंच पर प्रस्तुत करने की दिशा में प्रोत्साहित भी करेगा। इस प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ लॉ के 35 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिनमें बीए-एलएलबी, तृतीय वर्ष के छात्र राहुल कुमार ने प्रथम, बीए-एलएलबी, चतुर्थ वर्ष के छात्र अखिलेश यादव द्वितीय एवं बीबीए-एलएल.बी, द्वितीय वर्ष की छात्रा वैष्णवी वार्ष्णेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



स्कूल के फैकल्टी मैम्बर्स डॉ. मनीषा माटोलिया, डॉ. शिखा गुप्ता, एवं डॉ. इला अरोरा निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। इस मौके पर प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. श्याम बिहारी मिश्रा ने बताया कि विद्यार्थियों के विचारों एवं अभिव्यक्ति की क्षमता में विकास करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिससे भविष्य में विद्यार्थियों को अदालत में अपने वादों की जिरह के दौरान अपने पक्ष को मजबूती से रखने का कौशल प्राप्त होगा।

साथ ही उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि एक कुशल अधिवक्ता को समस्त आवश्यक तथ्यों सहित सुव्यवस्थित ढंग से अपना वक्तव्य रखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के फैकल्टी मैम्बर सुश्री ऊर्जा अरिवान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता की आयोजन सचिव सुश्री कल्पना शर्मा द्वारा सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान विधि विभाग के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं समेत कुल 80 से अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन के बापू सभागार में सीएम डैशबोर्ड एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा की गई, जिसमें विद्यालयों द्वारा फार्म जमा न करने एवं छात्रों के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि विद्यालयों में जाकर जांच करें और छात्रों के फार्म जमा कराकर योजना से लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। जनपद में फैमिली आईडी बनाने के लिए विभागवार निर्धारित लक्ष्य की समीक्षा के दौरान संबंधित विभागों की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और कहा कि फैमिली आईडी कार्य में तेजी लाएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित करा दिए जाएं साथ ही उन्होंने गौशालाओं में हरे चारे की उपलब्धता, गौवंश में टीकाकरण तथा




जल भराव की समस्याओं के समाधान को लेकर भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी नियमित रूप से गौशालाओं का भ्रमण करते रहें और डाक्टर की भी उपलब्धता बनी रहें।

श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि श्रम विभाग के अधिकारी योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराएं तथा पात्रता के आधार पर अधिकतम लोगों को योजना से लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि कन्या विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत पात्रों को चिन्हित करके लाभान्वित किया जायें। बैठक में जिलाधिकारी ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम, आईसीडीएस, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पारिवारिक लाभ योजना, गन्ना मूल्य भुगतान, भवन निर्माण, सड़क निर्माण आदि के बारे में भी विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्रीमती संगीता गौतम, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कुलदीप सिंह के साथ साथ जिला विकास अधिकारी, डीएफओ, एलडीएम, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 14 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# चर्चाओं में ट्रेड डील

शुक्रवार को संसद सत्र की कार्रवाई 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई है। 13 दिनों तक चली लोकसभा व राज्यसभा की कार्रवाई अधिक समय तक बाधित ही रही और बजट सत्र का 13वां दिन भी अन्य दिनों से इतर नहीं रहा और लोकसभा व राज्यसभा की कार्रवाई पूरे दिन नहीं चल पाई। लोकसभा की कार्रवाई जहां करीब दस मिनट तक चल पाई तो वहीं राज्यसभा की कार्रवाई दो घंटे तक चल पाई। वैसे भी अब लोग यह देखने के लिए आदि हो चले हैं। अब संसद में चर्चाएं कम, शोर-शराबा अधिक होता है और इस प्रवृत्ति में कोई कमी आती दिखाई नहीं दे रही है। यह भी समझना मुश्किल है कि आखिर हमारे माननीय चर्चाओं से क्यों बचते हैं। सरकार अपने कार्यों का बखान करती नहीं थकती और विपक्षी दलों को चूका हुआ बताती है। वहीं विपक्षी दल सत्ता पक्ष पर जनहित कार्यों से मुंह मोड़ने का आरोप लगाते रहते हैं। जब ये दोनों बातें अगर सही हैं तो फिर चर्चाओं से क्या भागना। माना कि चर्चा संसद में कार्रवाई सुचारू रूप से चले, इसकी जिम्मेदारी दोनों पक्षों की होती है, लेकिन सरकार को यह मानना ही पड़ेगा कि यह जिम्मेदारी उसके हिस्से में ज्यादा आती है। अमेरिका के साथ जो ट्रेड डील हुई है, निश्चित रूप से वह बेहद महत्वपूर्ण समझौता है और सरकार उसकी तारीफ भी कर रही है और बता रही है कि इस समझौते से देश में रोजगार के द्वार खुलेंगे, विशेषकर किसानों को बहुत फायदा होगा, जबकि विपक्ष ऐसा नहीं मानता। सबसे बड़ी बात यह है कि किसान भी ऐसा नहीं मानते। इस ट्रेड डील को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच संसद व संसद से बाहर भी तकरार जारी है। शुक्रवार को भी दो बयान सामने आए हैं। इसमें एक बयान केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का है, जो अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौते को किसानों के हित में बता रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर किसानों को गुमराह करने का आरोप भी लगाया। गोयल के अनुसार अमेरिका से समझौता देश के किसानों को फायदा देगा। खेती के सामान का ज्यादा निर्यात होगा और उत्पादों की मांग बढ़ेगी, जिससे किसानों में ज्यादा खुशहाली आएगी। तो वहीं लोकसभा के परिसर में किसान संगठनों के अनेक नेताओं ने राहुल गांधी से बात की। बताया जा रहा है कि बातचीत में भारत अमेरिका अंतिम व्यापार समझौते के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने पर चर्चा हुई। किसान नेताओं का कहना था कि मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे उगाने वाले किसानों की रोजी रोटी पर इससे प्रभाव पड़ेगा। बड़ी बात यह है कि अभी तक सरकार की तरफ से भी यह स्पष्ट रूप से सामने नहीं आया कि वास्तव में यह डील किस तरह हुई है। केवल प्रशंसा ही सामने आ रही है। जाहिर है इससे भ्रम की स्थिति बनेगी, जोकि बन भी रही है और लगता है कि यह ट्रेड डील भारतीय राजनीति में काफी उथल पुथल मचाएगी।

## चंद हाथों की जागीर बन चुका था कानून



आज नई परिभाषा के साथ उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है, 2017 से पहले सत्ता के संरक्षण में गुंडे और माफिया पनप रहे थे, अपराधी, अपराधी होता है, हमारी सरकार ने पहले दिन जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई थी और आज भी उसी पर कायम है, पहले कानून चंद हाथों की जागीर बन चुका था, कर्फ्यू और दंगे आम बात थे तथा पर्व-त्योहार आशंका के पर्याय बन गए थे, पहले पुलिस का मनोबल टूटा हुआ था, न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी, आज यूपी उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है, 2017 के बाद से प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ और आज भय नहीं, आस्था का वातावरण है, महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है, 2 लाख से अधिक पुलिस भर्तियों में 20 प्रतिशत महिलाओं को स्थान दिया गया है।

-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र

# नई प्रजातियों की खोज समुद्र विज्ञान की दुनिया में एक नई उपलब्धि



एम. इमरान

हाल के वर्षों में समुद्र विज्ञान की दुनिया में एक अद्भुत उपलब्धि सामने आई है, जब प्रशांत महासागर की गहराइयों का अन्वेषण कर रहे शोधकर्ताओं ने लगभग 800 नई प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया। यह खोज केवल वैज्ञानिक उपलब्धि भर नहीं है, बल्कि पृथ्वी पर जीवन की विविधता और उसकी जटिलता को समझने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम भी है। पृथ्वी की सतह का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से आच्छादित है और इसका अधिकांश हिस्सा महासागरों से बना है। इनमें भी प्रशांत महासागर, जो विश्व का सबसे बड़ा और सबसे गहरा महासागर है, अपनी रहस्यमई गहराइयों के कारण लंबे समय से वैज्ञानिकों को आकर्षित करता रहा है। अब जब आधुनिक तकनीक, गहरे समुद्र में उतरने वाले स्वचालित यंत्र और उन्नत कैमरों की सहायता से इन गहराइयों तक पहुंचना संभव हुआ है, तब समुद्री जीवन के अनदेखे संसार की परतें खुलनी शुरू हुई हैं।

प्रशांत महासागर की गहराइयों में स्थित समुद्री तल, जिसे सीबेड कहा जाता है, अत्यंत कठोर और चुनौतीपूर्ण वातावरण प्रस्तुत करता है। यहां सूर्य का प्रकाश नहीं पहुंचता, तापमान अत्यंत कम होता है और जल का दबाव इतना अधिक होता है कि सामान्य जीवों का वहां जीवित रह पाना लगभग असंभव प्रतीत होता है। फिर भी जीवन ने इन विषम परिस्थितियों में भी अपने लिए स्थान बना लिया है। शोधकर्ताओं ने जिन 800 नई प्रजातियों को दर्ज किया है, उनमें विभिन्न प्रकार के स्पंज, कोरल, केंचुए जैसे जीव, अजीब आकार की मछलियां, सूक्ष्म जीव, समुद्री तारे, झींगा और कई प्रकार के अकशेरुकी जीव शामिल हैं। इन जीवों की बनावट, रंग और व्यवहार इतने अनोखे हैं कि वे मानो किसी दूसरे ग्रह से आए हुए प्रतीत होते हैं।

यह खोज मुख्य रूप से गहरे समुद्र में खनिज संसाधनों की संभावित खोज के दौरान किए गए सर्वेक्षणों के माध्यम से सामने आई। जब वैज्ञानिकों ने समुद्री तल का मानचित्रण करना प्रारंभ किया, तब उन्हें वहां जीवन की अप्रत्याशित विविधता देखने को मिली। इन अभियानों में स्वचालित पनडुब्बियों, रोबोटिक आर्म से युक्त रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल्स और उच्च-रिजॉल्यूशन कैमरों का उपयोग किया गया। इन उपकरणों ने हजारों मीटर की गहराई में जाकर तस्वीरें और नमूने एकत्र किए। बाद में प्रयोगशालाओं में इन नमूनों का विश्लेषण कर यह पाया गया कि इनमें से सैकड़ों जीव विज्ञान के लिए पूर्णत: नए हैं।




नई प्रजातियों की खोज का महत्व केवल इस बात में नहीं है कि हमने पृथ्वी पर जीवन के नए रूप देखे हैं, बल्कि इस तथ्य में भी है कि ए प्रजातियां समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। गहरे समुद्र के जीव कार्बन चक्र, पोषक तत्वों के पुनर्चक्रण और समुद्री खाद्य श्रंखला में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। यदि इन क्षेत्रों में बिना पर्याप्त अध्ययन के खनन या अन्य औद्योगिक गतिविधियां आरंभ की जाती हैं, तो इससे इन नाजुक पारिस्थितिक तंत्रों को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है। इसीलिए वैज्ञानिक समुदाय अब यह आग्रह कर रहा है कि गहरे समुद्र में किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि से पहले व्यापक पर्यावरणीय आकलन किया जाए।

इन खोजों ने यह भी सिद्ध किया है कि पृथ्वी पर जैव विविधता का एक विशाल हिस्सा अभी भी हमारे ज्ञान से परे है। वैज्ञानिक अनुमान लगाते हैं कि समुद्र की गहराइयों में लाखों प्रजातियां ऐसी हो सकती हैं, जिनका अभी तक कोई रिकॉर्ड नहीं है। प्रशांत महासागर के समुद्री तल पर पाए गए जीवों की अनुकूलन क्षमता अद्भुत है। कुछ जीवों के शरीर पारदर्शी हैं, ताकि वे अंधेरे में छिपे रह सकें। कुछ के शरीर पर ऐसे रासायनिक यौगिक होते हैं, जो उन्हें अत्यधिक दबाव और कम तापमान में जीवित रहने में सहायता करते हैं। कई जीव जैव-दीप्ति का उपयोग करते हैं, जिससे वे स्वयं प्रकाश उत्पन्न कर सकते हैं। यह प्रकाश उन्हें शिकार आकर्षित करने, साथी को पहचानने या शत्रुओं से बचने में मदद करता है।

समुद्री तल पर पाए गए नए कोरल और स्पंज की प्रजातियां विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। कोरल संरचनाएं समुद्री जीवन के लिए आश्रय स्थल का कार्य करती हैं। हालांकि अधिकांश लोग कोरल को उथले जल में पनपते हुए देखते हैं, परंतु गहरे समुद्र में भी ठंडे पानी के कोरल पाए जाते हैं, जो हजारों वर्षों तक जीवित रह सकते हैं। ए कोरल संरचनाएं अत्यंत धीमी गति से बढ़ती हैं, इसलिए यदि इन्हें कोई क्षति पहुंचती है तो उनका पुनर्निर्माण बहुत लंबा समय लेता है। नई प्रजातियों की खोज ने यह स्पष्ट किया है कि गहरे समुद्र का पारिस्थितिकी तंत्र उतना ही समृद्ध और जटिल है जितना कि स्थल पर स्थित वर्षावन। इस खोज का एक महत्वपूर्ण पहलू औषधीय अनुसंधान से भी जुड़ा है। समुद्री जीवों में पाए जाने वाले रासायनिक यौगिक कई बार औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। पहले भी समुद्री स्पंज और अन्य जीवों से कैंसर रोधी तथा संक्रमण-रोधी दवाओं के लिए प्रेरणा मिली है। अब जब सैकड़ों नई प्रजातियां सामने आई हैं, तो संभावना है कि इनमें से कुछ भविष्य की दवाओं के विकास में सहायक सिद्ध हों। इस प्रकार समुद्री जैव विविधता का संरक्षण मानव स्वास्थ्य के लिए भी अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण है।

वैज्ञानिकों ने यह भी रेखांकित किया है कि समुद्र की गहराइयों का अध्ययन जलवायु परिवर्तन को समझने में सहायक हो सकता है। समुद्री तल पर जमा अवसाद और वहां रहने वाले सूक्ष्म जीव पृथ्वी के जलवायु इतिहास का रिकॉर्ड संजोए रखते हैं। इनके अध्ययन से यह जाना जा सकता है कि अतीत में पृथ्वी का तापमान कैसे बदलता रहा और समुद्री जीवन ने उन परिवर्तनों के साथ कैसे अनुकूलन किया। यह ज्ञान भविष्य में संभावित जलवायु परिवर्तनों की भविष्यवाणी करने में सहायक हो सकता है। प्रशांत महासागर के समुद्री तल की यह खोज हमें यह भी याद दिलाती है कि मानव ज्ञान अभी भी सीमित है। अंतरिक्ष की खोज जितनी रोमांचक है, उतनी ही रहस्यमई हमारे अपने ग्रह की गहराइयां भी हैं।

समुद्र की अंधेरी, ठंडी और उच्च-दबाव वाली दुनिया में जीवन की इतनी विविधता का मिलना इस बात का प्रमाण है कि प्रकृति कितनी सृजनशील और अनुकूलनशील है। यह खोज वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं और आम जनता सभी के लिए एक संदेश है कि हमें महासागरों के संरक्षण को प्राथमिकता देनी चाहिए। आज जब विश्वभर में समुद्री संसाधनों के दोहन की होड़ लगी हुई है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि हम विकास और संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करें। यदि गहरे समुद्र में खनन की अनुमति दी जाती है, तो उससे पहले वहां के जैव विविधता का विस्तृत अध्ययन और संरक्षण रणनीतियों का निर्माण अनिवार्य होना चाहिए। लगभग 800 नई प्रजातियों का दस्तावेजीकरण इस दिशा में पहला कदम है, परंतु यह यात्रा अभी लंबी है। आने वाले वर्षों में और भी अनगिनत खोजें सामने आ सकती हैं, जो हमें जीवन के मूलभूत प्रश्नों के उत्तर खो. जने में सहायता करेंगी। अंतत: प्रशांत महासागर की गहराइयों में हुई यह खोज मानव जिज्ञासा और वैज्ञानिक समर्पण का परिणाम है। यह हमें सिखाती है कि चाहे परिस्थितियां कितनी भी प्रतिकूल क्यों न हों, जीवन अपना रास्ता खोज लेता है। यह खोज न केवल विज्ञान की जीत है, बल्कि प्रकृति की अदम्य शक्ति और विविधता का उत्सव भी है। महासागरों के संरक्षण और सतत उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने में यह उपलब्धि एक मील का पत्थर सिद्ध हो सकती है, और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत भी बनेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इनसेक्ट्स के लिए घातक हर वक्त रोशनी

**कीटों का प्रकाश की ओर आकर्षण अब तक एक रहस्य है किंतु हमें समझना होगा कि कीट-पतंगे मिट्टी को उपजाऊ बनाने में, परागण में व खाद्य उद्योग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मल एवं लाशों का सफाया करने में भी कीटों का बड़ा योगदान है। हम कई मामलों में इनकी 9 लाख प्रजातियों पर निर्भर हैं। इसलिए इन्हें बचाने के लिए हमें कृत्रिम प्रकाश का उपयोग कम करके अन्य विकल्प खोजने होंगे।**

जंतु जगत के संघ आर्थोपोडा के वर्ग इंसेक्टा में विचित्र प्रकार के कीट शामिल हैं और उनके क्रियाकलाप भी विचित्र होते हैं। इसलिए इन कीटों का अध्ययन, शोध और इनके रहस्यमय जीवन की जानकारियां पाना अत्यधिक रूचिकर व मजेदार होता है। सामान्यत: जंतु और पौधे प्रकाश के प्रति प्रतिक्रिया देते हैं। पौधों में प्रकाशानुवर्तन और गुरुत्वानुवर्तन के गुण विद्यमान हैं। कीटों में भी प्रकाशानुवर्तन होता है। प्रकाशानुवर्तन में कीट प्रकाश स्रोत की ओर गमन करते हैं। यह प्रवृत्ति धनात्मक प्रकाशानुवर्तन कहलाती है। कीटों का प्रकाश के प्रति आकर्षण भिन्न-भिन्न होता है। कॉकरोच Periplaneta americana रोशनी से दूर अंधेरे की तरफ भागते हैं। इस प्रवृत्ति को ऋणात्मक प्रकाशानुवर्तन कहते हैं। कई कीट-पतंगे प्रकाश स्रोत से आकर्षित होकर इनके करीब आते हैं। उदाहरण के लिए, बारिश के मौसम में जलते हुए बल्ब के चारों तरफ हमें ढेरों कीट-पतंगों के झुंड देखने को मिलते हैं। कीट-पतंगे रोशनी के स्रोत के इर्द-गिर्द भिनभिनाते रहते हैं और अंत में प्रकाश स्रोत से टकराकर उसकी गर्मी से मर जाते हैं।

वैज्ञानिकों ने इनकी इस प्रवृत्ति पर कई शोध किए हैं और तर्क, अवधारणाएं व सिद्धांत दिए हैं किंतु पूरी तरह से सटीक रूप से आज भी इसका जवाब विवादास्पद है। बायोलोजिकल कंजर्वेशन में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार 30 में से 10 कीट बल्ब को चांद समझकर रात भर बल्ब के चक्कर लगाते हैं व सुबह तक मर जाते हैं। एक प्रसिद्ध परिकल्पना के अनुसार जब पूर्व में कृत्रिम प्रकाश स्रोत नहीं थे, तब कीट पतंगे



चांद का अनुगमन किया करते होंगे ताकि वे अपनी दिशा का निर्धारण कर सकें। चूंकि चांद से इनकी दूरी बहुत अधिक है इसलिए इनके द्वारा गति करने पर बनाया गया कोण हमेशा ही एक समान बना रहेगा, लेकिन अब कृत्रिम प्रकाश स्रोत के होने से उन्हें यह आभास होने लगा कि चांद धरती पर आ गया है। इस परिकल्पना के मुताबिक वे अपने और कृत्रिम प्रकाश स्रोत (जिसे वे चांद समझ रहे हैं) के बीच समान कोण बनाए रखना चाहते हैं, किंतु प्रकाश स्रोत करीब होने से ऐसा संभव नहीं हो पाता और वे उसी से टकराकर मर जाते हैं। वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि केवल नर कीट ही प्रकाश की ओर आकर्षित होते हैं जबकि मादा नहीं। ज्ञात हुआ है कि नर कीट-पतंगों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए मादा कीट-पतंगे विशेष प्रकार की गंध छोड़ते हैं। यह गंध वैसी ही होती है जैसी गंध जलते हुए प्रकाश स्रोत से निकलती है। इस कारण से नर कीट को आभास होता है कि वहां कोई मादा है और वह उसकी खोज में प्रकाश के करीब पहुंच जाते हैं एवं प्रकाश स्रोत से टकराकर मर जाते हैं। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार 60 प्रतिशत कीटों को कृत्रिम प्रकाश में दिखना भी बंद हो जाता है। ऐसा भी माना जाता है कि कीट-पतंगे रोशनी के संपर्क में आने के बाद जब उससे दूर होते हैं तब इन्हें करीब आधे घंटे तक कुछ भी दिखाई नहीं देता है। इस वजह से अंधेपन से बचने के लिए वे प्रकाश स्रोत के चारों ओर मंडराते रहते हैं। जब अचानक से ये स्रोत के बहुत करीब पहुंचकर उससे टकराते हैं तब उसकी गर्मी से इनकी मौत हो जाती है। परीक्षणों द्वारा यह भी पता चला है कि कुछ मादा पतंगे अपने शरीर से अवरक्त प्रकाश (इंफ्रारेड) उत्पन्न करती हैं जिससे नर पतंगे आकर्षित होते हैं। ठीक उसी तरह का अवरक्त प्रकाश आग या जलती हुई चीजों से उत्पन्न होता है जिससे नर पतंगे आकर्षित होते हैं। यही कारण है की कीट-पतंगे प्रकाश स्रोत के आसपास मंडराते रहते हैं। एक अनुमान के मुताबिक जर्मनी में गाड़ियों की हेडलाइट से सालाना करीब 120 करोड़ से ज्यादा कीट मारे जाते हैं। रात में कीट सफेद व पीले रंग के कपड़ों में चिपकने लगते हैं क्योंकि इन्हें पराबैंगनी प्रकाश और कम तरंग दैर्घ्य के रंग अत्यधिक आकर्षित करते हैं। इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि यह प्रकाश के प्रति अत्यधिक संवेदी होते हैं। स्पष्ट है कि अब तक कीटों के प्रकाश के प्रति आकर्षण के बारे में वैज्ञानिकों द्वारा कोई ठोस व एकमेव सिद्धांत नहीं दिया गया है। ...साभार

# वर्ल्ड रेडियो डे : एक दौर था जब रेडियो का हर कोई दीवाना था



राधा नामदेव

राधा नामदेव के नाम से मुझे रेडियो से पहचान मिली है और मैं एक व्यवसाई महिला हूं और रेडियो मेरा जीवन साथी 1985 से मैं 8 साल की उम्र से रेडियो सुनती आ रही हूं या यूं कहें मेरी जिंदगी में एक अहम भूमिका रेडियो ने निभाई है। विश्व रेडियो दिवस के विषय में बहुत लिखने का मन है, रेडियो दिवस की अधिकारिक घोषणा 2011 में की गई थी और 2012में 13 फरवरी को पहली बार विश्व रेडियो दिवस मनाया गया, तब से हम रेडियो प्रेमी हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाते आ रहे हैं, रेडियो दिवस हमारे लिए किसी त्यौहार से कम नहीं है।

रेडियो का हमारे जीवन में बहुत बड़ा योगदान है हम सभी रेडियो प्रेमी एक परिवार की तरह रहते हैं। रेडियो 90के दशकों में जितना दुर्लभ था। आज के टाइम में उतना ही आसान है। वो वक्त था जब हम रेडियो सिर्फ घर में ही सुन सकते थे आज के टाइम में हम रेडियो हर वक्त अपनी जेब में रखते हैं और कोई प्रोग्राम नहीं छूटता। बड़ा ही सरल है आज के टाइम में



रेडियो सुनना महत्वपूर्ण जानकारियां, समाचार गीत संगीत का एक ऐसा भंडार जो आज भी लोगों के दिलों पर राज करता है। एक बार फिर से विश्व रेडियो दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

## सितारों ने रूपहले पर्दे पर दी रेडियो को आवाज



**मुंबई।** बॉलीवुड के कई सितारों ने रूपहले पर्दे पर रेडियो को आवाज़ दी है। हर साल 13 फरवरी को वर्ल्ड रेडियो डे मनाया जाता है। रेडियो आज भी ऐसा माध्यम है जो दूरियों को मिटाता है, लोगों को जोड़ता है और भावनाओं को आवाज़ देता है। पॉडकास्ट और डिजिटल प्लेटफॉर्म से बहुत पहले, रेडियो ही बातचीत, संगीत और खबरों का सबसे भरोसेमंद ज़रिया था। बॉलीवुड ने रेडियो को हमेशा सिर्फ़ एक पेशे के रूप में नही, बल्कि लोगों को जोड़ने वाले एक भावनात्मक सहारे के रूप में दिखाया है। सिर्फ यही नही, हिदी फिल्मों ने रेडियो के इस असर को कई यादगार किरदारों के ज़रिए भी दिखाया है। सलाम नमस्ते 2005 में प्रीति जिंटा ने रेडियो जॉकी अम्बर एम्बी मल्होत्रा का किरदार निभाया था। यह किरदार आत्मनिर्भर, बेबाक और मॉडर्न था। उस समय जब एफएम रेडियो युवाओं में लोकप्रिय हो रहा था, एम्बी ने दिखाया कि आरजे सिर्फ़ गाने नहीं बजाते, बल्कि श्रोताओं के दोस्त भी होते हैं। लगे रहो मुन्नाभाई 2006 में विद्या बालन यानी जान्हवी एक रेडियो शो होस्ट थी, जो अपने शो के ज़रिए गांधीजी के विचार आम लोगों तक पहुंचाती हैं। इस फिल्म ने दिखाया था कि रेडियो कैसे समाज में सकारात्मक सोच और बदलाव ला सकता है। लगे रहो मुन्नाभाई में संजय दत्त का किरदार रेडियो जॉकी नहीं था, लेकिन रेडियो की भूमिका कहानी में बहुत अहम थी। रेडियो के ज़रिए गांधीगिरी लोगों तक पहुंची और यह साबित हुआ कि यह माध्यम किसी की भी सोच को प्रभावित करने की जबरदस्त ताक़त रखता है। गुजारिश 2010 ऋतिक रोशन ने ईथन मैस्करेनहास का किरदार निभाया था, जो हादसे के बाद रेडियो जॉकी बन जाता है। उनका लेट-नाइट शो भावनाओं और शायरी से भरा होता है। यह किरदार दिखाता है कि रेडियो आवाज़ के ज़रिए दिलों से कैसे जुड़ता है। तुम्हारी सुलु 2017 में विद्या बालन एक साधारण गृहिणी सुलु के रूप में नज़र आती हैं, जो लेट-नाइट रेडियो जॉकी बन जाती है। उनका किरदार रेडियो की सादगी और अपनापन दिखाता है, जहां श्रोता खुलकर अपनी बातें साझा करते हैं।




नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के दौरान प्रदर्शन करते कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा व अन्य विपक्षी सांसद।

## दक्षिण कैरोलिना विश्वविद्यालय में गोलीबारी, दो की मौत, एक घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के दक्षिण कैरोलिना विश्वविद्यालय के परिसर में हुई गोलीबारी की एक घटना में दो लोगों की मौत हो गई और कम से कम एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। 'फॉक्स न्यूज' ने शुक्रवार को यह जानक. ारी साझा की। यह घटना गुरुवार शाम 'ह्यूजाइन सूट्स' छात्र आवासीय परिसर में हुई। घटना के बाद विश्वविद्यालय ने परिसर में 'लॉकडाउन' लागू कर दिया है। दक्षिण कैरोलिना कानून अनुपालन विभाग इस मामले की जांच कर रहा है।

## भारतीय वायुसेना ने थाईलैंड वायु सेना के साथ अभ्यास में साझा किए रणकौशल के गुर

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र में थाईलैंड की वायु सेना रॉयल थाई वायुसेना के साथ तीन दिन तक एक अभ्यास में हिस्सा लिया जिससे दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग सुदृढ़ हुआ और पारस्परिक समझ में वृद्धि हुई। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि 9 से 12 फरवरी तक हुए इस युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास में द्विपक्षीय सहभागिता पर जोर दिया गया। अभ्यास में भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 बहुउद्देश्ईय लड़ाकू विमान और रॉयल थाई वायुसेना के साब ग्रिपेन जेट ने अपने रण कौशल का प्रदर्शन किया। समुद्री क्षेत्र के उपर वायु सेना के विमानों की विस्तारित दूरी की उड़ानों के लिए आईएल-78 आकाश में ईंधन भरने वाले टैंकरों द्वारा सहायता प्रदान की गई।

# इमरान की एक आंख की 85 प्रतिशत रोशनी खत्म

## कोर्ट के ऑर्डर पर हुई जांच, पूर्व पाक पीएम इमरान बोले: प्राइवेट इलाज की इजाजत नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की एक आंख की करीब 85 प्रतिशत रोशनी चली गई है। यह खुलासा पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई जांच में हुआ है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नियुक्त वकील सलमान सफदर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इमरान खान जेल प्रशासन से कई महीनों आंखों में धुंधलापन होने की शिकायत कर रहे थे।

अक्टूबर 2025 तक उनकी नजर सामान्य थी, लेकिन बाद में दाईं आंख की रोशनी अचानक चली गई। जांच के दौरान पिम्स अस्पताल के एक आई एक्सपर्ट को बुलाया गया। डाक्टरों ने पाया कि उनकी आंख में खून का थक्का जम गया था, जिससे गंभीर नुकसान हुआ। इलाज और इंजेक्शन देने के बाद भी उनकी दाईं आंख में अब सिर्फ लगभग 15 प्रतिशत रोशनी बची है। वहीं इमरान का कहना है उन्हें निजी डाक्टर से इलाज कराने की इजाजत नहीं दी गई है। इमरान खान को अगस्त 2023 में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वे तब

**■ अक्टूबर 2025 तक उनकी नजर सामान्य थी लेकिन बाद में दाईं आंख की रोशनी अचानक चली गई**



से जेल में बंद हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर 2023 से इमरान खान को अडियाला जेल में लगातार अलग-थलग रखा गया है। उनके वकील ने मुलाकात के बाद बताया कि वो काफी परेशान और मानसिक रूप से दबाव में नजर आए। 73 साल के इमरान खान ने यह भी कहा कि उन्हें अपने निजी डाक्टरों से इलाज कराने की इजाजत नहीं दी गई। उनका रेगुलर ब्लड टेस्ट भी नहीं हुआ। यहां तक कि दो साल में उन्हें दांतों के डाक्टर के पास भी नहीं ले जाया गया, जबकि उन्होंने कई बार इसकी मांग की थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि उनके परिवार और वकीलों से मिलने पर भी पाबंदियां लगाई गईं। अदालत के आदेश के बावजूद उनकी बहनों को नियमित रूप से मिलने नहीं दिया गया। हालांकि हाल ही में जेल प्रशासन बदलने के बाद अब उन्हें अपनी पत्नी से हफ्ते में एक बार 30 मिनट मिलने की इजाजत मिली है। उनके बेटों कासिम और सुल. ेमान से 2025 में सिर्फ दो बार फोन पर बात करने दी गई। पिछले पांच महीनों से उन्हें अपने मुख्य वकील और कानूनी टीम से भी मिलने नहीं दिया गया। रिपोर्ट के अंत में चेतावनी दी गई है कि अगर तुरंत बेहतर मेडिकल जांच, साथ ही परिवार और वकीलों से मिलने की सुविधा बहाल नहीं की गई, तो उनकी सेहत को और गंभीर खतरा हो सकता है। इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने पिछले महीने बताया था कि इमरान खान की दाहिनी आंख में सेंट्रल रेटिनल वेन आक्लूजन (सीआरवीओ) नाम की बीमारी पाई गई है। पार्टी ने कहा था कि मेडिकल एक्सपर्ट्स की राय में सही इलाज नहीं मिलने पर इमरान की आंखों की रोशनी हमेशा के लिए जा सकती है।

# बांग्लादेश में दो दशक बाद बीएनपी की बड़ी जीत

## बीएनपी + गठबंधन ने 299 में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए 150 के आंकड़े को पार किया

**ढाका।** बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। प्रथोम ओलो के मुताबिक बीएनपी+गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 297 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 77 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है।

तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। तारिक रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेरे भाई तारिक, उनकी टीम और बाकी सभी को बधाई। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही प्रधानमंत्री बनती रहीं। बांग्लादेश चुनाव में कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी बुरी तरह हारी है। उसके गठबंधन को सिर्फ 70 सीटें मिलीं हैं। शेख हसीना की सरकार

**■ जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक की गणना में 77 सीटें मिली हैं**

**■ हिंदू वोट बीएनपी को मिले बीएनपी ने मोदी को धन्यवाद कहा रिश्ते मजबूत करने की उम्मीद जताई**



गिराने वाले स्टूडेंट्स की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी यानी एनसीपी को भी बांग्लादेशियों ने नकार दिया। पूर्व पीएम शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के वोट खासकर हिंदू वोटर बीएनपी में शिफ्ट हो गए। बीएनपी को अवामी लीग के गढ़ रहे गोपालगंज के अलावा खुलना, सिलहट, चटगांव, ठाकुरगंज में जीत मिली है।

जमात का अतीत आड़े आ गया, लोगों को याद रहा कि उसने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम का विरोध किया था। जमात इस दाग को नहीं धो पाई। स्टूडेंट्स की नेशनल सिटीजन पार्टी को आपसी फूट और जमात से गठबंधन करना भारी पड़ा। उन्हें लोगों ने पूरी तरह खारिज कर दिया। बांग्लादेश में वोटिंग के दौरान कई जगहों पर झड़पें भी हुई। खुलना में एक वोटिंग सेंटर के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत हो गई। दूसरी तरफ मुंशीगंज-3 और गोपालगंज सदर इलाके में वोटिंग सेंटर के बाहर देसी बम फेंके गए। गोपालगंज सदर इलाके में धमाके से 3 लोग घायल हो गए थे। बीएनपी ने पीएम मोदी के बधाई पोस्ट का जवाब दिया। बीएनपी के चुनाव प्रबंधन कमिटी के चेयरमैन नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि हम भी मोदी जी का धन्यवाद देते हैं। हमारा मानना है कि तारिक रहमान के नेतृत्व में दोनों देशों के रिश्ते और लोगों के बीच का बंधन और मजबूत होगा। चीन ने बांग्लादेश में हुए सफल और शांतिपूर्ण आम चुनाव की तारीफ की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव ठीक तरह से हुए और बीएनपी को बहुमत मिला है। उन्होंने कहा कि चीन, बांग्लादेश के घरेलू राजनीतिक फैसलों का समर्थन करता है और ढाका के साथ मिलकर चीन-बांग्लादेश रणनीतिक सहयोग साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तैयार है। इससे पहले मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने चीन के साथ रिश्ते मजबूत करने और ज्यादा निवेश लाने की कोशिश की थी। अब बीएनपी की सरकार से भी उम्मीद है कि वह चीन के साथ अच्छे संबंध बनाए रखेगी, क्योंकि चीन बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। देश के इतिहास में चौथे जनमत संग्रह में 60.26 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल 48074429 वोट हां के पक्ष में पड़े, जबकि 22565627 वोट नहीं के पक्ष में पड़े। गुरुवार को 13वें संसदीय चुनाव के साथ आयोजित जनमत संग्रह में कुल 70640056 लोगों ने मतदान किया। यह परिणाम जुलाई के राष्ट्रीय चार्टर में शामिल संवैधानिक सुधार के 48 बिंदुओं को लागू करने के लिए जनता की सहमति को दर्शाता है।

### बांग्लादेश के साथ मिलकर काम करने का उत्सुक: शहबाज

**इस्लामाबाद।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को प्रचंड बहुमत मिला है। 300 सीटों में 200 से ज्यादा सीटें जीतकर बीएनपी सत्ता में आ रही है। ऐसे में तारिक रहमान प्रधानमंत्री बनने के लिए तैयार हैं। इस बीच भारत के बाद अब पाकिस्तान ने भी बीएनपी की जीत पर बधाई दी है। पाकिस्तान के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व ने शुक्रवार को बीएनपी और पार्टी नेता तारिक रहमान को संसदीय चुनावों में भारी बहुमत हासिल करने पर बधाई दी। रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने अपने एक बयान में बांग्लादेश की संप्रभुता और लोकतांत्रिक आकांक्षाओं के लिए इस्लामाबाद के समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान व्यापार, रक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और क्षेत्रीय मंचों में सहयोग को मजबूत करने के लिए नई सरकार के साथ काम करने के लिए उत्सुक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ढाका में नया राजनीतिक वातावरण पूरे क्षेत्र में अधिक संतुलित, स्वतंत्र और पारस्परिक रूप से सम्मानजनक जुड़ाव में योगदान देगा। इसी के साथ बांग्लादेश की निरंतर स्थिरता, प्रगति और समृद्धि के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी बीएनपी को 'शानदार जीत' दिलाने पर तारिक रहमान को बधाई भी दी।

## ढाका-3 से अल्पसंख्यक हिंदू नेता गायेश्वर राय जीते

**ढाका।** बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में एक अहम राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ नेता और अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय से आने वाले गायेश्वर चंद्र राय ने ढाका-3 संसदीय सीट पर प्रभावशाली जीत दर्ज की है।

राय ने 99163 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को परा. जित किया। शाहिनुर इस्लाम जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार थे। यह जीत 1971 में स्वतंत्रता के बाद ढाका से चुने गए पहले हिंदू सांसद के रूप में दर्ज की गई है। राय की जीत ऐसे समय में आई है जब देश में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ कथित हमलों

**■ राय ने 99163 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को पराजित किया**

और उत्पीड़न की खबरें सामने आती रही हैं। दिसंबर में कट्टरपंथी युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद कई स्थानों पर तनाव की स्थिति बनी थी। भारत ने भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। ऐसे माहौल में एक हिंदू नेता का राजधानी क्षेत्र से जीतना राजनीतिक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## बदलाव की संभावना का प्रतिनिधित्व करते तारिक रहमान

**नई दिल्ली।** लंदन में 17 साल के स्व-निर्वासन से लौटने के लगभग दो महीने बाद सभी उम्मीदों को धता बताते हुए तारिक रहमान ने बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को एक निर्णायक जीत दिलाई है। इस शानदार जीत में बीएनपी ने दो-तिहाई से अधिक सीटों पर कब्जा किया और अवामी लीग पर लगे विवादास्पद प्रतिबंध के बाद बने शून्य को भर दिया। इस जीत ने शासन का कोई पिछला अनुभव न रखने वाले व्यक्ति को 17 करोड़ लोगों के राष्ट्र के प्रमुख के पद पर पहुंचा दिया है। विरासत की राजनीति के अभ्यस्त इस देश में, रहमान का उत्थान अपरिहार्य और असंभव दोनों ही महसूस हुआ। वह जियाउर रहमान के सबसे बड़े बेटे हैं, वही पूर्व सैन्य अधिकारी जिन्होंने 1971 में बंगलादेश की स्वतंत्रता की घोषणा की थी।

## भारत जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पिछड़ने वाला देश नहीं: डा. जितेंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र को नई गति देने के उद्देश्य से एक लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान, विकास और नवाच. ार पहल के तहत दो हजार करोड़ रुपये के बीआईआरएसी-आरडीआई फंड की पहली राष्ट्रीय घोषणा की। डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज यहां इसकी घोषणा करते हुए कहा कि भारत अब जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पिछड़ने वाला देश नहीं, बल्कि वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ चुका है। यह पहल विज्ञान-आधारित विकास की दिशा में भारत के दृष्टिकोण में निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला से उद्योग तक के अंतर को पाटने के लिए यह फंड एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा।

## सोवियत युग के आलोचक राय मेदवेदेव का निधन

**मास्को।** सोवियत युग के प्रमुख आलोचक और लेखक राय मेदवेदेव का शुक्रवार को 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया, इसकी जानकारी रूस के राज्य मीडिया ने दी। मेदवेदेव स्टालिन और बाद के सोवियत नेताओं की नीतियों के आलोचक के रूप में जाने जाते थे।

मेदवेदेव ने सोवियत युनियन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएसयू) द्वारा अपनाई गई मार्क्सवादी नीतियों की आलोचना की। उनके किताब 'लेट हिस्ट्री जज' के पश्चिम में प्रकाशित होने के बाद उन्हें 1969 में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। उनके पिता अलेक्जेंडर, जो रेड आर्मी में कमिसर थे, स्टालिन की शुद्धिकरण नीतियों के दौरान गिरफ्तार हुए और जीयूएलएजी श्रम शिविर में मृत्यु हो गई। मेडवेदेव का नाम उनके पिता ने भारतीय कम्युनिस्ट नेता एम एन राय के नाम पर रखा था। 1960 के दशक में सोवियत बुद्धिजीवियों में उदित हुए सुधारवादी समाजवाद के विचारों को उनके कार्यों में देखा जा सकता है। 1970 में, उन्होंने एंड्रेई सखारोव और अन्य के साथ मिलकर सोवियत नेतृत्व को खुला पत्र लिखा। मेदवेदेव ने अपने जुड़वां भाई झोरेस के साथ मिलकर लिखी किताब 'ए क्वेश्चन आफ मैडनेस' में झोरेस के कालुगा मनोवैज्ञानिक अस्पताल में अनैच्छिक बंदीकरण का वर्णन किया। 1989 में, मिखाइल गोर्बाचेव की पेरिस्ट्रोइका और ग्लासनास्ट सुधारों के दौरान मेदवेदेव ने कम्युनिस्ट पार्टी में फिर से प्रवेश किया।

## मोरक्को सरकार ने बाढ़ प्रभावित चार प्रांतों को आपदा क्षेत्र किया घोषित

**काहिरा।** मोरक्को सरकार ने बाढ़ के कारण देश के उत्तर-पश्चिम में स्थित चार प्रांतों, लाराचे, अल केनित्रा, सिदी कासेम और स्लीमेन को आपदा क्षेत्र घोषित किया है। मोरक्को मीडिया ने सरकार के हवाले से यह जानकारी दी है। हेस्प्रेस अखबार ने गुरुवार को कहा कि मोरक्को सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों के लिए तीन अरब मोरक्कन दिरहम (32.79 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का सहायता कार्यक्रम भी शुरू किया है। मोरक्को के अधिकारियों के अनुसार प्रभावित प्रांतों से लगभग 1.88 लाख निवासियों को निक. ाला गया है। रिपोर्ट के अनुसार बारिश और बाढ़ से 110000 हेक्टेयर से अधिक का क्षेत्र प्रभावित हुआ है।

# चीनी प्रभुत्व को रोकने को मजबूत भारत जरूरी: कपूर

## दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों पर अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री ने संसदीय सुनवाई के दौरान टिप्पणी की

**वाशिंगटन।** दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों पर अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री एस. पॉल कपूर ने घोषणा की है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी प्रभुत्व को रोकने के लिए एक मजबूत और स्वतंत्र भारत जरूरी है।

मंत्री ने संसदीय सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। संसदीय सुनवाई में दक्षिण और मध्य एशिया के रणनीतिक महत्व पर व्यापक सहमति दिखाई दी, हालांकि चीन के बढ़ते प्रभाव और राजनीतिक उथल-पुथल वाले इस क्षेत्र में अमेरिकी हितों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर सांसद गहराई से विभाजित नजर आए। कपूर ने स्पष्ट किया कि अमेरिका भारत को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नीति का उद्देश्य केवल चीन को रोकना नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र में संतुलन और संप्रभुता बनाए रखना है। सुनवाई के दौरान व्यापार, कूटनीति और अफगानिस्तान नीति पर तीखे दलीय मतभेद हावी रहे। सांसदों ने इस पर बहस की कि अमेरिका को चीन के प्रभाव का मुकाबला



**■ सुनवाई के दौरान व्यापार कूटनीति और अफगानिस्तान नीति पर तीखे दलीय मतभेद हावी रहे**

कैसे करना चाहिए और दक्षिण एवं मध्य एशिया में तेजी से बदलते राजनीतिक बदलावों पर क्या प्रतिक्रिया देनी चाहिए। सत्र की शुरुआत करते हुए अध्यक्ष और प्रतिनिधि बिल हुइजेंगा ने कहा कि दक्षिण और मध्य एशिया उपसमिति की कार्यवाही शुरू की जाती है। इस सुनवाई का उद्देश्य दक्षिण मध्य एशिया में अमेरिका की विदेश नीति की जांच करना है। उन्होंने इस क्षेत्र को दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक बताया और कहा कि वहां अमेरिकी रणनीति अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक मजबूती और हमारी वैश्विक उपस्थिति की कुंजी है। हुइजेंगा ने कहा कि दक्षिण और मध्य एशिया लगभग दो अरब लोगों, गतिशील अर्थव्यवस्थाओं और रणनीतिक जलमार्गों का घर है जो भारत-प्रशांत में शक्ति संतुलन को आकार देते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि हमारा जुड़ाव आने वाले दशकों के लिए एशिया में अमेरिका की भूमिका को परिभाषित करेगा। अध्यक्ष ने आगाह किया कि चीन अपनी 'बेल्ट एंड रोड' पहल के माध्यम से अपने सुरक्षा हितों को आगे बढ़ाने के लिए 'दमनकारी ऋण' देता है और छोटे देशों को कर्ज के जाल में फंसाता है।' उन्होंने यह भी कहा कि चीन ने अपनी सैन्य आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करते हुए भारत, नेपाल और भूटान के साथ अपनी सीमाओं को मजबूत किया है।

# ट्रम्प ने दूसरा युद्धपोत पश्चिम एशिया भेजा

## ईरान से तनाव के बीच अमेरिका की बड़ी तैयारी, नए फैसले ने दोनों देशों के बीच कड़वाहट बढ़ाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक नए फैसले ने दोनों देशों के बीच इस कड़वाहट को और ज्यादा बढ़ा दिया है।

दरअसल ट्रम्प ने दुनिया के सबसे बड़े विमानवाहक पोत 'यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड' को कैरेबियन सागर से हटाकर मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) भेजने का आदेश दिया है। यह मिडिल ईस्ट में तैनात होने वाला अमेरिका का दूसरा बड़ा विमानवाहक पोत होगा। इस इलाके में 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' विमानवाहक पोत पहले से ही अपनी मौजूदगी बनाए हुए है। इस खबर को सबसे पहले द



**■ इस इलाके में 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' विमानवाहक पोत पहले से ही अपनी मौजूदगी बनाए हुए है**

न्यूयार्क टाइम्स ने रिपोर्ट किया था। ट्रम्प के इस फैसले के बाद अब मध्य पूर्व के इलाके में अमेरिका के दो बड़े विमानवाहक पोत और उनके साथ चलने वाले वारशिप इस इलाके में पहुंच जाएंगे। ट्रम्प प्रशासन इस कदम के जरिए ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर दबाव बनाना चाहता है। सैन्य गति. विधियों की जानकारी देने वाले व्यक्ति ने अपनी पहचान गुप्त रखने की शर्त पर यह बातें साझा की हैं। यूएसएस अब्राहम लिंकन और तीन मिसाइल वाले विध्वंसक जहाज (डिस्ट्रायर) दो हफ्ते पहले ही मध्य पूर्व पहुंच चुके हैं। यूएसएस फोर्ड के लिए यह एक अचानक बदलाव है। पिछले साल अक्टूबर में ट्रम्प ने इसे भूमध्य सागर से कैरेबियन भेजा था। उस समय वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए वहां बड़ी सैन्य मौजूदगी तैयार की गई थी। यह कदम ट्रम्प की उस सुरक्षा रणनीति से अलग नजर आता है, जिसमें उन्होंने दुनिया के दूसरे हिस्सों के बजाय पश्चिमी गोलार्ध पर ज्यादा ध्यान देने की बात कही थी। इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रम्प ने एक्सियोस को बताया था कि वह मध्य पूर्व में एक और युद्धपोत भेजने के बारे में सोच रहे हैं। फिलहाल व्हाइट हाउस ने इस मामले पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटा, स्वर्ण भंडार में 14.208 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में 14.208 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट के कारण 06 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटकर 717.064 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले, 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 14.361 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 723.774 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 06 फरवरी को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 14.208 अरब डॉलर घटकर 123.476 अरब डॉलर पर आ गया। स्वर्ण भंडार में उतार-चढ़ाव की मुख्य वजह सोने की कीमतों में बदलाव है।

